वर्ष- 12 अंक - 363 लखनऊ,
बुधवार 27 अगस्त, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





खेती-बाड़ी में बढ़ेगा सोशल मीडिया का उपयोग : शाही 03

यूपी में बुजुर्ग की पिटाई का तमाशा देखने वाले 13 पड़ोसी पहुंचे जेल 12


### -: सर्राफा बाजार :-

गोल्ड 24 कैरेट = 1,02,210/10 ग्राम
22 कैरेट = 93,700/10 ग्राम
18 कैरेट = 76,670/10 ग्राम
चांदी = 1,20,000/किग्रा



## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में पांच आईपीएस अधिकारियों का तबादला

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने मंगलवार को पांच आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। पुलिस विभाग की ओर से जारी की गई सूची के मुताबिक, जय नारायण सिंह को एडीजी यूपी पावर कॉरपोरेशन लखनऊ बनाया गया है। इससे पहले वे एडीजी पीटीसी सीतापुर में कार्यरत थे। वहीं यूपी पावर कॉरपोरेशन लखनऊ से कार्यमुक्त करते हुए डीजी एमके बशाल को डीजी होमगार्ड की जिम्मेदारी सौंपी गई है। एडीजी प्रशांत कुमार द्वितीय प्रशासन के साथ-साथ पीएचक्यू का भी अतिरिक्त कार्यभार संभालेंगे। आईजी उपेंद्र अग्रवाल को पीएसी मुख्यालय लखनऊ से हटाकर आईजी अभिसूचना मुख्यालय बनाया गया है। प्रतीक्षारत सतेंद्र कुमार को डीआईजी, पीएसी आगरा का पदभार सौंपा गया है।

### गंगा के जलस्तर में फिर उफान, वरूणा नदी भी उफनाई, तटवर्ती क्षेत्रों में पहुंचा बाढ़ का पानी

**वाराणसी।** पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश का असर अब वाराणसी में भी साफ दिखाई देने लगा है। गंगा नदी, जो बीते कुछ दिनों से शांत थी, एक बार फिर उफान पर है। इसके साथ ही सहायक नदी वरुणा का जलस्तर भी पलट प्रवाह के चलते तेजी से बढ़ रहा है, जिससे तटवर्ती इलाकों में बाढ़ का पानी फैलने लगा है। वरुणा नदी का पानी वरूणा कॉरिडोर को डुबोते हुए बस्ती में प्रवेश कर चुका है। स्थिति को देखते हुए तटवर्ती क्षेत्र के निवासियों में बाढ़ को लेकर चिंता बढ़ गई है। जलस्तर बढ़ने से वाराणसी के प्रमुख घाटों का आपसी संपर्क टूट गया है। हरिश्चंद्र घाट पर गलियों तक पानी पहुंचने से शवदाह की प्रक्रिया भी प्रभावित हो रही है। घाट किनारे स्थित छोटे मंदिर जलमग्न हो गए हैं। गंगा और वरुणा नदी में बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिला प्रशासन ने बाढ़ नियंत्रण कक्ष को सक्रिय कर दिया है। अधिकारियों को सतर्क रहने और तटीय इलाकों पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# युवाओं को न्यूनतम वेतन की गारंटी

- सीएम योगी का बड़ा ऐलान
- सरकार उठाएगी कंपनियों के अतिरिक्त खर्च
- सीएम योगी ने रोजगार महाकुंभ 2025 का किया शुभारंभ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में कार्य करने वाले प्रत्येक युवा को न्यूनतम वेतन की गारंटी दी जाएगी। कोई भी कंपनी या नियुक्ता कर्मचारी का शोषण नहीं कर पाएगा। नियुक्ति देने वाली कंपनियां अपने कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन सुनिश्चित करेंगी, जबकि इसके अतिरिक्त चार्जेज की जिम्मेदारी सरकार उठाएगी। मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि यह व्यवस्था युवाओं को सम्मानजनक रोजगार, नौकरी की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करेगी।




### पलायन से अवसर की ओर बदला यूपी का परिदृश्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि कहा कि आज यूपी की प्रतिभा की मांग देश-दुनिया में हो रही है, और जो प्रदेश कभी रोजगार के लिए पलायन का दंश झेलता था, आज वही रोजगार उपलब्ध करा रहा है। सीएम ने कहा कि कभी पूरा-का-पूरा गांव रोजगार के लिए प्रदेश छोड़कर पलायन करता था, लेकिन आज वही उत्तर प्रदेश अपने भीतर ही रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रहा है। यह परिवर्तन बीते 8 वर्षों में हुए सुनियोजित प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आज यूपी की प्रतिभा की मांग केवल देश में ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में हो रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित तीन दिवसीय रोजगार महाकुंभ 2025 का मंगलवार शुभारंभ किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य बन रहा है, जहां काम करने वाले हर युवा को न्यूनतम मजदूरी और न्यूनतम वेतन की गारंटी सुनिश्चित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने युवाओं को अपार ऊर्जा का स्रोत बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी युवा आबादी इस राज्य के लिए सौभाग्य है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश में एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के जरिए परंपरागत उद्यमों को नई पहचान दी गई है। एमएसएमई सेक्टर में 96 लाख यूनिट पुनर्जीवित हुए हैं। कोरोना काल में जब 40 लाख से अधिक प्रवासी कामगार लौटे, तब इन्हीं एमएसएमई यूनिट्स ने 90 प्रतिशत को रोजगार दिया और वे आज भी उसी व्यवस्था से जुड़े हैं।

### मुख्यमंत्री ने अटल आवासीय विद्यालयों के लिए एकीकृत निगरानी प्रणाली पोर्टल का किया शुभारंभ

सीएम योगी ने मंगलवार को लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित रोजगार महाकुंभ 2025 के अवसर पर अटल आवासीय विद्यालयों के लिए एकीकृत निगरानी प्रणाली का शुभारंभ किया। इस पोर्टल के जरिए प्रदेश के 18 अटल आवासीय विद्यालयों की गतिविधियों की रीयल टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल श्रमिकों के बच्चों को आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण और अनुशासित शिक्षा दिलाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली 18,000 बच्चों को नि:शुल्क लॉजिंग, फीडिंग और आधुनिक शिक्षा प्रदान करने वाले अटल आवासीय विद्यालयों में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी। सीएम ने कहा कि अटल आवासीय विद्यालय बीओसी बोर्ड से जुड़े श्रमिकों के बच्चों के लिए वरदान है। उन्होंने कहा कि श्रमिक अपना पसीना बहाकर दूसरों के लिए घर और स्कूल बनाता था, लेकिन उसका अपना बच्चा पढ़ नहीं पाता था। यह पीड़ा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की थी, जिसे पूरा करने के लिए श्रम और सेवायोजन मंत्रालय ने 18 आवासीय विद्यालय शुरू किए। इन विद्यालयों में उत्तम इंफ्रास्ट्रक्चर और आधुनिक शिक्षा की व्यवस्था है, जो यूपी के किसी अन्य विद्यालय में नहीं है। सीएम योगी ने कहा कि अब उसी तर्ज पर हमने बेसिक एजुकेशन में भी इंटीग्रेटेड कैंपस की एक व्यवस्था प्रारंभ की है। पहले चरण में 57 मुख्यमंत्री अभ्युदय और कंपोजिट विद्यालयों की स्थापना का कार्य हमने प्रारंभ कर दिया है। यह डे स्कूल होंगे जहां बच्चों को आधुनिक शिक्षा प्राप्त होगी।

# दुनिया में चलेगी मेड इन इंडिया लिखी ईवी : मोदी

- प्रधानमंत्री ने किया सुजुकी के पहले वैश्विक इलेक्ट्रिक वाहन 'ई-विटारा' का लोकार्पण, 100 से अधिक देशों में होगा निर्यात

**एजेंसी, अहमदाबाद।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत में निर्मित इलेक्ट्रिक वाहन 100 देशों में निर्यात किये जायेंगे, साथ ही देश में हाइब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोड उत्पादन भी शुरू होगा।

श्री मोदी ने गुजरात में अहमदाबाद जिले के हांसलपुर में सुजुकी की 'ई-विटारा' इलेक्ट्रिक कार का अनावरण, ग्रीन मोबिलिटी पहल का उद्घाटन किया और कहा कि गणेशोत्सव की उत्सव भावना के बीच मेक इन इंडिया यात्रा में एक नया अध्याय जुड़ रहा है। आज से भारत में निर्मित इलेक्ट्रिक वाहन 100 देशों में निर्यात किये जायेंगे। साथ ही घोषणा की कि देश में हाइब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोड उत्पादन भी शुरू होगा। प्रधानमंत्री ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि गणेश चतुर्थी के उत्सव के बीच, भारत की 'मेक इन इंडिया' यात्रा में एक नया अध्याय जुड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' के साझा लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग है। श्री मोदी ने कहा कि आज का दिन भारत और जापान की मैत्री को एक नया आयाम देता है, उन्होंने भारत, जापान और सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन से जुड़े सभी लोगों को बधाई दी।

# वैष्णो देवी मार्ग पर भूस्खलन में दस लोगों की मौत

**एजेंसी, जम्मू।**



मंगलवार को जम्मू संभाग में नदियां उफान पर आ गईं, तेज़ पानी ने अपने रास्ते में आने वाली हर चीज़ को तहस-नहस कर दिया और पेड़ तथा चट्टानें ढलानों से नीचे गिर गईं, जिससे कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई, जिनमें वैष्णो देवी मार्ग पर भूस्खलन की चपेट में आए छह तीर्थयात्री भी शामिल हैं।

**जम्मू संभाग में बारिश से तबाही**

लगातार भारी बारिश ने न केवल जम्मू में तबाही मचाई बल्कि अचानक बाढ़, भूस्खलन हुआ और वैष्णो देवी मंदिर की तीर्थयात्रा स्थगित कर दी गई। इसके अलावा कश्मीर घाटी में भी तबाही मची। भारी बारिश के चलते पुल ढहने और मोबाइल टावरों तथा बिजली के खंभों के टहनियों की तरह टूटने से बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों ने बताया कि केंद्र शासित प्रदेश के बड़े हिस्से में दूरसंचार सेवाएँ ठप हो गईं हैं जिससे लाखों लोग संचार से कट गए और समस्याएँ बढ़ गईं। उन्होंने बताया कि जम्मू-श्रीनगर और किश्तवाड़-डोडा राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात स्थगित कर दिया गया और दर्जनों पहाड़ी सड़कें भूस्खलन या अचानक बाढ़ के कारण अवरुद्ध या क्षतिग्रस्त हो गईं। जम्मू आने-जाने वाली कई ट्रेनें रद्द कर दी गईं।

# राष्ट्रपति ने गणेश चतुर्थी की पूर्व संध्या पर दी देशवासियों को शुभकामनाएं

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को गणेश चतुर्थी की पूर्व संध्या पर देश और विदेश में बसे सभी भारतीयों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि यह पर्व पूरे देश में बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। भगवान श्री गणेश को ज्ञान और कल्याण का प्रतीक मानकर उनकी पूजा की जाती है। हम सब उनके आशीर्वाद से नई शुरुआत और विघ्नों के निवारण की कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें नए लक्ष्यों के साथ सकारात्मक भाव से आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। राष्ट्रपति ने लोगों से आह्वान किया कि गणेश चतुर्थी का उत्सव पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ मनाएं और स्वच्छ, हरित एवं समृद्ध भारत के निर्माण में योगदान दें।



### ईडी ने 5,590 करोड़ रुपये के कथित अस्पताल निर्माण घोटाले में आप पर कसा शिकंजा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में 24 अस्पतालों के निर्माण से जुड़े 5,590 करोड़ रुपये के धनशोधन मामले में आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज के घर समेत 13 स्थानों पर तलाशी अभियान चला रहा है। ईडी सूत्रों ने कहा कि फिलहाल तेरह स्थानों पर तलाशी चल रही है। धन शोधन निवारण (पीएमएलए) मामला 2018-19 में हुए कथित दिल्ली अस्पताल निर्माण से जुड़ा हुआ है। उल्लेखनीय है कि निर्माण में देरी होने के कारण अस्पतालों की लागत बढ़ गई। 2018-19 में आप सरकार ने अस्पतालों के निर्माण को मंजूरी प्रदान की थी हालांकि परियोजनाएं समय पर पूरी नहीं हो सकी। ईडी की छापेमारी भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी पर आधारित है।

# मतदाता सूची में दो पाकिस्तानी महिलाओं का नाम गृह मंत्रालय ने दिया नाम हटाने का आदेश

**एजेंसी, भागलपुर।**

बिहार के भागलपुर जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के दौरान दो पाकिस्तानी महिलाओं के नाम वोटर लिस्ट में पाए गए। गृह मंत्रालय और चुनाव आयोग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उनके नाम मतदाता सूची से हटा दिए जाने का आदेश दिया है। उल्लेखनीय है कि ये न केवल अवैध तरीके से मतदाता बने थे, बल्कि इनके पास आधार कार्ड और वोटर आईडी जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज भी मौजूद थे।

इन महिलाओं ने कई बार मतदान भी किया था। भागलपुर जिला प्रशासन ने बीएलओ के माध्यम से फार्म 7 भरकर इन महिलाओं के नाम मतदाता सूची से हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मामला सामने आने के बाद चुनाव आयोग और गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन से रिपोर्ट मांगी है और मामले की गहन जांच का आदेश दिया है। इस दौरान यह जांच की जाएगी कि यह किस प्रकार संभव हुआ कि विदेशी नागरिक भारतीय मतदाता सूची में शामिल हो गए।



इन पाकिस्तानी महिलाओं के पास आधार कार्ड और वोटर आईडी कार्ड जैसे दस्तावेज भी थे। इस बात की जांच की जा रही है कि उनके पास ये दस्तावेज कैसे पहुंचे और इस धोखाधड़ी के पीछे कौन लोग जिम्मेदार हैं। जिला प्रशासन की जांच में पाया गया कि इमराना खानम उर्फ इमराना खातून पाकिस्तानी महिला है। पूरे देश में इस पर हंगामा मचा है, सवाल उठ रहे हैं कि कैसे कोई पाकिस्तानी भारत में वोट दे रही है, सरकारी नौकरी कर रही है। बीते सोमवार को भी स्पेशल ब्रांच और इशाकचक थाना की पुलिस उस स्कूल में इमराना को तलाशने पहुंची जहां वह पढ़ाती थी। वहीं पत्रकारों को सोमवार को भागलपुर के इशाकचक में इमराना घर में मिलीं।




## खबरें एक नजर में

### गणेश चतुर्थी आज, घर-घर और पंडालों में गूंजेंगे गजानन के जयकारे

**लखीमपुर खीरी।** आज गणेश चतुर्थी पर जिलेभर में उल्लास और उत्साह का माहौल है। भगवान गणेश के स्वागत को लेकर शहर से लेकर गांव तक भक्तों में गजब का जोश दिखाई दे रहा है। मंगलवार को श्रद्धालुओं ने अंतिम तैयारियां पूरी कर लीं। अब हर गली, मोहल्ला और चौराहे पर सजे पंडाल गणपति बप्पा के स्वागत को आतुर खड़े हैं। सुबह से ही पूजा सामग्री, फूल-मालाओं और मूर्तियों की दुकानों पर भीड़ उमड़ रही है। बाजारों में रौनक देखते ही बन रही है। ढोल-नगाड़ों और भजनों की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया है। गणपति बप्पा मोरिया के नारों से पूरा शहर गूंज उठा है। जिले के विभिन्न इलाकों में इस बार गणेश उत्सव को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं। स्थान-स्थान पर भव्य पंडाल बनाए गए हैं। पंडालों को झालरों, रोशनी और रंग-बिरंगे फूलों से सजाया गया है। कुछ जगहों पर कलाकारों द्वारा विशेष थीम पर सजावट की गई है। गणपति स्थापना के बाद सात दिनों तक धार्मिक अनुष्ठानों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। भजन-कीर्तन, आरती और प्रसाद वितरण के साथ ही भक्त रोजाना बप्पा के दर्शन करेंगे। गणेश महोत्सव के दौरान शाम को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। बच्चों और युवाओं द्वारा नृत्य, संगीत और धार्मिक नाटकों की प्रस्तुतियां होंगी। इससे न केवल माहौल भक्तिमय बनेगा बल्कि पारंपरिक कला और संस्कृति को भी बढ़ावा मिलेगा। गणेश चतुर्थी को लेकर भक्तों में भारी उत्साह है। घरों में भी गणेश प्रतिमाएं विराजित होंगी। महिलाएं पूजा की थाल सजाकर स्वागत की तैयारियों में लगी हैं। वहीं बच्चे रंगोली और सजावट में भाग ले रहे हैं। गणपति बप्पा के स्वागत की खुशी हर किसी के चेहरे पर साफ झलक रही है। श्रद्धालु मानते हैं कि गणेशोत्सव सुख, समृद्धि और विघ्नहर्ता का प्रतीक है।

### गुलरिया घाट पर विवाद के बाद सुचारू हुआ संचालन, ग्रामीणों को मिली राहत



**बेलराया-खीरी।** इंडो-नेपाल सीमा पर आवागमन का प्रमुख केंद्र गुलरिया घाट मंगलवार को पुनः संचालित हो गया। तहसील प्रशासन के आश्वासन और एसएसबी अधिकारियों से वार्ता के बाद घाट ठेकेदार ने संचालन बहाल करने का निर्णय लिया। घाट शुरू होने से भारत और नेपाल के नागरिकों ने राहत की सांस ली है। गौरतलब है कि सोमवार को घाट ठेकेदार ने आरोप लगाते हुए संचालन बंद कर दिया था। आरोप था कि एसएसबी के कुछ जवान जांच के नाम पर लोगों को परेशान कर रहे हैं। इस कारण आवागमन कम हो गया और घाट ठेकेदार को घाटा होने लगा। ठेकेदार जुगनू ने इस संबंध में एसडीएम निघासन राजीव निगम को प्रार्थना पत्र दिया था, जिस पर नायब तहसीलदार दिव्यांशु शाही को जांच सौंपी गई। संचालन बंद होने से भारत-नेपाल सीमा से जुड़े ग्रामीणों में आक्रोश पनपने लगा था। ग्रामीणों ने आवाजाही बंद होने पर ज्ञापन भी सौंपा और आरोप लगाया कि एसएसबी उनकी मदद नहीं कर रही। इस मामले में एसएसबी अधिकारी प्रशांत कुमार ने ठेकेदारों के आरोपों को निराधार करार दिया। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं है। कुछ दबाव की राजनीति के चलते ठेकेदारों ने मनगढ़ंत आरोप लगाए हैं। घाट की सेवाएं सुचारू रूप से संचालित की जा रही हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सीमा पर रु.4000 तक का सामान ले जाने की अनुमति है, लेकिन अवैध और अनुचित सामान पर प्रतिबंध है। ठेकेदार जुगनू के अनुसार, नागरिकों की परेशानी को देखते हुए प्रशासनिक हस्तक्षेप और एसएसबी अधिकारियों से वार्ता के बाद घाट का संचालन मंगलवार को फिर से शुरू कर दिया गया। घाट पर आवागमन बहाल होने से दोनों देशों के लोगों में राहत का माहौल है।

### जमीनी विवाद में दो पक्षों में कहासुनी, दलित एक्ट में मुकदमा दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रहमतनगर में चल रही चकबंदी प्रक्रिया के दौरान जमीनी विवाद ने तूल पकड़ लिया। इस मामले में दो पक्ष आमने-सामने आ गए, जिसके बाद कहासुनी के साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग और मारपीट की नौबत आ गई। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पीड़ित सुबोधकांत पुत्र सियाराम, निवासी रहमतनगर, ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि वह पेशे से अधिवक्ता हैं और वर्तमान में लखीमपुर तहसील में वकालत करते हैं। उनके गांव में इन दिनों चकबंदी की प्रक्रिया चल रही है। इस प्रक्रिया के तहत उनके पिता की जमीन, जो ग्राम अलियापुर में स्थित है, के मूल खाते में एक चक बन गया है। सुबोधकांत के अनुसार, इस चक को लेकर रामपुर गोकुल निवासी सत्यप्रकाश शुक्ला पुत्र छोटेलाल ने आपत्ति दर्ज कराई थी। जब इस विवाद की जानकारी सुबोधकांत को मिली, तो उन्होंने दिनांक 14 अगस्त को राजापुर क्षेत्राधिकारी (सीओ) के समक्ष वकालतनामा प्रस्तुत किया। सुबोधकांत का आरोप है कि वकालतनामा दाखिल करने से सत्यप्रकाश शुक्ला नाराज हो गए और जब वह तहसील जा रहे थे, उसी दौरान उन्होंने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अपमानित किया। विरोध करने पर सत्यप्रकाश ने उनके साथ मारपीट करने की भी कोशिश की। पुलिस ने मामला गंभीरता से लेते हुए अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच क्षेत्राधिकारी राजापुर को सौंप दी गई है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### दलित महिला ने पांच लोगों पर लगाया जातिसूचक गाली और जानलेवा हमला करने का आरोप, एफआईआर दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के पिपरहिया फजलनगर ग्रन्ट गांव की रहने वाली दलित महिला ने गंभीर आरोप लगाते हुए पांच लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। महिला का आरोप है कि शनिवार को दवा लेने के लिए अपने पति के साथ छोटेलालपुर चौराहे पर गई थी, जहां पहले से घात लगाए बैठे पांच लोगों ने न सिर्फ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया, बल्कि विरोध करने पर पति-पत्नी को बुरी तरह पीटा और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता नीतू देवी पत्नी कुलदीप कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह अपने पति के साथ दवा लेने निकली थीं। इसी दौरान गांव के ही रणधीर सिंह पुत्र कर्ण सिंह, राजा पुत्र दलजीत सिंह, गुरूमुख सिंह पुत्र मुखत्यार सिंह और बसलीपुर के बक्सी सिंह पुत्र देवेन्द्र सिंह ने उन्हें रास्ते में घेर लिया। महिला का कहना है कि पहले उन लोगों ने जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया और जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो सभी आरोपित उन पर टूट पड़े। मारपीट इस कदर हुई कि दंपती को मरणासन्न हालत में अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पांचों नामजद आरोपियों के खिलाफ अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। साथ ही मेडिकल परीक्षण और अन्य साक्ष्य जुटाने की कार्यवाही शुरू कर दी है।

### साड़ के हमले में घायल भाजपा नेता की इलाज के दौरान मौत, क्षेत्र में शोक की लहर



**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** क्षेत्र के निकटवर्ती गांव भवानीगंज निवासी भाजपा के पूर्व मंडल उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश दीक्षित उर्फ लालू (उम्र 40 वर्ष) की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। गुरुवार की देर शाम सिनेमा चौराहे के पास एक साड़ के हमले में गंभीर रूप से घायल हुए सूर्य प्रकाश दीक्षित को पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया था, जहां उनकी हालत बिगड़ने पर उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया। सोमवार को इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। गुरुवार की रात सूर्य प्रकाश दीक्षित भोजन के बाद टहलने के लिए घर से निकले थे। जैसे ही वह सिनेमा चौराहे के समीप पहुंचे, तभी अचानक एक बेकाबू साड़ ने उन पर हमला कर दिया। हमले में उन्हें सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। राहगीरों ने उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उन्हें लखनऊ रेफर किया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी और नगर प्रशासन से आवारा पशुओं पर नियंत्रण की मांग की। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा पशुओं की समस्या दिन-प्रतिदिन विकराल होती जा रही है। सड़कों पर घूमते यह पशु न सिर्फ ट्रैफिक में बाधा बनते हैं, बल्कि आमजन की जान के लिए भी खतरा बनते जा रहे हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि कई बार नगर पालिका और प्रशासन को ज्ञापन देकर इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

### 29 सितम्बर तक पूरा होगा मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य

**उतरौला।** मतदाता त्रिस्तरीय पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत सुपरवाइजर की बैठक तहसील सभागार में सम्पन्न हुई।बैठक में डोर टू डोर टू सर्वे कर मतदाता सूची तैयार करे और ई बी एल ओ ऐप के बारे में जानकारी दी गई। उपजिलाधिकारी उतरौला ने बताया कि मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम 34 सुपर वाइजर की बैठक में ई बी एल ओ ऐप की जानकारी दी गई कि मतदाता फार्म को आन लाइन कैसे किया जाना है।बैठक में मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में लगे बी एल ओ डोर टू डोर जाकर मतदाता की गणना पर्ची तीन प्रतियों में भर कर एक प्रति परिवार के मुखिया को देकर उनका हस्ताक्षर लेंगे और एक प्रति तहसील निर्वाचन कार्यालय में जमा करेंगे। मतदाता जो मृतक है उनका नाम हटाना,नए मतदाता को जोड़ना, व विवाहित पुत्री का नाम मतदाता सूची से हटेगा तथा पुत्रवधू का नाम जोड़ा जाना है। बी एल ओ प्रत्येक घर पर जाकर मतदाताओं का नाम जोड़ना विलोपन करना है29सितम्बर तक डोर टु डोर यह कार्य सम्पन्न किया जाएगा।बैठक में कार्य में शिथिलता बरतने वालो पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।बैठक तहसीलदार वीरेंद्र प्रताप,नायब तहसीलदार अजीत कुमार व लेखपाल संदीप श्रीवास्तव, चांद बाबू,सुनील कुमार,अखिलेश यादव, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# बिजली चालित फेंसिंग: खेतों की सुरक्षा या भविष्य की मौत का निमंत्रण?

- खेतों में बिजली फेंसिंग बनी मौत का जाल, दुधारू भैंस की गई जान

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

भारत के ग्रामीण इलाकों में खेती आज भी एक प्रमुख आजीविका का स्रोत है। फसल की सुरक्षा के लिए किसान कई उपाय करते हैं, इनमें से एक है खेतों के चारों ओर बिजली चालित फेंसिंग लगाना। यह फेंसिंग आवारा पशुओं से फसल को बचाने का एक तरीका माना जाता है, लेकिन अब यह तकनीक जानलेवा बनती जा रही है।

हाल ही में उत्तर प्रदेश के



लखीमपुर खीरी जिले के कालीचरनपुर गांव में एक भैंस की फेंसिंग से करंट लगने के कारण हुई मौत ने इस मुद्दे को फिर से चर्चा में ला दिया है।

गोला थाना क्षेत्र की यह घटना एक चेतावनी है कि बिना मानक और निगरानी के बिजली चालित फेंसिंग कैसे जानवरों की जान पर बन सकती है। खेत की रखवाली के लिए वेदराम वर्मा ने अपने खेत के चारों ओर बिजली की तारें लगा दी थीं। दुर्भाग्य से सोमवती की भैंस जब खेत के पास पहुंची, तो वह इन तारों की चपेट में आ गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। भैंस की कीमत लगभग रु.40,000 आँकी गई, और बाद में आपसी सहमति से मुआवज़े का समझौता हुआ। पर क्या हर मामला ऐसे सुलझेगा? क्या हर बार नुकसान की भरपाई संभव है?

> मामले से संबंधित एसडीओ गोला अजय यादव से बात हुई तो उन्होंने बताया कि यदि ऐसी बात है तो यह बिल्कुल गलत है। बिजली का इस प्रकार का प्रयोग करना अवैध है।

समस्या की जड़- बिजली चालित फेंसिंग का अनियंत्रित प्रयोग। बिजली फेंसिंग का उद्देश्य पशुओं को रोकना है, न कि उन्हें मारना। लेकिन जब यह सिस्टम अनियंत्रित, गैरकानूनी या बिना सुरक्षा मानकों के लगाया जाता है, तब यह जानलेवा जाल बन जाता है। ग्रामवासियों ने भी इस बात को स्वीकार किया कि अब गांव में फेंसिंग को लेकर डर बैठ गया है क्या अगला नंबर किसी और जानवर का होगा? या फिर किसी इंसान का?

> फिलहाल गांव के प्रधान महेंद्र ने पुलिस की मौजूदगी में दोनों पक्षों को बुलवाकर समझौता करवा दिया। लेकिन अभी भी गांव में अन्य खेतों में ऐसी ही अनाधिकृत फेंसिंग संचालित है जिसको लेकर गांव में अभी भी भय का माहौल व्याप्त है।

## स्कूटी से घर आ रही महिला से पर्स छीनकर हजारों की लूट

- थाना फरधान लखीमपुर गोला हाईवे रुकुंदीपुर गांव के समीप की घटना

**फरधान।** थाना क्षेत्र में देर शाम को अपने पुत्र के साथ स्कूटी से घर वापस जा रही महिला से हजारों की लूट। घटना का अंजाम देने के बाद बाइक सवार लुटेरे फर्राटा भरते भाग गये। सूचना के बाद चौकी पर बैठी पुलिस मिली लेकिन तहरीर नहीं लिया। दो घंटे चौकी पर बैठाने के बाद पीड़ित को जल्द सामान खोजने का भरोसा दिलाकर वापस घर भेज दिया। सकतापुर गांव निवासी ललित कुमार मिश्रा का पुत्र ओम अपनी माता दीपिका मिश्रा के साथ स्कूटी से लखीमपुर से देर शाम को गांव वापस आ रहा था। स्कूटी ओम चला रहा उसकी मां दीपिका पीछे बैठी थी उनके हाथ में बैग था। जैसे ही वह लखीमपुर गोला हाईवे रुकुंदीपुर गांव के समीप पहुंचे थें उसी समय पीछे धाक लगाये चल रहे एक बाईक पर दो सवार लुटेरे ओवरटेक करके महिला का पर्स छीनकर भाग गये। महिला ने शोर मचाया और स्कूटी से पीछा करना भी चाहा लेकिन तब तक वह दोनों लुटेरे भाग गये। महिला की पर्श में करीब 3500 रुपये नकद, एक जोड़ पायल, 4 जोड़ बिछिया, कुछ पुरानी चांदी, एक एनड्राइवड मोबाईल वीवो 56 जी लेकर भाग गये। घटनास्थल के करीब बाजपेई ब्रिक फील्ड पर ललित नौकरी करते है। ओम ने वहां जाकर सारा मामला बताया। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक दया शंकर द्विवेदी ने बताया घटना क़ी जानकारी है। अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं क़ी है जांच क़ी जा रही है।

## अभिभावक-शिक्षक बैठक में बच्चों की शिक्षा और उपस्थिति सुधारने पर दिया गया जोर

- विद्यालय में पढ़ाई की गुणवत्ता बढ़ाने को लेकर दिए गए अहम निर्देश

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

उपजिलाधिकारी, युगांतर त्रिपाठी गोला की उपस्थिति में प्राथमिक विद्यालय बेहड़ा गुल्तान में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत विद्यालय प्रांगण में सम्पन्न हुई, जिसमें शिक्षा व्यवस्था, बच्चों की उपस्थिति, कायाकल्प योजना और परीक्षा की तैयारी जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में उपजिलाधिकारी के साथ विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रजनी



निषाद, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गौरव वर्मा और बड़ी संख्या में अभिभावकगण मौजूद रहे। प्रधानाध्यापिका द्वारा बताया गया कि विद्यालय में नामांकित सभी छात्रों के बैंक खातों में BBT की धनराशि भेजी जा चुकी है। उन्होंने आग्रह किया कि जिन अभिभावकों ने अभी तक यूनिफॉर्म, जूते-मोजे व बैग नहीं खरीदे हैं, वे शीघ्र खरीदारी कर लें ताकि छात्रों की तस्वीरें पोर्टल पर अपलोड की जा सकें। प्रधानाध्यापिका ने ऑपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालय में उपलब्ध 19 मूलभूत सुविधाओं की जानकारी भी साझा की और समर्थ कार्यक्रम के तहत दिव्यांग बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने पर चर्चा की। बैठक में छात्रा साधना देवी द्वारा हिन्दी व अंग्रेजी में कविता प्रस्तुत की गई, जिसे सराहना स्वरूप पुरस्कृत भी किया गया। उपजिलाधिकारी ने लगातार अनुपस्थित रहने वाले बच्चों की स्थिति पर चिंता जताई और अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता तब ही सुधरेगी जब बच्चों की निरंतर उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही उन्होंने DIKSHA APP और READ ALONG जैसे डिजिटल माध्यमों के प्रयोग से बच्चों को निपुण लक्ष्य प्राप्त कराने की सलाह दी।

### भारतीय योग संस्थान लखीमपुर द्वारा युवा संस्कार निर्माण शिविर संपन्न



**लखीमपुर खीरी।** भारतीय योग संस्थान लखीमपुर खीरी के तत्वावधान में एक माह का युवा संस्कार निर्माण शिविर भीमराव अंबेडकर इंटर कॉलेज, कमलापुर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में विद्यालय के विद्यार्थियों सहित अनेक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर के सफल संचालन में कार्यक्रम प्रभारी व क्षेत्रीय प्रधान राम बहादुर मित्रा, विद्यालय प्रबंधक बांके लाल गौतम और प्रधानाचार्य परिक्रमा प्रसाद का विशेष योगदान रहा। प्रवक्ता अनूप कुमार वर्मा एवं चौकीदार बाबूलाल ने अथक प्रयास कर शिविर को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। शिविर के दौरान बच्चों व युवाओं को योग साधना, प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से संस्कारित व स्वस्थ जीवन की राह बताई गई। प्रतिदिन नए आयामों के साथ योगाभ्यास कराया गया, जिसमें आसन और प्राणायाम अलग-अलग प्रकार से सिखाए गए। योग साधना का प्रशिक्षण संस्थान के कुशल व प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा दिया गया। शिविर में भाग लेने वाले बच्चों में से 20 विशिष्ट प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इसी के साथ विद्यालय चौकीदार बाबूलाल को भी सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में संस्थान के प्रांतीय प्रधान उत्तर प्रदेश पूर्वी नरेश चंद्र वर्मा, जिला प्रधान रमेश कुमार वर्मा एडवोकेट, जिला मंत्री शिवराम वर्मा, क्षेत्रीय प्रधानगण राम बहादुर मित्रा, प्रेमपाल वर्मा, केंद्र प्रमुख राम टहल वर्मा तथा अमित त्रिलोकी मौजूद रहे। समारोह को संबोधित करते हुए नरेश चंद्र वर्मा और रमेश कुमार वर्मा एडवोकेट ने विद्यालय स्टाफ का आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं प्रधानाचार्य ने भारतीय योग संस्थान के अधिकारियों का स्वागत करते हुए आग्रह किया कि ऐसे प्रभावी कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाएं।

### मेला देखने निकली युवतियों से की छेड़छाड़, आरोपी फरार

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** थाना गोला क्षेत्र अंतर्गत हफीजपुर मोहल्ला निवासी एक युवती ने मेला देखने जाते समय छेड़छाड़ व अभद्रता का गंभीर आरोप अपने ही पड़ोस में रहने वाले युवक व उसके तीन अज्ञात साथियों पर लगाया है। घटना को लेकर स्थानीय थाने से लेकर एसपी तक प्रार्थनापत्र दिए जाने के बावजूद कोई कार्रवाई न होने पर पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली है। पीड़िता (उम्र लगभग 36 वर्ष), जो अपनी दो बहनों के साथ 14 अप्रैल 2025 की रात लगभग 8 बजे मेला देखने निकली थी, ने बताया कि रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे आरोपी राजा, पुत्र बृजलाल, अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ दो बाइकों पर सवार होकर पीछा करने लगे। युवतियों पर अश्लील फब्तियां कसते हुए छेड़छाड़ की। कोर्ट ने एफआईआर दर्ज करने और आवश्यक विवेचना के लिए थाना गोला को निर्देशित करने की सिफारिश की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच सर्वेश मौर्य को सौंपी है।

## फर्जी फर्म बनाकर 6.70 करोड़ की जीएसटी चोरी, बालाजी इंटरप्राइजेज पर मामला दर्ज

- अस्तित्वहीन फर्म के जरिए किया बोगस कारोबार
- सहायक आयुक्त राज्य कर की तहरीर पर केस




**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

जिले के कर विभाग ने एक बड़े जीएसटी घोटाले का पर्दाफाश करते हुए बालाजी इंटरप्राइजेज नामक एक फर्जी फर्म के खिलाफ 6 करोड़ 70 लाख रुपये की जीएसटी चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है। यह फर्म गोला रोड स्थित ग्राम भीखमपुर, पोस्ट कुम्मी में संचालित दिखाया गया था, जिसका मालिक अंकित कुमार पुत्र सुरेश कुमार बताया गया है।

राज्य कर विभाग के अधिकारियों को विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों की समीक्षा के दौरान इस फर्म की गतिविधियों पर संदेह हुआ। मामले को गंभीरता से लेते हुए सहायक आयुक्त राज्य कर के निर्देश पर राज्य कर अधिकारी द्वारा फर्म की मैन्युअल जांच (रैकी) कराई गई। जांच के दौरान सामने आया कि यह फर्म केवल कागजों पर ही सीमित है और वास्तविक रूप से इसका कोई अस्तित्व नहीं है।अधिकारियों के मुताबिक, संबंधित वित्तीय वर्ष के दौरान फर्म द्वारा फर्जी खरीद व बिक्री दर्शाई गई। जांच में यह भी सामने आया कि फर्म ने इनपुट टैक्स क्रेडिट (ITC) का अनुचित लाभ उठाया, जिससे विभाग को 669.89 लाख रुपये का सीधा नुकसान हुआ।

इतना बड़ा वित्तीय फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद विभाग ने इसे गंभीर कर अपवंचन (Ta& Evasion) का मामला मानते हुए कड़ी कार्रवाई की शुरुआत कर दी है।

राज्य कर अधिकारियों के अनुसार, फर्जी लेनदेन की वजह से क्षेत्रीय राजस्व आंकड़े ऋणात्मक हो गए हैं, जो स्पष्ट संकेत देता है कि इस तरह की फर्जी फर्मों का जाल गहराई से फैला हुआ है और यह राज्य के राजस्व तंत्र को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। संपूर्ण मामले में कड़ाई बरतते हुए सहायक आयुक्त राज्य कर ने फर्म स्वामी अंकित कुमार के खिलाफ गोला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। अब कर विभाग इस प्रकरण की गहन जांच में जुट गया है और यह संभावना जताई जा रही है कि इसमें अन्य लोगों की संलिप्तता भी उजागर हो सकती है। राज्य कर विभाग ने आम जनता और व्यापारियों से अपील की है कि वे जीएसटी से जुड़े मामलों में पारदर्शिता बरतें और किसी भी प्रकार के फर्जीवाड़े से बचें। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि फर्जी लेनदेन और कागजी कंपनियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

## शारदीय नवरात्र मेले को लेकर डीएम ने की बैठक

**बलरामपुर।** 22 सितंबर 2025 से प्रारंभ हो रह शारदीय नवरात्रि मेले को सकुशल, सुचारू रूप से संपन्न कराए जाने हेतु एक माह पूर्व तैयारियों के संबंध में बैठक महंत देवीपाटन मंदिर मिथलेश नाथ योगी की अध्यक्षता एवं डीएम पवन अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के मौजूदगी में देवीपाटन मंदिर में संपन्न हुई। बैठक में मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई की व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था, श्रद्धालुओं के लिए शुलभ शौचालय की व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था,जल निकासी की व्यवस्था, देवीपाटन मंदिर को जोड़ने वाले संपर्क मार्गो की मरम्मत, रैन बसेरा, मेले के दौरान बसों एवं ट्रेन की सुलभ उपलब्धता, पार्किंग व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा, रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए अतिरिक्त सुलभ



शौचालय की व्यवस्था, कूड़ा प्रबंधन आदि पर गहन चर्चा की गई तथा महंत देवीपाटन मंदिर योगी मिथलेश जी द्वारा अहम सुझाव दिए गए। एसडीएम तुलसीपुर मेला मजिस्ट्रेट होगे। मेले में साफ सफाई की दृष्टि से पंचायती राज विभाग द्वारा 200 से अधिक सफाई कर्मी लगाए जाएंगे इसके अलावा नगर पंचायत तुलसीपुर द्वारा भी सफाई कर्मी लगाए जाएंगे। डीएम ने सभी सफाई कर्मियों की ड्यूटी रोस्टर वाइज लगाए जाने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि मेला क्षेत्र नियमित फोगिंग का प्रारंभ कर दी जाए। मेले में 24×7 मेडिकल टीम की तैनात रहेगी एवं पेयजल के लिए पर्याप्त टैंकर लगाए जाएंगे। डीएम ने मेला क्षेत्र में लगे सभी हैंडपंप की मरम्मत कर लिए जाने एवं श्रद्धालुओं की सुविधा से लिए प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊ की व्यवस्था का निर्देश दिया। मेले में पर्याप्त संख्या में मोबाइल शौचालय, रैन बसेरा की व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, सीएमओ, उप जिलाधिकारी तुलसीपुर, क्षेत्राधिकार तुलसीपुर, जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अधिकारी तुलसीपुर, जिला पूर्ति अधिकारी, अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, एआरएम रोडवेज व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारी गण उपस्थित रहें।

### मनबढ़ों ने गांव में युवक की पिटाई की, मुकदमा दर्ज

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** थाना क्षेत्र के अहिरौला गाँव में खेत पर गए युवक की विपक्षी पक्ष ने मारपीट कर दी। पीड़ित के पिता ने चार लोगों पर गाली-गलौज, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच की जिम्मेदारी क्षेत्राधिकारी उतरौला को सौंपी है। पीड़ित विजय कुमार पुत्र रामसूरत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका 18 वर्षीय बेटा निशाल 19 अगस्त की सुबह खेत पर गया था। तभी गाँव के ही सतीश चन्द्र मिश्रा, उनकी पत्नी व बेटे ने निशाल के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान गाँव के ही जगदीप पुत्र रामअजोर भी मौके पर मौजूद रहे और सहयोग किया। विजय कुमार के अनुसार विपक्षियों ने उनके बेटे को गाली देते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया और जान से मारने की धमकी दी।

## खाद वितरण में मिलीभगत के आरोप, वोट के लालच में किसान परेशान

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**



एक तरफ जहां उतरौला तहसील क्षेत्र में खाद संकट ने विकराल रूप ले लिया है, वहीं दूसरी ओर किसानों के बीच आक्रोश और निराशा लगातार बढ़ती जा रही है। छोटे और मध्यम वर्गीय किसान खाद की एक-एक बोरी के लिए सुबह से शाम तक सहकारी समितियों और गोदामों पर लंबी लाइनों में खड़े रहने के बावजूद उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। सूत्रों की माने तो कारण ग्राम पंचायत चुनाव की सुगबुगाहट से वर्तमान प्रधान व संभावित प्रधान प्रत्याशी गांव में अपनी गोटी फिट करने की जुगत में अभी से लग गये हैं। वह अपने पक्ष में गांव के भोले भाले लोगों को लेने के लिए आपदा में भी अवसर तलाशने लगे हैं।और वह समितियों के सचिव/जिम्मेदार अधिकारियों से मिलकर 25 से 50 बोरी यूरिया खाद निर्धारित मूल्यों से अधिक देकर निकलवा लेते हैं।और अपना वोटर बनाने के लिए अपने लोगों को बांट देते हैं। वहीं दूर दराज से आकर किसान पथराई आंखों से अपने नंबर का इंतजार करने के बाद भी जब खाली हाथ घर लौटता है। तो किसानों की पीड़ा और भी गहरी हो जाती है।

गांवों से आने वाले किसानों का कहना है कि बुआई का समय होने के बावजूद खाद उपलब्ध नहीं हो रही। खेत तैयार हैं, बीज बो दिए गए हैं, लेकिन खाद न मिलने से फसल पर संकट मंडरा रहा है। यह स्थिति छोटे किसानों के लिए सबसे अधिक कठिन है, क्योंकि उनका सारा जीवन इसी फसल पर निर्भर रहता है। इसी बीच सूत्रों के हवाले से एक बड़ा खुलासा सामने आया है। सूत्रों का दावा है कि खाद की किल्लत कृत्रिम रूप से पैदा की जा रही है। इसमें कुछ सचिवों, वर्तमान ग्राम प्रधानों और संभावित प्रधान प्रत्याशियों की मिलीभगत बताई जा रही है। आरोप है कि यह लोग समितियों के सचिव व जिम्मेदार अधिकारियों से मिल कर मिलकर खाद की बोरियों को 25 से 50 की संख्या में गोदाम से बाहर करवा रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि खाद की ये बोरियां किसानों को सीधे न देकर अवैध तरीके से औने-पौने दामों पर बेची जा रही हैं। सूत्रों के अनुसार इस पूरे खेल में सचिवों की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। किसानों का आरोप है कि जब वे खाद लेने पहुंचते हैं तो उन्हें स्टॉक खत्म कहकर टाल दिया जाता है, जबकि अंदरखाने से खाद की बोरियां निकालकर प्रधानों और संभावित प्रत्याशियों के जरिए बांटी जाती हैं। इससे साफ है कि किसानों के नाम पर चल रही खाद वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। किसानों ने इस स्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन से मांग की है कि खाद वितरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी सचिवों तथा जनप्रतिनिधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते खाद उपलब्ध नहीं कराई गई तो फसल चौपट हो जाएगी और इसका सीधा असर उनकी आजीविका पर पड़ेगा।

## हरितालिका तीज पर उतरौला के शिवालय में आस्था का विशाल संगम

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

नगर के श्री दुःख हरण नाथ मंदिर उतरौला में कजली तीज के अवसर पर मंगलवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भोर होते ही महिलाएँ और पुरुष मंदिर परिसर में पहुँचकर भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक करने लगे। विशेष रूप से सुहागिन महिलाओं ने इस दिन व्रत रखकर माता पार्वती और भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। बाबा श्री दुःख हरण नाथ मंदिर सेवा समिति के कार्यकर्ता पूरे उत्साह और तत्परता से श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे रहे। महंत मयंक गिरी जी महाराज ने कजली तीज के धार्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व अखंड सुहाग, पति की दीर्घायु तथा अविवाहित कन्याओं को योग्य वर की प्राप्ति के लिए विशेष रूप से मनाया जाता है। इस दिन चंद्रमा और नीम के पेड़ की पूजा का भी विशेष महत्व है। कजरी तीज का धार्मिक महत्व भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना से



जुड़ा है। वहीं सांस्कृतिक दृष्टि से यह पर्व लोकगीत, कजरी गान, झूला झूलने और सोलह श्रृंगार की परंपरा से समृद्ध है। महिलाएँ सजधज कर एकत्र होकर गीत-नृत्य करती हैं और इस दिन को आनंदमय बनाती हैं। शाम के समय मंदिर परिसर में कई विशेष आयोजन हुए जिसमें सायंकाल 07:00 बजे-श्रीसुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। रात्रि 08:30 बजे-भूतभावन भगवान भोलेनाथ का दिव्य एवं भव्य श्रृंगार पूजन संपन्न हुआ। रात्रि 09:15 बजे- देवाधिदेव महादेव का शयन श्रृंगार, महाआरती एवं दर्शन हुए। इसके उपरांत श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर श्रद्धा और भक्ति के रंग में सराबोर रहा। कजरी गीतों, झूलों और श्रृंगार से पूरा वातावरण हरियाली और भक्ति भावना से परिपूर्ण दिखा। महिलाओं ने जहां सौंदर्य और श्रृंगार का उत्सव मनाया, वहीं परिवारों ने सामाजिक मेल-जोल के साथ इस पर्व को हर्षोल्लास से मनाया। मंदिर के सह-व्यवस्थापक अर्पित गुप्ता ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि हरितालिका तीज का यह पावन पर्व हम सबको भक्ति, सौहार्द और संस्कृति से जोड़ता है। भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की कृपा सभी भक्तों पर बनी रहे, जीवन में सुख-समृद्धि और मंगल का संचार हो। इस प्रकार कजरी तीज का पर्व धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक उल्लास का अद्भुत संगम बनकर नगरवासियों के हृदय में भक्ति और आनंद की छाप छोड़ गया।

# यूपी बनेगा इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग का ग्लोबल सेंटर : योगी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

- शीघ्र लागू होगी उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण नीति-2025
- 50 बिलियन डॉलर उत्पादन और 10 लाख रोजगार का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ेगी यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स नीति



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश को इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग का ग्लोबल सेंटर बनाने के उद्देश्य से 'उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण नीति-2025' लागू करने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को इस संबंध में हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग द्वारा तैयार प्रस्तावित नीति पर चर्चा की और दिशा-निर्देश दिए।मुख्यमंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर भारत की अर्थव्यवस्था का सबसे तेजी से उभरता क्षेत्र है।

आज भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल निर्माता है, जिसमें उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी लगभग 60प्रतिशत है। अपार संभावनाओं वाले इस सेक्टर का लाभ उत्तर प्रदेश को उठाना चाहिए। पिछले आठ वर्षों में प्रदेश ने औद्योगिक विकास की दिशा में ऐतिहासिक प्रगति की है। अब समय है कि उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में भी वैश्विक मानचित्र पर अपनी अलग पहचान बनाए। यह नीति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' के संकल्प को मजबूती देने के साथ-साथ राज्य की अर्थव्यवस्था को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगी। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2014-15 में देश में जहाँ मात्र 1.9 लाख करोड़ रुपये के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद बनते थे, वहीं 2024-25 में यह आँकड़ा 11.3 लाख करोड़ रुपये तक पहुँच गया। मोबाइल उत्पादन 18 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 5.45 लाख करोड़ रुपये और मोबाइल निर्यात 1,500 करोड़ रुपये से बढ़कर 2 लाख करोड़ रुपये हो गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में उत्तर प्रदेश से लगभग 37 हजार करोड़ रुपये का इलेक्ट्रॉनिक्स हार्डवेयर निर्यात किया गया।

### ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए

सीएम योगी ने जोर देते हुए कहा कि यदि निवेशक प्रदेश में रोजगार सृजित करता है और प्रदेश के युवाओं को वरीयता देता है तो उसे विशेष प्रोत्साहन दिया जाए। नीति के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। निवेशकों को एकल विंडो प्रणाली के माध्यम से सभी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएं और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। युवाओं के लिए रोजगार सृजन को उद्योगों की वास्तविक जरूरतों से जोड़ा जाए तथा कौशल विकास कार्यक्रम उसी के अनुरूप संचालित हों। प्रस्तावित नीति अनुसंधान एवं विकास, नवाचार, कौशल विकास, स्टार्टअप पारिस्थितिकी को प्रोत्साहित करेगी। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में स्थापित इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टरों को और सुदृढ़ किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट विनिर्माण का वैश्विक केन्द्र बनाने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाई जाए।

# खेती-बाड़ी में बढ़ेगा सोशल मीडिया का उपयोग : शाही

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।



- कृषि मंत्री की अध्यक्षता में हुई सोशल मीडिया पर कार्यशाला

कृषि भवन में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में कृषि क्षेत्र में सोशल मीडिया के उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोशल मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में राजस्थान के सहायक कृषि अधिकारी पिंटू मीणा पहाड़ी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। पिंटू मीणा पहाड़ी ने सोशल मीडिया के माध्यम से राजस्थान में कृषि क्षेत्र में किए जा रहे अभिनव प्रयोगों पर विस्तृत प्रस्तुति दी। कैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग किसानों को नई तकनीकों, सरकारी योजनाओं और मौसम की जानकारी से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने में सहायक हो सकता है। अपने संबोधन में पिंटू मीणा पहाड़ी ने कृषि में सोशल मीडिया के कुछ प्रभावी उपयोगों पर प्रकाश डाला। किसान अब व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़कर फसलों से जुड़ी समस्याओं का तुरंत समाधान पा सकते हैं, वहीं यूट्यूब चैनल पर विशेषज्ञ कृषि तकनीकों और उपकरणों का लाइव प्रदर्शन करके किसानों को सीधे तौर पर शिक्षित किया जा सकता है। फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म्स का उपयोग कृषि उत्पादों को सीधे ग्राहकों तक बेचने के लिए किया जा सकता है, जिससे बिचौलियों की भूमिका खत्म होती है और किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलता है।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने राजस्थान के मॉडल की सराहना करते हुए इसे उत्तर प्रदेश में व्यापक रूप से अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से विकसित भारत के लिए विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित उत्तर प्रदेश के लिए विकसित कृषि के संकल्प को पूरा करने के लिए समर्पण के साथ काम करने का आग्रह किया।

## खबरें एक नजर में

### इंस्पेक्टर ने जूतों से पीटा, दी जातिसूचक गालियां

- अखिलेश यादव के सामने फूट-फूट कर रोया कानपुर का सत्यम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कानपुर के पनकी थाना क्षेत्र के निवासी सत्यम त्रिवेदी ने लखनऊ में अखिलेश यादव के सामने भावुक होते हुए आरोप लगाया कि इंस्पेक्टर मानवेंद्र सिंह ने उन्हें थाने के अंदर जूतों से मारा, जाति सूचक गालियां भी दीं।घटना को लेकर सियासत तेज हो गई है।कानपुर निवासी सत्यम त्रिवेदी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह सपा प्रमुख अखिलेश यादव के सामने अपने ऊपर पुलिस ज्यादती का दर्द साझा कर रहे हैं। विडियो में सत्यम भावुक होकर कहते हैं कि पनकी थाने के इंस्पेक्टर मानवेंद्र सिंह ने उन्हें जूतों से मारा। उनके चेहरे पर आज भी इसके निशान मौजूद हैं।सत्यम का आरोप है कि इंस्पेक्टर ने पिटाई के साथ ही जातिसूचक और अपमानजनक गालियां दीं। मामले ने राजनीतिक तूल पकड़ लिया है।सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने घटना को लेकर राज्य सरकार और प्रशासन पर निशाना साधा है।उन्होंने पीडित सत्यम त्रिवेदी का विडियो सोशल मीडिया पर साझा करते हुए लिखा, सता में बैठे सजातीय लोगों की दबंगई का शिकार हो रहा है एक खास समाज, क्योंकि शहाता नहीं भाताश! अखिलेश यादव ने सत्यम को न्याय दिलाने का भरोसा भी दिलाया है। सत्यम त्रिवेदी का कहना है कि एक मामले में पनकी थाने के इंस्पेक्टर मानवेंद्र सिंह ने उन्हें थाने बुलाया था। पहुंचने पर उन्हें जमीन पर बैठा दिया गया, जबकि दूसरे पक्ष को कुर्सी पर बैठाया गया। इंस्पेक्टर ने उन्हें जाति सूचक गालियां देने शुरू कर दीं, जब विरोध किया तो इंस्पेक्टर ने उन्हें जूतों से पीट दिया।सत्यम के मुताबिक वह करीब 25 दिन तक परेशान रहा। कहीं सुनवाई नहीं हुई। थक हार कर सोशल मीडिया पर अपना दर्द बयां किया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इस पर प्रतिक्रिया दी, तब जाकर प्रशासन ने मामले पर ध्यान दिया। एक अधिकारी ने जांच करने की बात कही,लेकिन सत्यम का कहना है, जूतों से मार खाने के बाद मेरा तो मान-सम्मान चला गया, अब जांच-पड़ताल से क्या होगा।

### आत्महत्या के इरादे से युवती ट्रेन के आगे कूदी, घायल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कृष्णानगर थाना क्षेत्र स्थित भोला खेड़ा रेलवे ट्रैक पर मंगलवार दोपहर करीब 1.15 बजे एक युवती ने चलती ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया। अचानक घटी इस घटना से हड़कंप मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रेन से टकराने के बाद युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। उसका बायां पैर टूट गया, जबकि सिर में गहरी चोट आई। मौके पर मौजूद आरपीएफ, जीआरपी और डायल 112 पुलिस ने तुरंत राहत-बचाव कार्य शुरू कर युवती को एंबुलेंस से नजदीकी अस्पताल भेजा। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस को युवती के पर्स से आधार कार्ड मिला, जिससे उसकी शिनाख्त सृष्टि शर्मा (20 वर्ष), निवासी संजय, 88, विनोबा नगर, हैदराबाद, जनपद उन्नाव के रूप में हुई। पर्स से बरामद एक सुसाइड नोट ने घटना की संवेदनशीलता को और गहरा कर दिया। नोट में युवती ने लिखा है फ्सॉरी मम्मी, जैसा आप चाहती थीं वैसी बेटी मैं नहीं बन पाई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। फिलहाल परिजनों को सूचना दे दी गई है।

### नस काटकर युवक ने की आत्महत्या

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर इलाके में एक युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। बदबू आने पर घटना की जानकारी हुई। मौके पर पुलिस पहुंचकर घटना की जांच कर रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। विराम खंड गोमतीनगर निवासी अतुल तिवारी (42) ने संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना मां सुधा ने 112 पर दी। इसके बाद मौके पर गोमती नगर थाना पुलिस पहुंची। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के भेज दिया है। शव 4 दिन पुराना बताया जा रहा है। शव से काफी बदबू आ रही है, उसमें कीड़े भी पड़ गए हैं। अतुल ने हाथ की नस काटी है, लेकिन शव काफी पुराना होने की वजह से खून जम गया है। लड़के के मामा अभय कुमार उर्फधीरज हैं। उन्होंने बताया कि अतुल बीटेक इंजीनियर था। उसका अपनी पत्नी से विवाद चल रहा था। पिता पावर ग्रिड कॉरपोरेशन में मैनेजर थे। जिनका देहांत हो चुका है। उन्हें दिल्ली में रहने वाली भांजी गीतिका ने सूचना दी। जिसके बाद वह घर पहुंचे।

### ऐतिहासिक रिफा-ए-आम क्लब पर चले सात बुलडोजर, इलाके में तनाव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के ऐतिहासिक रिफा-ए-आम क्लब को अतिक्रमण से मुक्त कराने की दिशा में लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। भारी पुलिस बल और कई बुलडोजर के साथ एलडीए की टीम पहुंच गई है। जैसे ही टीम क्लब परिसर में दाखिल हुई, हालात तनावपूर्ण बन गए। कुछ दुकानदारों और स्थानीय निवासियों ने विरोध किया, लेकिन प्रशासन की सख्ती के चलते उनकी एक न चली। वहीं, कक्षा-3 का छात्र जब स्कूल से लौटा तो देखा कि उसका घर ही गिर चुका था। यह देख वह रोने लगा। 19वीं सदी की शुरुआत में लखनऊ और उसके आसपास के रजवाड़े कैंट के एमबी क्लब में जाया करते थे। भारतीय रजवाड़ों को अपने क्लब में आने से रोकने के लिए अंग्रेजों ने अपने क्लब के बाहर लिख दिया था इंडियन एंड डॉग्स आर नॉट अलाउड। इससे अपमानित महसूस कर ओयल एस्टेट, महमूदाबाद एस्टेट और मनकापुर एस्टेट के राजाओं ने तय किया कि अपना एक क्लब बनाएंगे। इसके बाद में सिटी स्टेशन के पास कैसरबाग में सन 1860 में इमारत में रिफाह-ए-आम क्लब का निर्माण किया गया था।

# उप राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी को सपा का समर्थन

- मुझे सभी दलों से मिल रहा समर्थन : बी. सुदर्शन
- विशेष विचारधारा के लोगों को ही बड़े पद पर बैठा रहे हैं बीजेपी के लोग : अखिलेश





समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी ने कहा कि मुझे सभी दलों से समर्थन मिल रहा है। समाजवादी पार्टी के सभी सांसदों ने हमारा समर्थन किया है।

हमारी कोशिश है कि उत्तर प्रदेश के अलावा दूसरे राज्यों केज्यादातर सांसद हमारे साथ हों। बी. सुदर्शन रेड्डी आज मंगलवार को सपा कार्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ मीडिया से बात की। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि आज भाजपा के लोग एक विशेष विचारधारा से जुड़े लोगों को ही बड़े पद पर बैठा रहे हैं। हमारी जिम्मेदारी है कि हम समावेशी विचारधारा को अपनाएं, इसीलिए इंडिया गठबंधन की पार्टियों ने बी. सुदर्शन रेड्डी को उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने अन्य दलों से अपील की है कि अपनी अंतरात्मा की आवाज पर वोट करें और बी. सुदर्शन रेड्डी का समर्थन करें। उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी आज सुबह लखनऊ पहुंचे। लखनऊ एयरपोर्ट पर उनका स्वागत हुआ। उन्हें रिसीव करने के लिए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। एयरपोर्ट से सीधे कांग्रेस कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी ने शनिवार को कहा कि देश में लोकतंत्र की स्थिति कमजोर हो गई है और संविधान को चुनौती दी जा रही है। वह संविधान की रक्षा और उसे मजबूत करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। श्री रेड्डी ने बताया कि उनका नाम कैसे सामने आया। उन्होंने संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष जैसे शब्दों को लेकर चल रही बहस पर भी राय रखी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर से नक्सलवाद समर्थक कहे जाने पर जवाब दिया।

# लखनऊ की जलभराव समस्या के स्थायी समाधान के लिए डॉ. राजेश्वर सिंह का सीएम को पत्र

- आधुनिक तकनीक से बने राजधानी का फ्लड मैनेजमेंट प्लान : डॉ. राजेश्वर सिंह



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में हर वर्ष बरसात के मौसम में उत्पन्न होने वाली जलभराव, सड़कों की दुर्दशा और ड्रेनेज व्यवस्था की समस्याओं पर चिंता व्यक्त करते हुए सरोजनीनगर विधायक डॉ.राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को पत्र लिखकर इन मुद्दों पर उच्च स्तरीय समीक्षा का अनुरोध किया है। डॉ. सिंह ने पत्र में उल्लेख किया कि राजधानी की जनता को मानसून के दौरान विशेष कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कई क्षेत्रों में जलभराव, नालों के अवरुद्ध होने और सड़कों पर गड्ढे बनने की स्थिति सामने आती है, जो कि नगर निगम एवं नगर विकास विभाग के कामकाज में और अधिक सतर्कता एवं निगरानी की आवश्यकता को दर्शाती है। इसके लिए सम्बंधित अधिकारियों एवं अभियंताओं की स्पष्ट जवाबदेही तय होनी चाहिए और इसके लिए दीर्घकालिक फ्लड मैनेजमेंट प्लान तैयार किया जाए, जिसमें आधुनिक इंजीनियरिंग तकनीक, जीआईएस मैपिंग और वैज्ञानिक पद्धतियों का उपयोग हो। डॉ.राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री से यह भी अनुरोध किया कि एक स्वतंत्र मॉनिटरिंग कमेटी गठित की जाए, जिसमें तकनीकी विशेषज्ञों को भी शामिल कर कार्यों की समय-सीमा व गुणवत्ता पर निगरानी रखी जाए। चूंकि लखनऊ उत्तर प्रदेश की राजधानी है और यहां की स्थिति पूरे राज्य की छवि का प्रतिनिधित्व करती है। इसलिए यह आवश्यक है कि राजधानी का शहरी ढांचा सुदृढ़, आधुनिक और दीर्घकालिक दृष्टि से योजनाबद्ध हो।

# खाद की किल्लत पर सपा का बड़ा प्रदर्शन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश सरकार की राजधानी लखनऊ में किसानों के लिए समस्या बनी खाद की किल्लत को लेकर मंगलवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। इस दौरान खाली बोरियां पहनकर सपा कार्यकर्ता प्रदर्शन करते हुए विधानसभा के सामने पहुंच गए। मौके पर भारी पुलिस ने उन्हें पकड़ते हुए बसों से प्रदर्शन स्थल इको गार्डन भेज दिया।

सपा कार्यकर्ता गौरव प्रजापति ने बताया कि प्रदेश में यूरिया खाद की भारी किल्लत है। खाद केन्द्रों पर किसानों को लम्बी लम्बी लाइनों में लगने के बाद भी खाद नहीं मिल पा रही है। भाजपा सरकार किसानों की समस्या को दूर नहीं कर पा रही है। खाद की परेशानी दूर नहीं हुई तो किसानों की फसल का नुकसान होगा और उनके सामने अजीविका का भी संकट बनेगा। किसानों की समस्या को सरकार नैतिकता के आधार पर दूर कराना चाहिए।

# दो जालसाज शिक्षकों पर मुकदमा दर्ज

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश के लखनऊ शहर में राजकीय इंटर कॉलेज के बर्खास्त शिक्षकों पर सोमवार देर रात को दो अलग-अलग थानों में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि इन लोगों ने फर्जी प्रमाण पत्र, अंक पत्र लगाकर नौ वर्ष तक नौकरी की थी। मामला संज्ञान में आने के बाद उन्हें बर्खास्त कर दिया गया था।

सैरपुर थाना प्रभारी मनोज कुमार ने मंगलवार को बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) राकेश कुमार की तहरीर पर पुलिस ने सैरपुर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज के शिक्षक राज रतन वर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इसी तरह बेहटा स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में अंग्रेजी की शिक्षिका रोहिणी शर्मा के खिलाफ गुडम्बा थाना में मुकदमा दर्ज हुआ है। विभागीय स्तर पर दोनों जालसाज शिक्षकों से वेतन-भत्तों की भी वसूली की कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक डा. महेंद्र देव ने बताया कि इन दोनों शिक्षकों समेत प्रदेश के अलग-अलग जिलों में जालसाज 22 शिक्षकों की बर्खास्तगी के आदेश दिए गए थे। इस क्रम में कार्यवाही प्रचलित हैं। उक्त दोनों शिक्षक एक वर्ष पहले आजमगढ़ से तबादले में लखनऊ आए थे।

### अपर्णा यादव ने लिखा गौतमबुद्ध नगर के डीएम व पुलिस कमिश्नर को पत्र



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने गौतम बुद्धनगर के जिला अधिकारी और पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने निक्की भाटी की जिंदा जलाए जाने की घटना का संज्ञान लिया है। अब तक हुई गिरफ्तारियों की जानकारी मांगी है। अपर्णा यादव ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी करने और इसकी जानकारी राज्य महिला आयोग को देने का अनुरोध किया है।

# ड्यूटी पर तैनात नर्स नहीं लगा सकेंगी नेल पॉलिश

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

- नियमों का पालन न होने पर मरीज व तीमारदार कर सकेंगे अधिकारियों से शिकायत



किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) की तरफ से पहली बार नर्सिंग संवर्ग के लिए मैनुअल जारी किया गया है जिसके अनुसार ड्यूटी पर तैनात नर्स को नेलपालिश और भारी भरकम गहने पहनने पर पाबंदी लगा दी गई है।

संस्थान की तरफ से जारी मैनुअल के बोर्ड इमरजेंसी से लेकर वार्ड तक लगाए जाएंगे, जिससे ड्यूटी पर तैनात नर्सिंग संवर्ग को याद रहे।

केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह का कहना है कि मरीजों के हितों को ध्यान में रखते हुए पहली बार नर्सिंग मैनुअल लागू किया जा रहा है। नर्सिंग मैनुअल तैयार करके उनके दायित्व, अधिकार और छुट्टियों के नियम तय कर दिए हैं। अभी तक ऐसा कोई मैनुअल नहीं था। नर्सिंग अधिकारियों को सामान्य लिपिक की भांति काम करने और अवकाश लेने का अधिकार था। अब ऐसा नहीं हो सकेगा। अब मैनुअल के अनुसार ही नर्सिंग स्टाफ को ड्यूटी करनी होगी। उन्होंने बताया कि बोर्ड पर नियम लिखे जाएंगे ताकि मरीज और तीमारदारों को भी उनके बारे में पता रहे। इनके आधार पर मरीज नर्सिंग स्टाफ से उनकी ड्यूटी के बारे में जानकारी कर सकते हैं।

इतना ही नहीं नियमों का पालन न होने पर मरीज व तीमारदारों को अधिकारियों से शिकायत करने का भी अधिकार होगा। नए मैनुअल के बारे में प्रो केके सिंह ने बताया कि मैनुअल के अनुसार मरीज और तीमारदारों से विनम्रता से बात करे, मरीज को डाक्टर से मिलने का समय, दवा लेने के लिए दुकान, पानी का स्थान, खाने का समय और नाई की उपलब्धता के बारे में बताना, जरूरत पड़ने पर यह सुनिश्चित करना कि डॉक्टर मरीज को देख लें, ऑन ड्यूटी डॉक्टर के कॉल का जवाब न मिलने पर प्रभारी चिकित्सक को सूचना देना, एक कॉल पर मरीज के पास पहुंचना, मरीज की जांच के लिए विभाग के परिचारकों को भेजना, वार्ड परिचारक के माध्यम से ब्लड सैम्पल रक्त कोष भेजना, खून चढ़ाने की प्रक्रिया मरीज के परिजन की जानकारी में शुरू करें, संक्रमण रोकना और हाथों की सफाई का ध्यान रखना, डिस्चार्ज समरी के साथ फाइल अकाउंट सेक्शन को भेजना, डिस्चार्ज समरी और मास्टर चार्ट मरीज के तीमारदारों को देना आदि को शामिल किया गया है।

# शंकरपुरवा वार्ड-2 में सीवर व पेयजल की समस्या से मिलेगी राहत



- विधायक ओ.पी. श्रीवास्तव ने राम धर्म कांटा पर वार्ड की जनता की सुनीं समस्याएं
- मौके पर ही अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश
- जल निगम, नगर निगम व जलकल विभाग मिलकर करेंगे स्थलीय निरीक्षण और बनाएंगे ठोस कार्य योजना

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

लखनऊ पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत शंकरपुरवा वार्ड-2 में आज विधायक मा. ओ. पी. श्रीवास्तव की पहल पर राम धर्म कांटा पर जनसुनवाई एवं स्थलीय निरीक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने पानी एवं सीवर संबंधी वर्षों से चली आ रही समस्याओं को प्रमुखता से रखा।

विधायक ने जलभराव और सीवर से जूझ रही जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना और तत्काल समाधान के लिए जलकल विभाग के महाप्रबंधक कुलदीप सिंह, अधिशासी अभियंता अनिल तथा सुएज कंपनी के अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि सीवर लाइन से संबंधित गंभीर समस्याओं के निवारण के लिए दीर्घकालिक योजना बनाई जाएगी और इसके लिए जल निगम, नगर निगम तथा जलकल विभाग संयुक्त निरीक्षण कर समन्वय के साथ ठोस कार्ययोजना तैयार करेंगे ताकि जनता को स्थाई राहत मिल सके।

जनता की मांग पर विधायक श्रीवास्तव स्वयं मौके पर पहुंचे और समस्याओं को प्रत्यक्ष देखा। निरीक्षण के समय विभागीय अधिकारी भी साथ उपस्थित रहे। इस जनसुनवाई में क्षेत्र के प्रबुद्धजन एवं नागरिक रामदयाल, आर. के. भदौरिया, सुदामा, अमित श्रीवास्तव, अरुण कुमार गुप्ता, गिरीश तिवारी, महेंद्र निगम, नागेंद्र प्रताप सिंह, हर्षित, बृजेश अवस्थी, डॉ. ज्ञानेश्वर सिंह तथा ओरी लाल ने अपनी समस्याएं रखीं।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष नरेंद्र देवड़ी, पार्षद प्रतिनिधि दीपक तिवारी सहित मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

**तैयारी** | यूपी सरकार एक लाख सूर्य सखियों से गांव-गांव तक पहुंचाएगी सौर ऊर्जा की रोशनी

# सौर ऊर्जा से रोशन होंगे प्रदेश के ग्रामीण व दूर-दराज के इलाके

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

यूपी सरकार प्रदेश की बेटियों और महिलाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है। वहीं ग्रामीण विकास में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए कई योजनाएं चलायी जा रही हैं। इसी के तहत योगी सरकार स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की सोलर पैनल, लाइटिंग, ईवी चार्जिंग समेत सोलर आधारित योजनाओं में भागीदारी बढ़ाने के लिए महिला सूर्य सखी से जोड़ने जा रही है। इसी क्रम में सीएम योगी के मार्गदर्शन में बुधवार को यूपीएसआरएलएम की ओर से DEWEE (Decentralized Energy for Women's Economic Empowerment) कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसका वर्ष 2030 तक 1 लाख महिला नेतृत्व वाले उद्यमों तक डीआरई (Decentralized Renewable Energy) को पहुंचाना है। इसके जरिये जहां सोलर एनर्जी के क्षेत्र में तेजी से इजाफा होगा, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण और शहरी महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत होंगी। कार्यक्रम में देश और विदेश के सौर ऊर्जा के क्षेत्र के विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे और डीआई को धरातल पर उतारने के लिए खाका खींचेंगे।

यूपीएसआरएलएम की निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि योगी सरकार की ओर से लगातार महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास पर जोर दिया जा रहा है। उनका यह मानना है कि अगर महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होंगी, तो समाज में समृद्धि का रास्ता खुल सकेगा। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में महिलाओं के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं, जिनमें डीआरई को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण कदम है। ऐसे में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण जीवन मिशन की ओर से डीआरई पहल महिला



स्वयं सहायता समूहों (SHGs) को सशक्त बनाने की दिशा में एक नया कदम है। उन्होंने बताया कि डीआरई ऑफ-ग्रिड यानी मिनी ग्रिड ऊर्जा समाधानों से संबंधित है, ग्रामीण और दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। इन इलाकों में पारंपरिक बिजली नेटवर्क पहुंचने में काफी परेशानी होती है, वहां डीआरई घरों और समुदायों को स्वच्छ, सस्ती और विश्वसनीय ऊर्जा प्रदान करेगा। इस पहल के जरिए महिलाएं न केवल अपनी आर्थिक स्थिति को सुधार सकती हैं, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा समाधानों के प्रचार-प्रसार में भी सक्रिय भूमिका निभा सकती हैं। कार्यक्रम में यूपीएसआरएलएम की निदेशक दीपा रंजन, पीसीआई इंडिया के जलवायु एवं रणनीति निदेशक शिशिर कुमार सिंह, ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी, यूपीनेडा के निदेशक इंद्रजीत सिंह, उद्योग निदेशक एवं एमएसएमई आयुक्त कानुपर केवी पांडियन, अपर मुख्य सचिव ग्रामीण विकास विभाग हिमांशु कुमार, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार के वरिष्ठ निदेशक-वैज्ञानिक जीवन कुमार जेठानी और गेट्स फाउंडेशन के निदेशक हरि मेनन आदि शामिल रहेंगे।

### महिलाओं को सौर ऊर्जा से जोड़ेगी योगी सरकार

डीईडब्ल्यूईई कार्यक्रम के तहत महिलाएं न केवल डीआरई समाधानों की स्थापना, रखरखाव और मरम्मत में सक्षम होंगी, बल्कि वे अपने समुदायों में स्वच्छ ऊर्जा से जुड़ी सेवाएं भी प्रदान करेंगी। इससे उनकी आय में वृद्धि होगी और वे समाज में बेहतर भूमिका निभा सकेंगी। इसके अलावा महिलाएं छोटे-छोटे उद्यमों को भी स्थापित कर सकेंगी, जिससे उन्हें सशक्त होने का एक नया अवसर मिलेगा। निदेशक ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभाग ने कई महत्वपूर्ण संस्थाओं के साथ साझेदारी की है। इसमें पीसीआई इंडिया, एचसीबीसी, ग्लोबल एनर्जी एलायंस फॉर पीपल एंड प्लेनेट, गेट्स फाउंडेशन इंडिया और प्रेरणा ओजस जैसी संस्थाएं शामिल हैं। यह संस्थाएं प्रदेश के 20 जिलों में डीआरई को धरातल पर उतारने में अहम भूमिका निभाएंगी। इन संस्थाओं के सहयोग से महिलाओं के लिए एक समावेशी और लचीला स्वच्छ ऊर्जा तंत्र का निर्माण किया जाएगा।

### आलमबाग मैट्रो स्टेशन पर युवक के बैग में मिला कारतूस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आलमबाग मैट्रो स्टेशन पर रुटीन चेकिंग के दौरान एक युवक के पास से जांच दल को कारतूस मिला है। इसके बाद आलमबाग पुलिस ने युवक से कारतूस के बारे में पूछताछ शुरू कर दी है। मैट्रो की सुरक्षा टीम में तैनात अभिषेक कुमार ने मंगलवार को बताया कि सोमवार शाम को एक युवक के बैग को जांच के लिए एक्सरे स्कैनिंग मशीन में डाला, तो बैग में जिंदा कारतूस दिखा। कारतूस दिखते ही सुरक्षा टीम ने बैग और युवक को पकड़कर स्टेशन पर बने कंट्रोल रूम ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। उसने अपना नाम जौनपुर जिले के रहने वाला मो. मुसैफी अजीज बताया। कारतूस पर डब्ल्यूसी 043 अंकित था। मैट्रो स्टेशन प्रबंधन की ओर से युवक के खिलाफ आलमबाग पुलिस को तहरीर दी गई। आलमबाग थानेदार सुभाष चन्द्र ने बताया कि युवक से बरामद कारतूस के पीछे का मकसद क्या है, इसका पता लगाया जा रहा है।

# हर-हर महादेव का नारा लगा लाखों कावड़ियों ने किया जलाभिषेक

▸ जिला प्रशासन का इंतजाम देखकर बोले कांवरिया, कहा वाह रे गोंडा

नरेंद्र लाल गुप्ता





**गोंडा,समृद्धि न्यूज़।** इस वर्ष कजरी तीज के अवसर पर इंतजाम देखकर कांवरियों ने कहा वाह रे गोंडा जिला प्रशासन मन प्रफुल्लित हो गया क्योंकि इस वर्ष जो मंदिर का इंतजाम था उसे प्रसाद चढ़ाने में हम लोगों को कोई दिक्कत नहीं हुई इसलिए जिला प्रशासन को दिल से धन्यवाद है सोमवार की देर रात्रि से जल चढ़ाना शुरू हुआ जो मंगलवार के दिन देर शाम जल चढ़ाने का सिलसिला चलता रहा। सोमवार के दिन कावड़ियों का जत्था हाइवे पर जल लेने के लिए जाते हुए दिखाई पड़ रहे थे। रिमझिम बारिश का आनंद लेते हुए भगवा कलर में कावड़िया दो पहिया वाहन ,चार पहिया वाहन बस और छोटी हाथी पर सवार हो कर जल लेने के लिए सरयू घाट कर्नल गंज , नया घाट से जल लेकर कावड़ियों का जत्था हर हर माह देव , बोल बम का नारा लगाते हुए 40 से 50 किलो मीटर की दूरी तय कर के शहर के दुख हरण नाथ मंदिर , खरगू पुर के पृथ्वी नाथ मंदिर वजीर गंज के बाबा बालेश्वर नाथ मंदिर कर्नल गंज के बरखंडी मंदिर और मनका पुर के करोहां नाथ मंदिर पहुंच कर लाखों कांवरियों ने जलाभिषेक किया। सोमवार के देर रात्रि से ही बड़ी संख्या में कावड़ियों आने लगे। पूरी रात्रि से लेकर मंगलवार की सुबह तक लाखों कांवरिया बाबा दुखहरण नाथ मंदिर पर जल चढ़ा चुके थे। जल चढ़ाने के बाद बड़ी संख्य में कावड़िया थक कर सड़क पर ही आराम करने लगे थे। जिला प्रशासन ने चारों तरह बैरी कैटिंग लगा कर आने जाने वाले लोगों का रास्ता बंद कर दिया था। कावड़िया मंगल वार के दिन जलाभिषेक करने के बाद अपने अपने साधन प्राइवेट साधन से लौटने लगे थे। कांवरियों की भीड़ खत्म हो गई थी।

इसके बाद शहर के लोकल शिव भक्ति की भीड़ जिस में महिलाएं बड़ी संख्या में पहुंच कर दुख हरण नाथ मंदिर पर जलाभिषेक करने लगी थी। मंदिर और शिवालय में लोग दिन भर जलाभिषेक करते हुए बाबा से अपनी मनोकामना की पूर्ति की प्राथना किया। शिव भक्त बेल पत्र मदार भाग धतूरा दूध से शिवलिंग पर चढ़ कर पूजा किया।

### प्रसाद वितरण का लगा रहा ताता

कजरी तीज के अवसर पर शहर से लेकर हाइवे पर दर्जनों पंडाल लगा कर प्रसाद वितरण का सिल सिला पूरी रात्रि तक चलता रहा। जिस में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद वितरण का कार्य किया। शहर के एलबी एस चौराहे से लेकर अंबेडकर चौराहे तक दर्जनों पंडाल लगा हुए था। जिस में भारतीय जनता पार्टी समाज वादी पार्टी और भाजपा के युवा नेता उमेश शुक्ला, ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन का पंडाल लगा था। जिस में पुड़ी सब्जी दाल चावल चना बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया। पूरी रात्रि शिव का जागरण भी किया गया।



## बाबा दुखहरण नाथ फलाहारी सेवा समिति द्वारा लगाया गया शिव भक्तों के लिए स्टॉल

**गोंडा,समृद्धि न्यूज।** कजरी तीज के पावन पर्व पर सरजू घाट से जल लेकर कांवड़ियों ने बाबा दुखहरणनाथ मंदिर पर जल अभिषेक के लिए लाखों की भीड़ कतार में लगी रही। कांवड़ियों की सेवा करने के लिए लालपुर चंद्रभान पड़ाव निकट हारीपुर लखनऊ रोड पर बाबा दुख हरण नाथ फलाहारी सेवा समिति द्वारा पंडाल लगाया गया जिसमें फलाहारी साबूदाने का खीर,साबूदाना मूंगफली, फलाहारी आलू, नींबू की चाय, दूध की चाय ,और फल आदि श्रद्धालुओं को वितरण किया गया।और श्रद्धालुओं के लिए नहाने के लिए झरने की पानी की व्यवस्था और वाइब्रेटर की मशीन की व्यवस्था की गई थी। इस कार्यक्रम में शिव शंकर सोनी, संतोष सोनी, रवि सोनी, अमित सोनी, आयुष सोनी, सोम सोनी, देवेंद्र सोनी , दीपक मराठा,दिनेश मिश्रा, माया सोनी ,आरती सोनी , रंजना सोनी, ममता सोनी, सरगम सोनी, आंचल सोनी सहित अन्य लोग कांवड़ियों की सेवा की करने में जुटे रहे।

## नहीं थम रहा चोरी का सिलसिला निशाने पर ज्ञान का मंदिर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** खैरीघाट थाना क्षेत्र में चोरी का सिलसिला लगातार बढ़ता जा रहा है। एक ही विद्यालय को दो सप्ताह में तीन बार चोरों ने सिलसिले वार तरीके से निशाने पर लिया गया। लाखों का सामान चोरों ने विद्यालय से पार कर दिया। जिससे अब इलाके में पुलिसिया तामझाम पर सवाल उठने लगे हैं। थाना क्षेत्र के बसंतापुर गांव में चार माह में छः बड़ी चोरी ने पुलिस के इकबाल पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है। उच्च प्राथमिक विद्यालय बसंतापुर में सिलसिले वार तरीके से चोरियां हो रही है। रविवार सोमवार की रात चोरों ने विद्यालय का ताला काटकर अंदर दाखिल हुए और हजारों का सामान चुरा ले गए। प्रधानाध्यापिका अनवर परवीन ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया है कि, विद्यालय में रखी कुर्सी, मेज, एवं लोहे की रेलिंग व छत में लगे दो पंखे एवं अन्य सामान चोर चुरा ले गए।

# शिव भक्तों ने स्कूलों की फीस मनमानी पर लिखवाया पत्र

▸ मुख्यमंत्री को भेजा स्पीड पोस्ट के जरिए 35703 पत्र

**गोंडा,समृद्धि न्यूज़।**



35703 शिव भक्तों ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र कजरी तीज के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय छात्र पंचायत की कार्यकर्ताओं के द्वारा पोटरगंज गोंडा में हेल्थ कैंप लगाया गया था, वह इस अवसर पर श्रद्धालुओं से पत्र भी लिखवाया जा रहा था मुख्यमंत्री जी के नाम तथा उनसे यह अपील की जा रही थी कि जब वह बाबा दुखहरणनाथ पर जलाभिषेक करने जाएं तो उनसे यह मांग जरूर करें कि प्रदेश सरकार प्राइवेट स्कूलों की जो फीस के नाम पर मनमानी है, इस पर लगाम लगाने के लिए प्रदेश में बिल लेकर आए। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडेय ने बताया कि बाबा दुखहरण नाथ में बहुत ताकत है, हमारे यहां यह मान्यता रही है कि जो बाबा दुखहरण नाथ पर जलाभिषेक करता है उसकी सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

तो हमने भी श्रद्धालुओं से यह अपील की है कि वह बाबा दुखहरण नाथ से मांग करें कि प्रदेश सरकार फीस बिल रेगुलेशन लेकर आए। इसी को लेकर 35703 श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री जी के नाम पर पत्र लिखा है। इस पत्र को आज हमने स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा है, 2 से 3 दिनों के अंदर मुख्यमंत्री तक पहुंचेगी और हमारी यह आशा है मुख्यमंत्री छात्रों व विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए फीस बिल लाने का काम करेंगे। व जिला महामंत्री आलोक गुप्ता ने बताया कि जब तक उत्तर प्रदेश में फीस बिल रेगुलेशन नहीं आएगा, तब तक हम लोग कार्यक्रम के माध्यम से जनता को जागरूक करके सरकार को संदेश देते रहेंगे।

# विश्व बंधुत्व के रूप में मना दादी प्रकाश मणि जी का पुण्य स्मृति दिवस

**परसपुर /गोण्डा समृद्धि न्यूज़।**



सत्कर्म जीवन को सुगम बनाता है, प्रेम दया क्षमा करूणा मानव का श्रंगार है दुवाएं दवा से कहीं अधिक कारगर साबित होती है। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय परसपुर सेवा केन्द्र पर दादी प्रकाश मणि जी का अट्ठारहवां पुण्य स्मृति दिवस विश्व बंधुत्व के रूप में मनाया गया।

राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी अनामिका बहिन ने दादी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धा सुमन अर्पित किया। भाई बहिनों को सम्बोधित करते हुए राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी अनामिका बहिन ने कहा कि डाक्टर प्रकाश मणि दादी जी का जीवन संसार के समस्त मनुष्यों के लिए अनुकरणीय साबित हो सकता है,दादी जी ने अपने जीवन में शांति प्रेम आंनद खुशी शक्ति -सत्यता पवित्रता करूणा दया क्षमा जैसे मूल्यों को आत्मसात कर रखा था,वह सभी को समान भाव से सम्मान देती थी, दादी जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन मूल्य निष्ट समाज की स्थापना में लगा कर विश्व के एक सौ पैंतालीस देशों में ब्रह्मा कुमारीज़ संस्थान के सेवा केन्द्रों को स्थापित कराकर लाखों लोगों को व्यशन मुक्त कर निर्विकारी बना कर चरित्र वान बना दिया, मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश की सरकारों द्वारा लाखों रुपए के ईनामी चम्बल घाटी के मशहूर डाकू पंचम सिंह जी को करूणा दया क्षमा का पाठ पक्का करा कर सम्मानित जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त करा दिया,जो आज भारत सहित विश्व भर में घूम घूम कर लोगों को नैतिकता का पाठ पढ़ा रहें हैं ,दादी जी दया क्षमा करूणा के साथ साथ लोगों को सत्कर्म करने के लिए प्रेरित किया करतीं थीं,ऐसी प्रेरणा स्रोत दादी जी के जीवन से हम सभी को सीख लेकर मानवीय गुणों से सुशोभित होकर जिंदगी जीनी चाहिए ताकि हमारे कर्म से लोगों को सुख मिले।

उक्त अवसर पर आये हुए सभी भाई बहनों ने दादी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर , अपने अपने जीवन में नैतिकता भरने का संकल्प लिया। राजयोगी डॉ. सुरेश चंद्र तिवारी राधेश्याम मिश्रा, कृष्ण कुमार तिवारी रामेंद्र नारायण सिंह,कमला प्रसाद सिंह आदि ने भी सम्बोधित किया, जगदीश सोनी राघवेन्द्र पाण्डेय अनूप सिंह सुनील भाई राज सोनी पिंकी सिंह लक्ष्मी मिश्रा लक्ष्मी सोनी बबिता उमा रमा सुषमा मन्ना ज्योति पूजा डाली सहित तमाम जिज्ञासुओं ने भोजन प्रसाद स्वीकार किया।

# पृथ्वी नाथ आए श्रद्धालुओं के लिए लगा प्रसाद का पंडाल



**गोंडा,समृद्धि न्यूज़।**

कजरी तीज को लेकर श्रद्धालुओं द्वारा सोमवार भोर से ही कांवरियों का जत्था करनैलगंज के सरयू नदी से जल भरकर एशिया का विराट एवं पौराणिक शिव मंदिर बाबा पृथ्वीनाथ मंदिर पर जलाभिषेक के लिए बम बम भोले, ओम नमः शिवाय,बोल बम का नारा है बाबा तेरा सहारा है के उद्घोष का नारा लगाते हुए कांवरियों का जत्था जाता।

कजरी तीज पर्व को लेकर स्थानीय व दूरदराज के श्रद्धालुओं द्वारा करनैलगंज के सरयू नदी से जल भरकर एशिया के विराट एवं पौराणिक शिव मंदिर बाबा पृथ्वीनाथ मंदिर पर भगवान शंकर के जलाभिषेक के लिए कांवरियों का जत्था ओम नमः शिवाय ,बोल बम का नारा है, बाबा एक सहारा है,बम बम भोले के गगन भेदी जयकारे के साथ श्रद्धालुओं का जत्था जाता हुआ। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई समस्या न हो इसके लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की टीम जगह-जगह मुस्तैद रही तो वही भक्तों द्वारा जगह-जगह पर पंडाल लगाकर श्रद्धालुओं के खान-पान व रहने की पूरी व्यवस्था किए हुए हैं। कौड़िया चौराहे पर कटरा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि भवानी भीख शुक्ला, प्रधान विरवा शिव भगवान शुक्ला, रंजन तिवारी राजेश तिवारी ,कौड़िया रेलवे क्रॉसिंग के पास जिला पंचायत सदस्य मनोज शुक्ला , राम जी शुक्ला कौड़िया गांव प्रधान रिंकू मिश्रा शिवपाल तिवारी, बनगाई गांव के पास मोहित दुबे राहुल दुबे , आर्यनगर असिधा मार्ग पर जिला पंचायत सदस्य श्रवण शुक्ला, राजकुमार उर्फ गोली दुबे , लैबुडवा गांव के पास शिवदयाल शुक्ला गिरजा दयाल शुक्ला मुन्ना शुक्ला अशीष शुक्ला, सुनील शुक्ला कुलदीप वर्मा, सहित काफी लोगों ने जगह-जगह पंडाल लगाकर शिव भक्तों को प्रसाद वितरण किया।

# बिजली कनेक्शन काटने पर नाराज लोगों ने विद्युत कर्मी को पीटा

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**



नगर कोतवाली क्षेत्र में बिजली बिल बकाया होने पर एक उपभोक्ता का कनेक्शन काटने के बाद विद्युत कर्मी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। सिविल लाइन पावर हाउस पर तैनात विद्युत कर्मी ने उच्चाधिकारियों के निर्देश पर आंबेडकर पार्क के सामने रहने वाले राकेश का बिजली कनेक्शन काटा था। विद्युत कर्मी विजय के अनुसार, कनेक्शन कटने से नाराज राकेश ने पहले फोन पर उनकी लोकेशन पूछी। इसके बाद वह अपने साथियों के साथ पावर हाउस पहुंचा और उनके साथ मारपीट की। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ लोग विद्युत कर्मी से हाथापाई करते दिख रहे हैं। पीड़ित विद्युत कर्मी ने विभागीय अधिकारियों को घटना की जानकारी देने के साथ स्थानीय कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# झिंगहाघाट व रामलीला मैदान का डीएम ने किया निरीक्षण

## आगामी त्योहारों को लेकर लिया साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



आसन्न श्री दुर्गापूजा, नवरात्रि एवं दशहरा इत्यादि त्यौहारों के अवसर पर घाटों की साफ-सफाई, विसर्जन स्थल झिंगहाघाट की व्यवस्था, रामलीला मैदान तथा श्री गुल्लावीर मन्दिर के सौन्दर्यीकरण इत्यादि के दृष्टिगत जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने उप जिलाधिकारी सदर पूजा चौधरी, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष के प्रतिनिधि श्यामकरन टेकड़ीवाल, अधि.अभि. सरयू ड्रेनेज खण्ड जे.पी. वर्मा सहित अन्य अधिकारियों व अन्य के साथ विसर्जन स्थल झिंगहाघाट, रामलीला मैदान व श्री गुल्लावीर मन्दिर का निरीक्षण किया। विसर्जन स्थल झिंगहाघाट के निरीक्षण के दौरान डीएम श्री त्रिपाठी ने अधि.अभि. सरयू ड्रेनेज खण्ड को निर्देश दिया कि सरयू नदी की साफ-सफाई के लिए ड्रोन से वीडियोग्राफी कराकर सफाई की कार्ययोजना उपलब्ध करायें ताकि नगर पालिका परिषद के माध्यम से नदी की समुचित साफ-सफाई करा दी जाये जिससे मूर्तियों के विसर्जन के समय किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके पश्चात डीएम ने रामलीला मैदान व श्री गुल्लाबीर मन्दिर का निरीक्षण कर साथ में मौजूद समिति के अध्यक्ष श्री टेकड़ीवाल से रामलीला मैदान तथा मन्दिर के सौन्दर्यीकरण के सम्बंध में चर्चा की। श्री गुल्लाबीर मन्दिर पहुंचने पर डीएम ने पूजा अर्चना भी की।

# मेडिकल कॉलेज में एंडोस्कोपी-टीएमटी मशीन का किया उद्घाटन

▸ टीएमटी मशीन के जरिए हृदय रोगों की होगी जांच, हृदयाघात की आशंका का समय पर लगाया जा सकेगा पताः डॉ संजय खत्री

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ''सबको स्वास्थ्य, उत्तम स्वास्थ्य÷ के विज़न और उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के मार्गदर्शन में बहराइच मेडिकल कॉलेज को आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का तोहफा मिला है। सोमवार को कॉलेज परिसर में इमरजेंसी आईसीयू, फुजीफिल्म एंडोस्कोपी मशीन और ट्रेडमिल टेस्ट (टीएमटी) मशीन का उद्घाटन किया गया। प्राचार्य डॉ. संजय खत्री और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एम.एम.एम. त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से इन सुविधाओं का शुभारंभ किया। मीडिया प्रभारी डॉ. अरविंद शुक्ला ने बताया की नए इमरजेंसी आईसीयू में 10 बेड की व्यवस्था है, जिसमें 5 बेड वेंटिलेटर से लैस हैं। यह सुविधा गंभीर मरीजों को तत्काल और उन्नत उपचार प्रदान करेगी।फुजीफिल्म एंडोस्कोपी मशीन से पाचन तंत्र की समस्याओं जैसे अल्सर, कैंसर और गैस्ट्रिक रोगों का सटीक निदान हो सकेगा।

टीएमटी मशीन के जरिए हृदय रोगों की जांच होगी, जिससे हृदयाघात की आशंका का समय पर पता लगाया जा सकेगा। ये सुविधाएं न सिर्फ बहराइच, बल्कि आसपास के जिलों के मरीजों के लिए भी वरदान साबित होंगी। अब मरीजों को जांच और उपचार के लिए लखनऊ या अन्य बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। प्राचार्य डॉ. संजय खत्री ने कहा इन आधुनिक सुविधाओं से मेडिकल कॉलेज की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

अब मरीजों को यहीं उच्चस्तरीय उपचार मिलेगा। सीएमएस डॉ. एम.एम.एम. त्रिपाठी ने बताया आईसीयू, एंडोस्कोपी और टीएमटी मशीन से उपचार अधिक प्रभावी और त्वरित होगा। मीडिया प्रभारी डॉ. अरविंद शुक्ला ने कहा, मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के निर्देश पर ये सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। यह बहराइच की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए ऐतिहासिक कदम है। इस अवसर पर उप-प्राचार्य डॉ. मलिक, डॉ. मितलेश, डॉ. अनूप, डॉ. अमित, डॉ. अरविंद शुक्ला, डॉ. कुरील, डॉ. राजेन्द्र शुक्ला, डॉ. एम.एम. खान, अस्पताल प्रबंधक रिवान सहित कई वरिष्ठ चिकित्सक और कर्मचारी मौजूद रहे।

# आकांक्षी जनपद बहराइच के विकास में भागीदार बनेगी शिक्षा

▸ कक्षा 8 उत्तीर्ण कोई भी बच्चा अगली कक्षा में प्रवेश लेने से नही रहेगा वंचित

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**



शासन द्वारा वर्ष 2024-25 में कक्षा-8 में अध्ययनरत रहे सभी बच्चों का कक्षा 9 में शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित कराने के लिए 01 अप्रैल से 15 अप्रैल 2025 तक संचालित किये गये विशेष नामांकन अभियान की समीक्षा में पाया गया कि 20 मई 2025 तक मात्र 50 प्रतिशत बच्चों द्वारा ही कक्षा-9 में प्रवेश लिया गया जो कि काफी कम है। इस स्थिति का संज्ञान लेते हुए जिले के समस्त विद्यालयों एवं मदरसों के कक्षा 08 उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को अगली कक्षा में प्रवेश दिलाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा अभिनव प्रयास किये जा रही हैं। कक्षा 8 उत्तीर्ण कोई भी बच्चा अगली कक्षा में प्रवेश लेने से वंचित न रहने पाये इसके लिए डीएम के निर्देश पर समस्त ब्लाकों के लिए 01-01 नोडल अधिकारी व सह नोडल अधिकारी तथा सम्बन्धित ब्लाकों के सीडीपीओ व बीईओ को ब्लाक स्तरीय समन्वय अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिलाधिकारी का मानना है कि बहराइच जैसे आकांक्षी जनपद के सर्वांगीण विकास में शिक्षा एवं लघु उद्योगों की स्थापना महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। जहां शिक्षा व्यक्ति को ज्ञान, कौशल और आत्मविश्वास प्रदान करके सशक्त बनाती है, जिससे वह बेहतर निर्णय लेने में सक्षम होते है जिससे वे जीवन में सफल होते है। शिक्षा सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देती है, जिससे समाज में समृद्धि और वैज्ञानिक उन्नति आती है। शिक्षा व्यक्तित्व को निखारती है, नैतिक मूल्य सिखाती है और लोगों को समाज का एक जिम्मेदार नागरिक बनने में मदद करती है।

वहीं दूसरी ओर लघु उद्योगों की स्थापना से आमजनमानस को रोज़गार के अवसर प्राप्त होते हैं। इसी मंत्र को मूर्तिरूप देने के लिए जनपद का जिलाधिकारी का पदभार ग्रहण करते ही श्री त्रिपाठी द्वारा शिक्षा के विकास के साथ सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमों को गति प्रदान करने व मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान को धरातल पर कार्यान्वित करने हेतु भागीरथ प्रयास किये जा रहे हैं। कक्षा 08 उत्तीर्ण शत-प्रतिशत बच्चों को उच्च कक्षा में प्रवेश दिलाये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने खण्ड शिक्षा अधिकारियों व बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देश दिया।

# अपेक्स इंटरनेशनल स्कूल का रहा दबदबा

**कैसरगंज,बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**




थाना कैसरगंज अंतर्गत लखनऊ-बहराइच राजमार्ग स्थित अपेक्स इंटरनेशनल स्कूल की अंडर-14 फुटबॉल टीम ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। टीम ने श्री राजेंद्र गिरी मेमोरियल अकादमी, लखीमपुर खीरी में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर-4 (प्रयागराज) फुटबॉल प्रतियोगिता में शानदार जीत दर्ज कर भोपाल, मध्यप्रदेश में होने वाली सीबीएसई राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता 2025 के लिए क्वालीफाई किया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल, अनुशासन और खेल भावना का परिचय दिया। निर्णायक मुकाबले में टीम ने दमदार खेल दिखाते हुए जागरण पब्लिक स्कूल, लखनऊ को पराजित कर विजयी ट्रॉफी पर कब्ज़ा जमाया। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और अभिभावकों ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर टीम और प्रशिक्षकों को हृदय से बधाई दी। अब यह टीम राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेगी। उल्लेखनीय है कि इसी सत्र में विद्यालय के कक्षा 11 के छात्र शिवांश कुमार राव ने (उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड) की क्रिकेट अंडर-17 टीम में अपना स्थान सुनिश्चित कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। इस सफलता में हाजी खतीब अहमद, आमिर फ्लेक्स हाउस के प्रोपराइटर आफताब अहमद, मोहम्मद आवेश एवं मोहम्मद आमिर का खिलाड़ियों को विशेष सहयोग रहा।

## देवीपाटन मंडल की उप निदेशक ने सोहरवा में अमरूद और किन्नू की खेती का किया निरीक्षण



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** देवीपाटन मंडल की उप निदेशक उद्यान गीता त्रिवेदी ने बहराइच में किसानों के खेतों का निरीक्षण किया। उन्होंने सोहरवा गांव में प्रगतिशील किसान लालता प्रसाद गुप्ता के ताईवान अमरूद और किन्नू के बाग का दौरा किया। रायपुर गांव में लालजी और कल्लूराम के मचान पर लौकी, खीरा और मिर्च की खेती का भी जायजा लिया। उप निदेशक ने किसानों से फसलों के उत्पादन और बाजार में बिक्री की जानकारी ली। उन्होंने किसानों को बताया कि उन्नत खेती के लिए कृषि विभाग हमेशा सहायता के लिए तैयार है। किसानों को बेहतर खेती के लिए विभाग के अधिकारियों से नियमित संपर्क बनाए रखने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी, योजना प्रभारी पंकज वर्मा और वरिष्ठ सहायक जितेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# गणेश प्रतिमा स्थापना पर पटाखे से तनाव, पुलिस ने कराया शांत

▸ पटाखे का टुकड़ा घर में गिरने से विवाद, लोगों ने दिया धरना

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**



मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सभा उर्रा बाजार में सोमवार की देर शाम को गणेश प्रतिमा की जुलूस निकालने के दौरान विवाद की स्थिति बन गई। कारीकोट मंदिर से डीजे और पटाखों के साथ प्रतिमा को सामुदायिक भवन गणेश पूजा पंडाल पर लाया जाया जा रहा था। मेन बाजार रास्ते में लोग उत्साह में पटाखे फोड़ रहे थे। इस दौरान एक पटाखे का टुकड़ा रफीक नाम के ग्रामीण के घर में गिर गया। इस पर रफीक के परिवार ने विरोध किया। विरोध के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया। इस पर गणेश पूजा कमेटी के पदाधिकारी और ग्रामीण ओमप्रकाश सोनी के घर के पास प्रतिमा के साथ अनशन पर बैठ गए। जालिमनगर चौकी इंचार्ज कृष्ण कुमार सिंह ने समझाने का प्रयास किया। कमेटी के कोषाध्यक्ष आर पी निगम ने थानाध्यक्ष मोतीपुर से वार्ता की, जिसके बाद अनशन समाप्त हुआ।कमेटी के अध्यक्ष संदीप मौर्य ,अंरविद गुप्ता, अनिल गुप्ता,विश्वास निगम, सचतानदं शर्मा अरुण गुप्ता, शैलेंद्र साहनी, झैलू, अमित सोनी ,अमन रस्तोगी , अखिलेश कौलिक अन्य पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन द्वारा कार्रवाई नहीं की गई तो बुधवार को गणेश जी का पट नहीं खुलेगा और सभी कार्यक्रम स्थगित कर दिए जाएंगे। थाना प्रभारी मोतीपुर के अनुसार पटाखे दागने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हुई थी। मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### जर्मनी से प्रशिक्षित डॉक्टर महराजगंज में करेंगे मरीजों का इलाज



**महराजगंज, रायबरेली।** हड्डी रोग व स्पोर्ट्स इंजरी क्लीनिक का कोफ्ता मेडिकल हॉल बैंक ऑफ़ बड़ौदा के बगल मे भौसी आश्रम के महंत नंद महाराज चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू ने फीता काटकर भव्य उद्घाटन किया। डॉ अनुराग मिश्रा के द्वारा मरीजों का इलाज किया जाएगा एमबीबीएस गवर्नमेंट स्टेनली मेडिकल कॉलेज चेन्नई जर्मनी से ऑर्थोपेडिक्स ट्रामा व स्पोर्ट्स इंजरी में प्रशिक्षित 10 वर्षीय जर्मनी के अनुभव के साथ महराजगंज में मंगलवार को बैठेंगे। इस मौके पर जवाहर नवोदय विद्यालय के वाइस प्रिंसिपल जीप मिश्रा राजा चंद्रचूड़ इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह समाजवादी पार्टी नेता सुधीर साहू राम अभिलाष यादव नवोदय शिवसागर साहू पीयूष साहू सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

### गिर गई कच्ची कोठरी दूसरे के दरवाजे हो रहा निवास एसडीएम से गरीब ने लगाई गुहार



**महराजगंज, रायबरेली।** राजा राम पुत्र महादेव निवासी ग्राम भौसी मजरे डोमापुर विकासखंड महराजगंज जिला रायबरेली ने एसडीएम को लिखित शिकायती पत्र देते हुए बताया कि प्रार्थी एक मजदूर गरीब असहाय व्यक्ति है जिसका गांव में कच्चा मकान घर बना था लगातार बरसात होने के कारण प्रार्थी की कच्ची बनी कोठारी दिनांक 25.8.2025 को 4:00 बजे रात में गिर गई है। प्रार्थी को रहने हेतु कोई व्यवस्था नहीं है प्रार्थी अपने बच्चों सहित दूसरे के दरवाजे पर रहता है। प्रार्थी के मकान की जांच करवाए जाने एवं राहत सामग्री व मकान बनाने हेतु सरकारी आवास दिलाए जाने की आवश्यकता है। राजाराम ने एसडीएम से गुहार लगाई।

### करंट की चपेट में आने से 16 वर्षीय किशोर की मौत

**महराजगंज, रायबरेली।** करंट की चपेट में आने से 16 वर्षीय किशोर की गई जान। जुनैद पुत्र मिराज निवासी गोलहा मजरे जिव्हा घर पर पंखा सही कर रहा था की तभी करंट की चपेट में आ गया जब तक परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचते उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों द्वारा बताया गया कि घर पर फर्राटा पंखा सही कर रहा था जुनैद और वह करंट की चपेट में आ गया हम लोग पहुंचे तो करंट की चपेट में था उसे छुड़ाया गया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर जाया गया जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया।

### एनएस फोर द्वारा किया गया पूर्व मुख्यमंत्री के जयंती वर्ष पर गोष्ठी का आयोजन



**सीतापुर।** महोली के गुरसंडा गांव में बिहार प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री बाबा विंदेश्वर प्रसाद मंडल उर्फ वीपी मंडल की 107 वीं जयन्ती वर्ष पर उनके द्वारा किये कृत्यों पर विचार गोष्ठी का आयोजन सामाजिक संगठन एन एस फोर द्वारा आयोजित किया गया जिसमें जिले के बुद्धजीवियों ने वीपी मडंल के संघर्षों को अपने मुखार शब्दों से उनके द्वारा दवे कुचले दलित पिछड़ों के प्रति किये कार्यों को उजागर किये।कार्यक्रम की मुख्यातिथि मंजरी राही ने कहा,वीपी मंडल स्वयं जमीदारी परिवार से थे,उसके वावजूद ओ इस प्रथा के धुर विरोधी थे,समाज को बराबरी का दर्जा मिले उसके लिए जीवंत पर्यंत संघर्ष किया। गोष्ठी के प्रमुख वक्ता सन्तोष भार्गव ने कहा वीपी मंडल जी ने सबसे पहले अपने समाज को जनेव धारण कराकर समाज को बराबरी का जो साहस भरा कार्य किया स्वयं में उस समय अनोखा था,बाबा साहब द्वारा पिछड़ों के 27% आरक्षण को पूर्ण रूप से लागू हो संघर्ष किया,जेएनयू दिल्ली विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों में विद्यार्थियों को 15%से 22 सीटे आरक्षित कराकर नौजवानों को एक स्वर्णिम अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम के आयोजक शिवस्रह्नमार भार्गव ने कहा वीपी मंडल लोकतंत्र के एक सच्चे प्रहरी थे, उनका पूरा जीवन समाज के उथान में लगा रहा। कार्यक्रम में प्रमुखता से इंद्रपाल सिंह यादव, श्रीकृष्ण यादव, सन्त कुमार श्रवण कुमार आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### सीडीओ की अध्यक्षता में जिला आयुष समिति की बैठक संपन्न



**सीतापुर।** जिला आयुष समिति की एक बैठक मुख्य विकास अधिकारी सीतापुर प्रणता ऐश्वर्या की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी कक्ष, विकास भवन, सीतापुर में सम्पन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय आयुष मिषन, लखनऊ उप्र द्वारा संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, योग वेलनेस सेण्टरों तथा निर्माणाधीन चिकित्सालय भवनों के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी तथा आवष्यक निर्देश मुख्य विकास अधिकारी महोदया द्वारा दिये गये। पार्कों में योग के सम्बन्ध में महावीर पार्क तथा सरोजनी पार्क में प्रातःकालीन एवं सायं कालीन वेला में योग कराने तथा उसके प्रचार प्रसार के निर्देष दिये गये। बैठक में जिला परियोजना निदेशक, जिला पंचायत राज अधिकारी, उपजिलाधिकारी सदर, अधीक्षक जिला चिकित्सालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला औषधि निरीक्षक, नीमा प्रतिनिधि डॉ यूसी दीक्षित, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डा गीता, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक आयुष अम्बुज कुमार सहित क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा अमित गुप्ता उपस्थित रहे।

### पुलिस अधीक्षक ने की जनसुनवाई



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय गौरीगंज में मंगलवार को जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई के दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को पुलिस अधीक्षक द्वारा सुना गया तथा उनकी शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित अधिकारियों को आवश्यक आदेश दिये गए।

### विभिन्न खेलों के जिला स्तरीय चयन का किया गया आयोजन



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिला खेल कार्यालय के उपक्रीड़ाधिकारी शमीम अहमद ने बताया कि प्रदेशीय संघ के समन्वय से प्रदेश स्तरीय सबजूनियर बालिका हैण्डबाल प्रतियोगिता हेतु जनपद में जिला स्तर चयन/ट्रायल्स डॉ भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में सम्पन्न हुआ। उन्होंने बताया कि सबजूनियर हैण्डबाल बालिका वर्ग में क्रमशः साक्षी, आराध्या मिश्रा, गौरी मोदनवाल, आंचल, प्रिया कौशल, सिद्धी दूबे, अग्रिमा सिंह, मानसी, शिवांगी सिंह व अनन्या मिश्रा का चयन किया गया। उन्होंने बताया बताया कि पं दीन दयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी के अवसर पर होने वाले प्रदेश स्तरीय सीनियर पुरूष वर्ग हॉकी प्रतियोगिता हेतु जिला स्तर चयन में क्रमशः अंकेश चौहान, सिद्धान्त, अंश, राज कुंवर, आयुष सिंह, रूपेश मिश्र, अहम शर्मा, तुषार कुमार पाण्डेय, तेजस सिंह व शिखर मिश्रा का चयन किया गया। प्रदेश स्तरीय सबजूनियर फुटबाल बालक वर्ग हेतु जिला स्तर पर क्रमशः आदित्य यादव, दीपक कुमार, पर्व पाण्डेय, शाश्वत सिंह राणा, अनुभव अग्रहरी, नरसिंह गुप्ता, जितेन्द्र मिश्र, रूद्र कुमार त्रिवेदी, मो. मोहसिन व हर्षवर्धन त्रिपाठी तथा आरक्षित वर्ग में खिलाड़ी क्रमशः सुमित, अथर्व विक्रम सिंह, दर्शवीर गुप्ता व अभिज्ञान श्रीवास्तव का चयन किया गया।

### डलमऊ सीएचसी मै फैली अव्यवस्थाएं



**डलमऊ रायबरेली।** सरकार के सख्त निर्देशों के बावजूद भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ में स्वास्थ्य सुविधाएं सुधारने का नाम नहीं ले रही है। आलम यह है कि अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा मरीजों को भुगतने के लिए मजबूर होना रहा है। मौसम के अचानक परिवर्तन के बाद डलमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की संख्या 300 से 400 के करीब पहुंच गई है। चिकित्सकों की कमी से जूझ रहे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ में हड्डी रोग विशेषज्ञ,बाल रोग विशेषज्ञ, वार्ड बॉय, सफाई कर्मचारी, महिला स्टाफ नर्स, सहित कई कर्मचारियों का टोटा है वहीं दूसरी तरफ मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है इसके साथ ही सीएचसी में मरीज को भर्ती करने के लिए इमरजेंसी कक्ष कूलर और पंखे खराब पड़े है, बेडो मे चादर तक नहीं है, इतना ही नहीं लेबर कक्ष में खुले आम आवारा कुत्ते घूम रहे जिससे नवजात शिशुओं में संक्रामक बिमारियों के फैलने का खतरा बना रहता है। फिर भी सीएचसी अधीक्षक और उच्चाधिकारी मामले को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। सीएचसी में स्वास्थ्य सुविधाएं और मरीज का उपचार ज्यों का त्यों किया जा रहा है। मरीजो ने सीएचसी में फैली अव्यवस्थाओं को दूर करने के लिए कई बार सीएचसी अधीक्षक से शिकायतभ की लेकिन शिकायत का निस्तारण आज तक नहीं हो सका।

# मंडलायुक्त ने कलेक्ट्रेट सभागार में की समीक्षा बैठक

▸ भिक्षावृत्ति कार्यों में लगे लोगों को चिन्हित कर स्वाबलम्बी बनाया जाए: डॉ रोशन जैकब

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



मंडलायुक्त लखनऊ डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मंडलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सीएम डैशबोर्ड (विकास एवं राजस्व)एवं विभागीय फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई।

मंडलायुक्त महोदया ने निर्देशित किया कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर अंकित प्रगति ही वास्तविक उपलब्धि का दर्पण है, अतः प्रत्येक विभाग यह सुनिश्चित करे कि अद्यतन प्रविष्टियाँ समयबद्ध ढंग से दर्ज हों। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी/ग्रामीण), आयुष्मान भारत योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, जल जीवन मिशन, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, ओडीओपी, नंद बाबा प्रोत्साहन योजना, अमृत योजना, पीएम सूर्य घर योजना आदि की गहन समीक्षा की गयी। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि लाभार्थीयों तक शत-प्रतिशत लक्ष्यों की पूर्ति कराते हुए पारदर्शिता एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित किया जाए। मंडलायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी सीएचसी,पीएचसी और स्वास्थ्य केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाएं अवश्य उपलब्ध कराई जाए। इसके अलावा उन्होंने कहा कि आशा,आशा संगीनी,एएनएम व स्वास्थ्य कर्मियों की समय-समय पर ट्रेनिंग भी कराई जाए। उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य केंद्र में एंबुलेंस, औषधि, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश व साफ सफाई की व्यवस्था आदि सुनिश्चित कराया जाए। विद्यालय की छात्राओं के अलावा स्कूल न जाने वाली बालिकाओं को भी एनीमिया की औषधियां उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने मॉडर्न आंगनवाड़ी में अभी तक हुए कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में स्मार्ट टीवी, पेयजल और बच्चों के खेल कूद के समान के साथ-साथ एक गार्डन भी डेवलप करवाया जाए। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत उन्होंने निर्देश दिया कि ऐसे आवेदक को प्राथमिकता दी जाए जो रोजगार करने के इच्छुक हैं। उन्होंने जल जीवन मिशन, पर्यटन, सेतू निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की। माध्यमिक शिक्षा के अंतर्गत उन्होंने पुरानी बिल्डिंगों की मरम्मत, नई बिल्डिंगों की निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा प्रोजेक्ट अलंकार एक बहुत अच्छी योजना है इसमें संस्कृत विद्यालयों को भी शामिल किया जाए। साथ ही जो विद्यालय अच्छा कार्य कर रहे हैं उनको प्राथमिकता पर आगे बढ़ाया जाए। इन विद्यालय में सोलर लाइट की भी व्यवस्था कराई जाए। उन्होंने कहा कि महिला कल्याण से संबंधित जितनी भी योजनाएं चल रही है। उनके लाभार्थियों को शत प्रतिशत योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। बिजली विभाग को निर्देश दिया कि कंट्रोल रूम में आने वाली शिकायतों का समयान्तर्गत निस्तारण कराने के उपरांत शिकायतकर्ता की फीडबैक भी ली जाए। दिव्यांगजनों को मानक के अनुसार उपकरण उपलब्ध कराया।

### जनपद में चल रहे नवाचार कार्यों की भी समीक्षा की

मंडलायुक्त ने जनपद में चल रहे नवाचार कार्यों की भी समीक्षा की। जिसके अंतर्गत मनरेगा, राजस्व विभाग व मत्स्य विभाग द्वारा तालाबों के जीर्णोद्धार के लिए किए जा रहे कार्यों की उन्होंने प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर बीडीओ की अध्यक्षता में बैठक भी कराई जाए। स्थानीय लोगों को भी इसमें शामिल किया जाए। बैठक के अंत में उन्होंने बेहतर कार्य करने के लिए जिलाधिकारी हर्षिता माथुर,मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार ,उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य तथा एलडीएम रूपेश दुबे को प्रशस्ति पत्र प्रमाण पत्र भी दिया। बैठक में डीएफओ मयंक अग्रवाल, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल शर्मा,अपर जिलाधिकारी (वि) अमृता सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी नवीन चंद्रा, एडीएम न्यायिक विशाल यादव, सहित सभी सम्बन्धित विभागों के मंडलीय व जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### भिक्षावृत्ति में लगे हुए लोगों को भी पहुंचाया जाए सरकारी योजनाओं का लाभ

मंडलायुक्त ने कहा कि ऐसी बस्तियों का चयन किया जाए जहां पर युवा स्वरोजगार करने के इच्छुक हैं। ऐसे युवाओं को ट्रेनिंग देकर स्वावलंबी बनाया जाए। उन्हें ट्रेनिंग देकर ड्राइवर,ड्यूटी पार्लर, स्वास्थ्य सेवाओं में स्वावलंबी बनाकर रोजगार भी दिलाया जाए। इसके अतिरिक्त उन्होंने निर्देश दिया कि जो लोग भी भिक्षावृत्ति कार्यो में लगे हुए हैं उन लोगों को चिन्हित करते हुए उन्हें भी सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाए। इस कार्य में गैर सरकारी संगठनों का भी सहयोग लिया जाए।

पुनर्वास केन्द्रों का समय समय पर निरीक्षण भी किया जाए। वहाँ रहने वाले लोगों के भोजन,स्वास्थ्य, पेयजल, मनोरंजन आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराई जाए। चरागाहों से कब्जा हटवाया जाए। इन जगहों पर पशुओं के लिए हरे चारे की व्यवस्था कराई जाए।

## यातायात विभाग ने चलाया अभियान



**रायबरेली।** शहर कोतवाली क्षेत्र सिविल लाइन चौराहे पर यातायात विभाग ने अभियान चलाया। बताते चलें पूर्व में ऑटो चालकों के लिए रूट नंबर दे दिया गया था और सभी को यह बता दिया गया था कि अपने-अपने नंबर के अनुसार अपने-अपने रूटों पर चलें लेकिन वहीं पर ऑटो चालकों की मनमानी को देखते हुए यातायात प्रभारी इंद्रपाल सिंह के द्वारा आज सिविल लाइन चौराहे पर बे रूट चलने वाले ऑटो चालकों को बड़ी कार्रवाई की गई यही नहीं यातायात प्रभारी इंद्रपाल सिंह ने बताया कि जिनके फिटनेस गाड़ी नंबर और गाड़ी के पेपर नहीं है उन पर बड़ी कार्यवाही की जाएगी यही नहीं सभी ऑटो चालकों को बता दिया गया है कि हाईवे पर ऑटो लेकर ना निकले वहीं पर 4 ऑटो सीज किए गए और उनको चौकी भेज दिया गया यही नहीं यातायात विभाग के द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत 5 ऑटो को लाइन भेजा गया।

## पर्याप्त मात्रा में खाद न मिलने पर अनूठे ढंग से जताया विरोध

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



सरकार द्वारा किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद एवं यूरिया उपलब्ध कराने वादे झूठे साबित हो रहे हैं कई दिनों तक सहकारी साधन समितियां के चक्कर लगाने एवं घंटा लाइन पर खड़े होकर इंतजार करने के बाद भी किसानों को आवश्यकता अनुसार खाद एवं यूरिया नहीं मिल पा रही है जिसका किसानों ने अनोखे ढंग से विरोध करते हुए वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया वायरल वीडियो डलमऊ तहसील क्षेत्र का है जहां किसानों को कड़ी मशक्कत एवं भाग दौड़ के बाद एक बोरी खाद मिल सकी डलमऊ क्षेत्र के तेरुखा गांव निवासी अतुल रूपेश मौर्य, छोटू, सचिन मौर्य, सम्राट आदि किसानों ने बताया कि वह तीन दिनों से डलमऊ क्षेत्र के विभिन्न सहकारी समितियां के चक्कर लगा रहे है लेकिन खाद नहीं मिल रही है मंगलवार को किसान रूपेश मौर्य को घुरवारा स्थित सरकारी साधन समिति में एक बोरी खाद मिल सकी वह सुबह 7:00 से खाद लेने के लिए खड़ा था और उसे शाम को 4:00 बजे खाद मिल सकी उसने बताया कि उसके पास 8 बीघे का खेत है काफी भाग दौड़ एवं कड़ी मशक्कत के बाद उसे एक बोरी खाद मिल मिली है जिसे लेकर वह घर पहुंचा और अगरबत्ती जलाकर खाद की बोरी की पूजा अर्चना करने के बाद प्रणाम किया किसान द्वारा अनूठे तरीके से किये जा रहे विरोध का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया जो तेजी से वायरल हो रहा है।

## डीएम ने किया नैमिषारण्य क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों का निरीक्षण

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने नैमिषारण्य क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर उनकी प्रगति की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने नैमिषारण्य बाई पास, राजघाट, पार्किंग स्थल, चक्रतीर्थ, इंट्रेन्स प्लाज, सीतापुर रोड स्थित पार्किंग एवं यात्री सुविधा केन्द्र आदि स्थानों पर चल रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि नैमिषारण्य बाईपास के निर्माण हेतु अधिग्रहीत भूमि निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुये कार्यदायी संस्था को हस्तगत करायी जाये। सभी मुआवजों का भुगतान समय से कराया जाये। ट्रैक्टर ट्राली पार्किंग स्थल पर कार्य की खराब प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुये संबंधित ठेकेदार के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये। राजघाट पर हाईमास्क लाइट, भूमि समतलीकरण, ट्रीगार्ड, पेयजल व अन्य सुविधाएं स्थापित करायी जायें। सभी नवीन स्वीकृत निर्माण कार्यो की ड्राईग समय से उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को कड़े निर्देश दिए कि समस्त स्थलों पर साफ सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कार्यदायी संस्था सीएलसी एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को कड़ी चेतावनी देते हुये कहा कि सफाई व्यवस्था में सुधार किया जाये। मुख्य मार्गो से संबंधित नालों के पत्थरों को ठीक प्रकार से लगवाया जाये। चक्रतीर्थ, राजघाट आदि स्थलों पर अनवरत सफाई टीम बनाकर करायी जाये तथा लापरवाही करने वाले सफाई कर्मियों को तत्काल हटाया जाये। ड्यूटी पर तैनात सफाई कर्मियों की सूचना एवं उनके प्रभारी का मोबाइल नम्बर फ्लैक्स के माध्यम से प्रदर्शित किया जाये। उपजिलाधिकारी मिश्रिख के निर्देश दिये कि स्वच्छता व्यवस्था का नियमित रूप पर्यवेक्षण सुनिश्चित करें। इसके उपरान्त जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नैमिषारण्य स्थित निरीक्षण भवन में नैमिषारण्य क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी प्रचलित कार्यो को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि स्वीकृत कार्यो की शीघ्र डीपीआर बनवायी जाये एवं उनका निर्माण कार्य समय से आरम्भ किया जाये। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी मिश्रिख शैलेन्द्र मिश्रा, उप निदेशक पर्यटन कल्याण सिंह सहित संबंधित अधिकारी व सम्बंधित कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**



देश के प्रमुख राष्ट्रकृत बैंक इंडियन बैंक के संयोजन एवं अध्यक्षता में भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के निर्देशानुसार सीतापुर नगर में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन स्थानीय होटल एप्पल सीतापुर के सभा कक्ष में किया गया। इसकी अध्यक्षता इंडियन बैंक के अंचल प्रमुख एवं सहायक महाप्रबंधक राजेंद्र प्रसाद दुबे ने की। इस अवसर पर भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के माननीय उपनिदेशक छबिल मेहेर ने अपनी गरिमामय उपस्थिति प्रदान की। भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक राजीव रंजन केन्द्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्य, बैंक के मुख्य प्रबंधक इरेश पांडे सहित नगर स्थित भारत सरकार के कार्यालयों/बैंक/बीमा कंपनियों के कार्यालय प्रमुख एवं राजभाषा अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बैठक का शुभारम्भ वाणी की देवी माँ सरस्वती की आराधना एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। समिति के सदस्यों का स्वागत करते हुए मुख्य प्रबंधक इरेश पांडे ने कहा कि यह समिति सीतापुर नगर स्थित कार्यालयों के मध्य राजभाषा कार्यान्वयन के प्रति एक बेहतर और प्रेरणादायीं वातावरण तैयार करने में सहायक सिद्ध होगी। साथ ही साथ उन्होंने सीतापुर के ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्व को भी बताया। समिति के सदस्यों के मध्य राजभाषा कार्यान्वयन की स्थिति का विश्लेषण करते हुए सदस्य सचिव एवं वरिष्ठ प्रबंधक राजभाषा डॉ. अंजनी कुमार पाण्डेय ने सदस्यों का आह्वान किया कि वे तिमाही प्रगति रिपोर्ट एवं छमाही प्रगति रिपोर्ट भरते समय अत्यंत सावधानी बरतें। साथ ही साथ उन्होनें राजभाषा कार्यान्वयन के सांवैधानिक पहलुओं का विस्तृत विवरण भी किया। सहायक उपनिदेशक छबिल मेहेर जी ने कहा कि हिन्दी हमारे आत्म स्वभिमान एवं गौरव की भाषा है। हिन्दी संस्कार, संस्कृति एवं सामाजिक धरोहर की भाषा है। हमें हीन भावना से ऊपर उठकर हिन्दी/मातृभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देना चाहिए। हमें दैनिक कार्यो में राजभाषा हिन्दी के प्रयोग में संकोच नहीं करना है बल्कि उसके प्रयोग में गौरव की अनुभूति होनी चाहिए। समिति के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद दुबे जी ने राजभाषा कार्यान्वयन में मानसिकता में परिवर्तन की ओर संकेत करते हुए कहा की हमे हिंदी का प्रयोग करते समय हीन भावना से ग्रसित नही होना चहिये राजेंद्र प्रसाद दुबे ने इस बात की घोषणा कि आगामी महीनों नगर स्थित भारत सरकार के कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन सम्बन्धी गतिविधियों को और अधिक सक्रियता प्रदान की जाएगी। इसके अंतर्गत प्रतियोगिताओं सहित अन्य कार्यक्रमों के आयोजन की योजना है। कार्यक्रम का संचालन समिति के सदस्य सचिव एवं वरिष्ठ प्रबंधक राज भाषा डॉ. अंजनी कुमार पांडेय ने किया।

## आवारा पशुओं से किसान व यात्री परेशान

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



आवारा घूम रहे पशु किसानों तथा यात्रियों के लिए परेशानी का पर्याय बन गए हैं। इन आवारा पशुओं से किसान और यात्री दोनों परेशान हैं, आए दिन इन आवारा घूम रहे पशुओं से दुर्घटनाएं हो रही हैं। ये आवारा पशु दिन में तो किसानों की फसलें साफ कर रहे हैं, और शाम होते ही कस्बे तथा बाजारों में चहल कदमी शुरू कर देते हैं। जिस किसान के खेत में दर्जनों की संख्या में पहुंच जाते हैं उस किसान का मटिया मेट कर देते हैं। दिन के उजाले में ये आवारा जानवर नदी नालों के किनारे, बाग में या किसानों के खेत में गुजार देते हैं किन्तु शाम ढलते ही ये आवारा पशु आश्रय के लिए ग्रामीण बस्ती, कस्बा तथा सड़कों पर डेरा जमा लेते हैं। इन छुट्टा जानवरों को जब किसान व ग्रामीण रिहायशी इलाकों से भागने की कोशिश करते हैं तो ये आवारा जानवर उन्हीं लोगों पर आक्रामक हमला कर देते हैं। आए दिन आवारा पशुओं द्वारा हमले की घटनाएं सुनने को मिलती रहती हैं। जो आवारा पशु झुंड के झुंड शाम को सड़कों पर कब्जा कर बैठे रहते हैं उनसे आने जाने वाले यात्री आए दिन घायल होते रहते हैं कभी कभी तो यात्रियों को जान से भी हाथ धोना पड़ता है। जिम्मेदार लोग सरकार की मंशा पर पानी फेरते नजर आते हैं कार्यवाही का आश्वासन देते हैं या कभी कभी कार्यवाही भी करते हैं किन्तु गौशालाओं में चारदीवारी न होने से ये आवारा जानवर जाली तोड़कर भाग जाते हैं, या गौशाला के स्वामी द्वारा इनको अपने रजिस्टर में दर्ज कर लेने का बाद भगा दिए जाते हैं। इन आवारा पशुओं से लोगों को स्थाई समाधान नहीं मिल रहा है।

## तीन भैंस, पिकअप व अवैध शस्त्र के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**सीतापुर।** महोली पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना में संलिप्त पटवारी पुत्र सलीम वक्श निवासी बहाडगंज थाना बिलसण्डा पीलीभीत को चितहला रोड पर चमारबाग चौराहा के पास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अभियुक्त उपरोक्त से चोरी की कुल 3 अदद भैंस तथा एक अदद देशी तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व चोरी की घटना में प्रयुक्त वाहन पिकअप बरामद हुए हैं। अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि अपने अन्य साथियों के साथ 2 भैंसे थाना इमलिया सुल्तानपुर तथा 1 भैंस ग्राम पाल्हापुर थाना महोली से चोरी की थी। भैंस चोरी की घटना के संबंध में थाना इमलिया सुल्तानपुर पर संबंधित धारा बीएनएस बनाम अज्ञात तथा थाना महोली पर संबंधित धारा बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत है। उल्लेखनीय है कि यूपी 112 पर एक सूचना प्राप्त हुयी कि एक पिकअप पर चोरी की 3 भैंसो को लादा जा रहा है। इस सूचना पर पीआरवी मौके पर पहुंची तो अभियुक्तों ने पीआरवी वाहन पर पिकअप से टक्कर मारते हुए मौके से फरार हो गये। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान किया गया है। जनपद में अपराधियों के विरुद्ध निरन्तर कार्यवाही इसी प्रकार प्रचलित रहेगी।

## होटल इमरान पर खाद्य विभाग ने की छापेमारी



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** सहायक आयुक्त खाद्य एवं सुरक्षा सतीश कुमार शुक्ला के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी जावेद अख्तर ने मय टीम के साथ थाना क्षेत्र फुरसतगंज के अकेलवा चौराहा स्थित इमरान होटल का मंगलवार को निरीक्षण किया गया। होटल के मालिक मोहम्मद गुफरान पुत्र मोहम्मद अयूब, निवासी नसीराबाद जनपद रायबरेली बताए गए हैं। खाद्य एवं सुरक्षा विभाग द्वारा निरीक्षण के दौरान बिक्री हेतु रखी गई रंगीन बिरयानी का नमूना लेकर नियमानुसार जांच के लिए संग्रहित किया गया। जांच टीम को मौके पर होटल का आवश्यक खाद्य पंजीकरण प्रमाणपत्र नहीं मिला। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, यह दुकान बिना पंजीकरण के अवैध रूप से संचालित की जा रही थी।

## संजय सिंह के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर कर्मचारियों में खुशी की लहर

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



शनिवार को उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ की महत्वपूर्ण कार्यकारिणी विस्तार की बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर जनपद के तिलोई निवासी संजय कुमार सिंह पुत्र रामराज सिंह को कर्मचारियों के प्रति उनके समर्पण और संघ के प्रति निष्ठा को देखते हुए उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष क्रांति सिंह और महामंत्री रामनरेश यादव ने प्रमाण पत्र देकर उन्हें प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। संजय सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने बाद जनपद में प्रथम आगमन पर विकास भवन पर उनके विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके अलावा संजय सिंह को विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने भी बधाई दी। जिनमें वरिष्ठ लिपिक प्रशांत शुक्ला और सतीश सिंह। जिला सलाहकार आरपी सिंह (स्वच्छ भारत मिशन) राज कर्मचारी संयुक्त परिषद, ग्राम पंचायत अधिकारी संघ, ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ, पुरानी पेंशन बहाली मंच अटेवा, प्रधान संघ आदि शामिल रहे। प्रदेश अध्यक्ष क्रांति सिंह और महामंत्री रामनरेश यादव ने संजय सिंह के उज्जवल भविष्य की कामना की। कर्मचारियों ने भी उनके नेतृत्व में अपने हितों की रक्षा और संगठन की मजबूती की उम्मीद जताई है।

## खबरें एक नजर में

### पंखे के तार लगाते समय करंट की चपेट में आकर युवक घायल

**हमीरपुर।** घर में पंखे का तार लगाते समय युवक करंट की चपेट में आ गया। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहाँ उसका इलाज प्रचलित है। सदर कोतवाली क्षेत्र के हेलापुर निवासी बालेन्द्र सिंह पुत्र स्व. रामचरण मंगलवार की दोपहर घर में पंखे का तार लगा रहा था। इसी दौरान करंट से गिरकर घायल हो गया। गिरने की आवाज सुनकर परिजन उसे आनन फानन में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहाँ उसका उपचार किया जा रहा है। चिकित्सकों के अनुसार अब उसकी हालत में सुधार है।

### किसान के घर से नकदी सहित लाखों के जेवरात चोरी



**सुमेरपुर, हमीरपुर।** बीती रात अज्ञात चोरों ने बदनपुर गांव में घुसकर किसान के घर से नगदी सोने चांदी के जेवरात अलमारी एवं बक्से के ताले तोड़कर पार कर दिये। घटना की जानकारी सुबह गृह स्वामी की नींद खुलने पर हुई। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने घटना स्थल का मौका मुआयना करके जल्द खुलासे का आश्वासन दिया। बदनपुर निवासी राकेश कुमार प्रजापति ने पुलिस को दी? गई तहरीर में अवगत कराया है कि बीती रात चोर छत से घर के आंगन में दाखिल हुए और कमरे का ताला तोड़कर अलमारी एवं बक्से में रखे 25000 नगद, सोने की बिजली, सोने का हार, कान के बाला, झुमकी, मंगलसूत्र, नथुनी, बिंदी, पायल, कमरबंद, कमर पेटी आदि लाखों रुपए की जेवरात ताले तोड़कर चोरी कर लिए। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

### जिला समन्वयक ने कन्या जूनियर विद्यालय का किया निरीक्षण

**बिवांर।** परिषदीय विद्यालय में दोपहर को अचानक जिला समन्वयक निर्माण विभाग के अधिकारी ने निरीक्षण किया। विद्यालय में पांच की जगह पर दो शिक्षक बच्चों को पढ़ाते मिले। विद्यालय की चारदीवारी के जल्द बनवाए जाने का आश्वासन दिया है। विकासखंड मुस्करा के कस्बा बिवांर के बाला मोहल्ले में संचालित कन्या जूनियर विद्यालय में दोपहर को अचानक शिक्षा विभाग के जिला समन्वयक निर्माण विभाग रवि कुमार श्रीवास्तव ने निरीक्षण किया। अधिकारी ने विद्यालय में पांच शिक्षकों की जगह पर दो शिक्षकों को मौजूद पाया है। जिस पर अधिकारी ने पहले अध्यापक उपस्थिति रजिस्टर का निरीक्षण किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामकृपाल ने बताया कि दो महिला अनुदेशक तीजा अवकाश के होने पर आई नहीं है। एक शिक्षक की बीआरसी मुस्करा में प्रशिक्षण में ड्यूटी लगी हुई है। छात्र उपस्थिति रजिस्टर के देखने पर 72 छात्र व 76 छात्राएं दर्ज मिली है। अधिकारी ने शौचालय व पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण किया। छात्र-छात्राएं मिड डे मील में खाना खाते हुए मिले। अधिकारी ने बताया कि विद्यालय की चहार दीवार बनाए जाने के लिए सर्वे का कार्य हो चुका है। जल्द ही चहार दीवार का निर्माण कार्य होगा। बताया कि बीएस?ए आलोक कुमार के आदेश पर विद्यालय का निरीक्षण किए जाने का कार्य किया गया है।

### खेत में दवा का छिड़काव करने गई महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत

**राठ, हमीरपुर।** जरिया थाने के इंदरपुरा गांव में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते एक महिला की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। जरिया थाने के इंदरपुरा गांव की निवासी रूबी (26) पत्नी रामभुवन रविवार की दोपहर को खेतों में दवा का छिड़काव करने के लिए गई हुई थी। उसी दौरान रूबी ने वहीं पर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने रूबी को आनन फानन में इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने रूबी का प्राथमिक उपचार कर उसकी नाजुक हालत को देखते हुए उसे उरई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। उरई मेडिकल कॉलेज से रूबी को झांसी मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। झांसी मेडिकल कॉलेज ले जाते समय रास्ते में रूबी ने दम तोड़ दिया। मृतका के परिजनों ने बताया कि रूबी अपने पति रामभुवन की दूसरी पत्नी थी। जो कि अपने पीछे तीन पुत्रियों व एक पुत्र सहित अन्य सभी परिजनों को रोता बिलखता हुआ छोड़ गई है। रूबी का पति रामभुवन खेती किसानी और मजदूरी आदि कर परिवार का भरण पोषण करता है। जरिया पुलिस का कहना था कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

### मगरमच्छ के दहशत से ग्रामीण परेशान छठवें दिन भी मगरमच्छ पकड़ से रहा दूर

**बबेरू/ बांदा।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मंझिला गांव में 144 घंटे बीत जाने के बाद भी मगरमच्छ पकड़ से दूर है। ग्रामीण दहशत में हैं। रात भर गांव के लोग सोते नहीं है। अभी तक कोई भी जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी मौके पर नहीं गया। और रेस्क्यू अभियान के नाम खाना पूर्ति किया जा रहा है। और कोई बड़ी वारदात मगरमच्छ कर सकता है।बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मझिला में बेचुल तालाब में 144 घंटे से मौजूद है। मगरमच्छ ने एक से दूसरे तालाब में अपना आशियाना बना रखा है। और अचानक तालाब से निकल कर बाहर आ जाता है। जिसे लोग देख कर दहशत में आते है और लोग रात भर जागते हैं। गांव के लोग अपने खेतों में काम करने नही जाते। जिससे ग्रामीण न ही परिजन भय के चलते बच्चो को नहीं स्कूल भेज रहे । सोमवार को लखनऊ से टीम में आए रामू,सूरज, मन्ना, जितेंद्र, भद्दू, अरुण अपनी टीम के साथ गांव पर पहुंच कर 2 बजे से रेस्क्यू अभियान चलाया, और खबर लिखे जाने तक मगरमच्छ पकड़ से दूर रहा। वही 144 घंटे बीत जाने के बाद भी अभी तक कोई बड़ा प्रशासनिक अधिकारी नहीं पहुंचा। उधर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दिनेश सिंह का कहना है कि गांव में दहशत का माहौल है,एक तालाब से दूसरे तालाब में मगरमच्छ चक्कर लगा रहा। यदि यही हाल रहा तो निश्चित रूप से कोई ना कोई बड़ी घटना घट जाएगी।, आज बबेरू तहसीलदार हेमराज सिंह बोनल मौके पर पहुंचे और तालाब के चक्कर लगाने के बाद तुरंत गाड़ी में बैठकर वापस चले गए। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि रोहित सिंह पटेल लखनऊ से आए गोताखोरों की मदद में जुटे हुए हैं।

### विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में कई प्रस्ताव हुये पास



**बांदा।** मंगलवार को आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बॉदा अजीत कुमार एवं जिलाधिकारी श्रीमती जे.रीभा की उपस्थिति में बॉदा विकास प्राधिकरण की 72वीं बोर्ड बैठक आयुक्त कार्यालय सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में आयुक्त ने मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण/नये शहर प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत ग्राम मवई बुजुर्ग व महोखर में अतिरिक्त भूमि आपसी समझौते के आधार पर क्रय किये जाने पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने बाबूलाल चौराहा स्थित राइफल क्लब की भूमि का लेआउट स्वीकृत कर विक्रीत किये जाने के सम्बन्ध में कार्यवाही करने तथा संकट मोचन मन्दिर महोबा रोड बॉदा पर स्थित नागरीय प्रचारणी पुस्तकालय का निर्माण कराये जाने हेतु डिजाइन तैयार कर गुणवत्ता के साथ कार्य कराने पर सहमति दी। उन्होंने अवस्थापना निधि के माध्यम से नरैनी रोड स्थित वृद्धाश्रम में वृद्धजनों हेतु दस बेंच, वाटर कूलर लगवाने के कार्य तथा बॉदा विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित सरदार बल्लभ भाई पटेल पार्क के सम्पूर्ण परिसर को अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका द्वारा हस्तान्तरित किये जाने पर सहमति व्यक्त करने पर हस्तानान्तरित किये जाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये। हार्पर क्लब बॉदा में जिम के रेनोवेशन एवं आरसीसी स्लैब के विस्तारीकरण कार्य को भी कराये जाने पर सहमति दी गयी। बैठक में विवेकानन्द गुप्ता, अध्यक्ष नगर पंचायत बबेरू/सदस्य, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मदन मोहन वर्मा, अपर जिलाधिकारी वि./रा. कुमार धर्मेन्द्र सहित मुख्य कोषाधिकारी एवं प्राधिकरण के अभियंतागण तथा बोर्ड के सदस्य उपस्थित रहे।

### आयुक्त ने किया जसपुरा में औचक निरीक्षण, व्यवस्थाएं संतोषजनक, पारदर्शिता और गुणवत्ता पर विशेष जोर



**जसपुरा/बांदा।** मंगलवार को चित्रकूटधाम मंडल के आयुक्त अजीत कुमार ने जनपद बांदा के जसपुरा क्षेत्र में तीन प्रमुख संस्थानों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, बी-पैक्स सहकारी समिति और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं, साथ ही आयुक्त ने पारदर्शिता और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, जसपुरा के छात्रावास का निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने छात्राओं से सीधा संवाद किया वही वही कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय जसपुरा की वार्डेन पूनम गुप्ता से भी सीधे सवाद की । छात्रावास में 17 बेड उपलब्ध पाए गए। पंखा, कूलर, पेयजल, शौचालय और विद्युत आपूर्ति जैसी बुनियादी सुविधाएं क्रियाशील पाई गईं। छात्राओं ने भोजन, वस्त्र, कापी-किताबें समय पर मिलने की बात कही और किसी भी समस्या से इनकार किया और जांच के दौरान सब ठीक ठाक पाया गया। वही खाद वितरण पर आयुक्त सख्त, अनियमितता पर चेतावनी बी-पैक्स सहकारी समिति, जसपुरा में डीएपी और यूरिया की उपलब्धता का जायजा लिया गया।

# देवी-देवताओं की झांकियों के साथ निकली नयनाभिराम शोभायात्रा

- पूर्व विधायक, चेयरमैन, जिलाध्यक्ष ने आरती उतार किया शुभारंभ
- शोभायात्रा के साथ शुरू हुआ तीन दिवसीय तीजा मेला







**सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

कस्बे के ऐतिहासिक तीजा मेला का शुभारंभ नयनाभिराम शोभायात्रा से हुआ। शोभायात्रा का शुभारंभ पूर्व विधायक युवराज सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेन्द्र शिवहरे ने भगवान श्री कृष्ण की झांकी की आरती उतारकर श्री कृष्ण मंदिर से किया। इसके बाद शोभायात्रा निर्धारित मार्गो से गुजरकर छोटी बाजार पहुंची। यहां हरचंदन तालाब में नागनाथ लीला के उपरांत कंस वध के साथ शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभा यात्रा कस्बे में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा देखने के लिए लाखों की भीड़ उमड़ी हुई थी।

कस्बे के सैकड़ों वर्ष पुराने ऐतिहासिक तीन दिवसीय तीजा मेला का शुभारंभ नयनाभिराम शोभायात्रा से होता है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शोभायात्रा में तीन दर्जन झांकियां देवी, देवताओं, राष्ट्रीय भावना से ओत प्रोत शामिल की गई थी। रामसेना की झांकी आकर्षण केंद्र रही। शोभा यात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गो से गुजर कर छोटी बाजार पहुंची। यहां हरचंदन तालाब में नागनाथ लीला के उपरांत कंस वध के साथ शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा में श्री कृष्ण तीजा कमेटी के अध्यक्ष जयप्रकाश दीक्षित, सपा नेता अजय उर्फ कल्लू यादव, कुंज बिहारी पांडे, राघवेंद्र पांडे, श्यामबाबू पांडे, संजीव पांडे, सुरेश यादव, बृजलाल सिंह, शैलेंद्र सिंह छोटू, अखिलेश साहू, रामदत्त पांडे, रावेंद्र सिंह, कल्लू ओमर, रज्जन चौरसिया, उमेश सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू, बाल गोपाल गुप्ता आदि हजारों लोगों शामिल हुए। शोभा यात्रा देखने के लिए लाखों की भीड़ उमड़ी हुई थी।

### सुरक्षा में मुस्तैद रहे अधिकारी



**सुमेरपुर।** शोभायात्रा की सुरक्षा के लिए अधिकारी पूरी तरह से मस्तैद नजर आए। शोभा यात्रा में शुरू से अंत तक अपर जिलाधिकारी रिजवाना शाहिद, अपर पुलिस अधीक्षक मनोज गुप्ता, सीओ सदर राजेश कमल, थानाध्यक्ष अनूप सिंह, सीओ ट्रैफिक,सीओ फायर, मेला प्रभारी रामकुमार यादव पूरी तरह से मुस्तैद रहे। पूरे मार्ग एवं मेला स्थल की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### जगह-जगह हुआ स्वागत, कराया जलपान

**सुमेरपुर।** शोभायात्रा का कस्बे में पुष्प वर्षा करके भव्य स्वागत किया गया। थाने के समीप श्रीराम सेवा समिति, बस स्टैंड में महिषासुर आश्रम के सामने सपा नेता अजय उर्फ कल्लू यादव ने स्टाल लगाकर शोभायात्रा में शामिल लोगों को फल एवं मिष्ठान वितरण करके भव्य स्वागत किया। इसी तरह अन्य जगहों पर भी शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। थाने के सामने थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने परंपरा निभाते हुए भगवान श्रीकृष्ण की आरती उतारी और शोभा यात्रा को आगे के लिए रवाना किया। हिंदू मुस्लिम एकता की परंपरा का निर्वहन करते हुए मुस्लिम पीस कमेटी के अध्यक्ष डॉ.इमाद ने अपने आवास के सामने शोभायात्रा में पुष्पवर्षा कर आरती उतार कर स्वागत किया। मैथिलीशरण गुप्त मार्ग में लोगों ने छतों से पुष्प वर्षा करके शोभायात्रा का स्वागत किया। रात में छोटी बाजार में रासलीला, पशु बाजार मेला मैदान में झांसी के कलाकारो तथा रामलीला मैदान में कानपुर एवं लखनऊ से आए कलाकारों ने धार्मिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुत दी।

# पुलिस से बचने के लिए भैसों से लदे लोडर ने मासूम को रौंदा, मौत

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस से बचने के लिए शार्टकट लेकर निकले भैसों से लदे लोडर ने मासूम को रौंद दिया।आनन फानन में परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे जहाँ से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में देर रात इलाज के दौरान मासूम की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के डिग्गी मुहाल निवासी सुनील बच्चों की पढ़ाई को लेकर पांच सालों से सुमेरपुर कस्बे के बड़ी पुलिया आदर्श पब्लिक स्कूल के पास रह रहे है। सोमवार को मुख्यालय से एक लोडर तीन भैंस लादकर पुलिस से बचने के लिए शार्टकट लेकर जानवर मंडी जा रहा था। तभी दुकान से सामान लेकर लौट रहे मासूम शौर्य (2) पुत्र सुनील को लोडर ने रौंद दिया। घटना देख परिजन आनन फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लेकर पहुंचे जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में देर रात एक बजे इलाज के दौरान शौर्य की मौत हो गई। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के पिता सुनील ने बताया कि ईट गारे के काम को लेकर वह हमीरपुर आना जाना करता है। बताया कि मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। वहीं इस घटना में मृतक की माँ पूनम देवी का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। वहीं सुमेरपुर पुलिस ने अज्ञात लोडर चालक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## गणेश महोत्सव को लेकर पूरी हुईं तैयारियां, आज स्थापित होंगी गणेश प्रतिमाएं

**हमीरपुर।** गणेश चतुर्थी पर जिलेभर में दस दिनों तक गणेश महोत्सव मनाया जाएगा। जिसको लेकर तैयारी पूरी कर ली गई हैं।बुधवार की दोपहर बाद अधिकतर पंडालों में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ मूर्ति स्थापना होगी।

गणेश चतुर्थी पर ऋद्धि-सिद्धि के दाता गणपति बप्पा का आगमन होगा। हर घर बप्पा के आगमन को लेकर पंडालों की विशेष सजावट की जा रही है। शहर में रमेड़ी मांझखोर, गौरादेवी और मेरापुर पंडाल लगाए जा रहें हैं।

इसके अलावा लोग अपने घरों में भी भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना करेंगे। शहर के मांझखोर रमेड़ी में धर्मार्थ ट्रस्ट नवयुवक संघ के अध्यक्ष आस्तिक



द्विवेदी ने बताया कि गणेश महोत्सव को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है।बुधवार की दोपहर बाद पंडाल में बप्पा की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। बताया कि इस बार शेषनाग पर सवार गणेश जी की 10 फुट की मूर्ति स्थापित की जाएगी।

### यमुना खतरे के निशान पर बेतवा खतरे के निशान 2.04 मीटर नीचे

**हमीरपुर।** बांधों से लगातार छोड़े जा रहे पानी से यमुना-बेतवा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। दोनों नदियों का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच गई हैं। देर रात दोनों नदियों का जलस्तर थमने के बाद जलस्तर घटने की संभावना जताई जा रही है। एक बार फिर से बाढ़ की आशंका ने तटीय इलाके के लोगों की रातों की नींद उड़ गई है। हालांकि प्रशासन अलर्ट मोड पर है। पश्चिमी क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से मुख्यालय से होकर बहने वाली यमुना और बेतवा नदियों का जलस्तर एक बार फिर से बढ़ गया है। मंगलवार की सुबह 8 बजे यमुना नदी खतरे के निशान 103.63



मीटर के समीप पहुंच गई। वहीं बेतवा नदी का जलस्तर 102.320 मीटर पर प्रवाहित हो रहा था। जबकि बेतवा नदी का 104.54 मीटर खतरे का निशान है। शाम छह बजे यमुना नदी का जलस्तर 103.210 मीटर पर वहीं बेतवा नदी का जलस्तर 102.500 मीटर पर प्रवाहित हो रहा है। यमुना नदी खतरे के निशान से 0.42 मीटर ऊपर बह रही है जबकि बेतवा नदी 2.04 मीटर नीचे बह रही है। मौदहा बांध के सहायक अभियंता सर्वजीत वर्मा ने बताया कि सोमवार की सुबह 08 बजे कोटा बैराज बांध से चम्बल नदी से होते हुए यमुना नदी में 4971 क्यूसेक, माताटीला बांध से बेतवा नदी में 21072 क्यूसेक एवं लहचूरा बांध से धसान नदी में 13100 क्यूसेक पानी पास किया गया है। वर्तमान में यमुना नदी का जलस्तर में 0.10 मीटर प्रति घंटे की वृद्धि हो रही है। बताया कि दोनों नदियों का जलस्तर देर रात तक स्थिर होकर घटने की संभावना है। उन्होंने लोगों से दोनों नदियों के तटीय इलाकों से दूर रहने की अपील की है।

## कच्ची दीवार गिरने से वृद्ध दंपती की दबने से हुई मौत, परिवार में कोहराम

**बबेरू/बांदा।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कौहारा मे छप्पर के नीचे चारपाई मे वृद्ध पति पत्नी बैठे थे तभी कच्चे मकान की दिवाल भरभराकर गिर जाने से पति पत्नी की दोनों की मौके मे मौत हो गयी। कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया है।बबेरू कोतवाली क्षेत्र के कौहारा गांव निवासी रामशरन यादव पुत्र शंकर यादव उम्र 75 वर्ष व उनकी पत्नी जगदेइया पत्नी रामशरण उम्र 70 वर्ष जो आज दोपहर 2.30 बजे अपने घर में बैठे थे, तभी बारिश के चलते कच्चे घर की दीवार गिर गई।चारपाई में बैठे पति पत्नी दब गए, जिन्हें ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला गया। परंतु दोनों पति पत्नी की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी राजेन्द्र सिह राजावत ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। मृतक के दो पुत्र थे जिनकी पूर्व में मृत्यु हो चुकी है, दो बेटिया थी, जिनका विवाह हो चुका है। मृतक के दो नाती हैं रघवीर और दलवीर है। परिवार का रो-रो कर बुराहाल है।वहीं घटना की सूचना मिलने पर बांदा चित्रकूट सांसद कृष्णा देवी शिव शंकर पटेल, समाज सेवी पी सी पटेल, विधायक प्रतिनिधि ज्ञान सिंह यादव छेदीलाल गुप्ता केके महन्त गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार को ढाढस बधाया और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

## सूक्ष्म इकाई लगाकर स्वरोजगारी बने युवाः दिनेशचंद

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र द्वारा कुरारा विकास क्षेत्र के कुसमरा गांव में मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभआरंभ किया गया। प्रशिक्षण में तीस प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का खाद्य प्रसंस्करण अधिकारी दिनेश चंद उपाध्याय व ग्राम प्रधान अरुण सिंह यादव ने संयुक्त रूप से शुभारंभ किया। विषय विशेषज्ञ जिला उद्यम एवं प्रोत्साहन विभाग के सहायक प्रबंधक संतोष कुमार राव ने खाद्य प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने के संबंध में एवं खाद्य पदार्थो की बिक्री व लाइसेंस के संबंध में जानकारी दी। खाद्य प्रसंस्करण अधिकारी दिनेश चन्द उपाध्याय ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2023 एवं राज्य औद्योगिक मिशन व विभाग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के बाद सूक्ष्म इकाई स्थापित कर प्रशिक्षार्थी स्वरोजगारी बन सकेंगे। प्रबंधक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रमोद कुमार शुक्ल ने खाद्य पदार्थो की सुरक्षा, साफ सफाई उपयोगिता एवं महत्व के बारे में जानकारी दी। केन्द्र प्रभारी हरिओम आर्या ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रशिक्षण की उपयोगिता बताई। प्रगतिशील उद्यमी राज सिंह ने फल सब्जियों से निर्मित खाद्य पदार्थ अचार, सॉस, मुरब्बा, जैम-जेली से जुड़ी जानकारी दी। ग्राम प्रधान अरुण सिंह यादव ने 30 प्रशिक्षार्थीयों को साहित्य, लेखन सामग्री का वितरण किया। कार्यक्रम में फूल सिंह, बलवीर सिंह, गीता, रेखा, उर्मिला, कल्पना आदि 30 प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे।

## प्राथमिक विद्यालय में बच्चों ने आपस में किया झगड़ा

- एक बच्ची की मौत, पुलिस जांच में जुटी

**बबेरू/बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



बबेरू तहसील क्षेत्र अंतर्गत कमासिन थाना क्षेत्र के कुमेंढा सानी गांव निवासी गोमती पुत्री देवी चरण वर्मा उम्र करीब 12 वर्ष यह कक्षा 5 की छात्रा थी, जो गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में पढ़ती थी। मंगलवार को सुबह विद्यालय में पढ़ने के लिए गई हुई थी, तभी क्लास में पढ़ने वाले आशीष नाम के छात्र से गोमती का झगड़ा हो गया। जिससे गोमती का गला दबा दिया,जिससे गोमती बेहोश हो गई। झगड़ा के समय बताया जा रहा है की विद्यालय के अध्यापक दूसरे जगह में बैठकर मोबाइल चला रहे थे। जैसे ही अन्य छात्र-छात्राओं ने बेहोश हालत में देखा तुरंत अध्यापकों के द्वारा परिजनों को सूचना दी गई और तुरंत गोमती को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमासिन लेकर पहुंचे ,जहां पर डॉक्टर द्वारा देखते ही परीक्षण करने के बाद मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं इस घटना को देखते हुए कमासिन थाना पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। वही विद्यालय में साथ में पढ़ने वाले छात्रों ने बताया की दोनों के बीच झगड़ा हुआ है, जिसमें गोमती का आशीष ने गर्दन दबा दिया। जिससे बेहोश हो गई, कुछ देर के बाद उसकी मौत हो गई। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब विद्यालय में बच्चों के बीच झगड़ा हो रहा था, तो अध्यापक दूसरे जगह बैठकर मोबाइल चलाने में व्यस्त थे। अगर बच्चों के बीच में अध्यापक होते तो शायद यह घटना नहीं होती। अब देखना यह होगा की लड़की की गर्दन दबाने वाला आशीष व विद्यालय में तैनात अध्यापकों के ऊपर पुलिस क्या कार्यवाही करती है। फिलहाल कमासिन थाना पुलिस का कहना है कि अभी किसी भी प्रकार की तहरीर प्राप्त नहीं हुई है तहरीर मिलते ही तहरीर के आधार एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### ठेकेदार सहित आबकारी विभाग की टीम के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

**मौदहा, हमीरपुर।** सोमवार दोपहर शराब बनाने के शक में आबकारी विभाग की टीम ने विधवा के घर का ताला तोड़कर जमीन तक खोद डाली और सारा सामान अस्त व्यस्त कर दिया जिसपर विधवा ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। बीते सोमवार दोपहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिजनौडा में विधवा सदा प्यारी के घर में उस समय छापेमारी की जब वह गांव में एक कार्यक्रम में पूड़ी बेलने गई थी। इतना ही नहीं विधवा महिला ने आरोप लगाया है कि गांव के कुछ लोगों की मिलीभगत से आबकारी विभाग की टीम आए दिन उनके घर में छापेमारी कर परेशान करती है। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

## शालिनी द्विवेदी ने पहली बार में कंपनी की सेक्रेटरी बन रचा इतिहास

**बांदा।** कहते हैं मेहनत कभी बेकार नहीं जाती, और इस कहावत को सच कर दिखाया है ब्रह्म नगर, कालू कुआँ, बबेरू रोड निवासी शालिनी द्विवेदी ने। शालिनी ने कंपनी सेक्रेटरी की परीक्षा को पहले ही प्रयास में पास कर बाँदा जनपद का नाम रोशन किया है। खास बात यह है कि उन्होंने यह मुकाम बिना किसी कोचिंग के,पूरी तरह स्व-अध्ययन करके हासिल किया है। शालिनी के पिता सन्तोष कुमार द्विवेदी भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हैं। उनकी माता बृजलता द्विवेदी गृहिणी हैं, जबकि भाई शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत हैं। शालिनी के दो भाई हैं परिवार ने बेटी की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया है। शैक्षिक पृष्ठभूमि स्कूली शिक्षा सेंट मैरीज स्कूल, बाँदा से बी कॉम राजीव गांधी कालेज, एलएलबी-



एकलव्य विधि महाविद्यालय बाँदा से प्राप्त कर अब एक योग्य कंपनी सेक्रेटरी और अधिवक्ता बन गई है। शालिनी वर्ष 2020 से ही कंपनी रजिस्ट्रेशन, जीएसटी, आईटीआर और अन्य कार्पोरेट सेवाओं में सक्रिय हैं। अब तक वह 100 से अधिक कंपनियों का सफलतापूर्वक पंजीकरण कर चुकी हैं, जो अपने आप में एक उपलब्धि है। शालिनी ने कहा, मैंने कभी कोचिंग नहीं की। शुरू से ही खुद से पढ़ाई की, इंटरनेट और पुस्तकों की मदद ली।

# निर्धारित दर पर ही किसानों को खाद उपलब्ध करायी जाएः जिलाधिकारी

- जिलाधिकारी ने किया खाद वितरण केंद्रों का निरीक्षण

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी जे.रीभा ने आज प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति खुरहण्ड, महेश प्रसाद रमेश चन्द्र खाद बिक्री केन्द्र तथा इफको बाजार अतर्रा खाद बिक्री केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वप्रथम प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति खुरहण्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 150 टोकेन पर दो-दो बोरी खाद किसानों को दिया जाना पाया गया, जिसमें पुरूष एवं महिलाओं को बारी-बारी से खाद वितरित की जा रही है। उन्होंने मौके पर उपस्थित किसानों से वार्ता करते हुए खाद मिलने के सम्बन्ध में जानकारी ली तथा खाद ले गये किसानों से फोन पर सम्पर्क कर खाद बिक्री दर आदि के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए कहा कि सभी किसानों को बारी-बारी से खाद दी जा रही है। इसके पश्चात उन्होंने महेश प्रसाद रमेश चन्द्र खाद बिक्री केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने खाद बिक्री एवं बचे स्टाक का मिलान भी कराया। मौके पर खाद वितरण करते हुए पाया गया तथा केन्द्र में 43 बोरी खाद उपलब्ध मिली। इफको ई बाजार अतर्रा के निरीक्षण के दौरान किसानों को खाद बिक्री करते हुए पायी गयी। उन्होंने निर्देश दिये कि निर्धारित दर पर ही किसानों को खाद उपलब्ध करायी जाए। स्टाक चेक करने पर 300 बोरी खाद में से बिक्री के उपरान्त 174 बोरी खाद उपलब्ध मिली। उन्होंने खाद विक्रेताओं को निर्देशित किया कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नही होने पाये तथा उन्हें निर्धारित दर पर ही खाद दी जाए। यदि किसी विक्रेता के द्वारा अधिक दर पर खाद बिक्री की जायेगी तो सम्बन्धित के विरूद्ध कडी कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी अतर्रा राहुल द्विवेदी, सहायक निबन्धक सहकारी समिति सहित जिला कृषि अधिकारी उपस्थित रहे।

### निर्माण कार्य को तेज गति से गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें: डीएम

**बांदा।** जिलाधिकारी श्रीमती जे.रीभा ने आज जल जीवन मिशन के अन्तर्गत नगर पंचायत ओरन पुनर्गठन योजना के अन्तर्गत अतर्रा मण्डी में निर्माणाधीन टंकी के निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश जल निगम को निर्देश दिये कि निर्माण कार्य को तेज गति से गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। यह निर्माणाधी परियोजना 8.71 करोड़ की लगात से निर्माण की जा रही है। उन्होंने जल निगम के अधिशाषी अभियंता को निर्देश दिये कि मैन पॉवर को बढाकर कार्य में प्रगति लायें। इसके पश्चात उन्होंने जल जीवन मिशन के द्वारा नगर पालिका क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति के सम्बन्ध में वार्ड-2 व 6 का मौके पर स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जलापूर्ति बाधित पायी गयी। उन्होंने अधिशाषी अभियंता एवं अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि वार्ड में जलापूर्ति होने को चेक करके रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने किन-किन वार्डों में जलापूर्ति का कार्य पूर्ण हो गया कि जानकारी लेते हुए पूरी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी अतर्रा सहित अधिशाषी अभियंता जल निगम एवं अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद अतर्रा उपस्थित रहे।

# छेड़छाड़ के आरोप में आटो चालक गिरफ्तार

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



स्वाट/सर्विलांस व थाना कोतवाली नगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा 03 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से तीन अदद मोबाइल, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, नगदी व घटना में प्रयुक्त एक अदद ई-रिक्शा ऑटो बरामद हुए।

25 अगस्त को वादिनी/पीड़िता द्वारा सूचना दी गई कि दिनांक 24 अगस्त को रेलवे स्टेशन बाराबंकी से ऑटो पर तिवारीगंज जाते समय सफेदाबाद ओवर ब्रिज पर पहुंचने पर आटो चालक व उसके साथियों द्वारा छेड़खानी करने के सम्बन्ध में सूचना दी गई। वादिनी द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 809/2025 धारा 74/309(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मंगलवार को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मैनुअल इंटेलीजेन्स/सीसीटीवी कैमरों की मदद से मु0अ0सं0 809/ 2025 धारा 74/ 309 (4)/ 317 (2)/3(5) बीएनएस से सम्बन्धित आरोपियों 1. अनिकेत कुमार उर्फ सौरभ पुत्र सुमेरीलाल गौतम, 2. अंशू कश्यप पुत्र राधेश्याम निवासी ग्राम लक्ष्मीनगर, 3. लवकुश बेडिया पुत्र बच्चा राम निवासीगण ग्राम लक्ष्मीपुर थाना जहांगीराबाद को चीनी मिल गैराज परिसर, कोतवाली नगर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 03 अदद मोबाइल व घटना से संबंधित सामान में शैक्षणिक कागजात व 960/- रुपये बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर धारा 317(2)/3(5) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई। अभियुक्त अनिकेत उर्फ सौरभ ऑटो ड्राइवर है जिसके अन्य साथी अंशू कश्यप व लवकुश बेडिया भी साथ मौजूद थे। अभियुक्तगणों द्वारा बाराबंकी के आस पास ई-रिक्शा ऑटो चलाया जाता है तथा अभियुक्तगण नशे व फिजूलखर्ची के आदी है। 24 अगस्त को समय करीब रात्रि 8-9 बजे बाराबंकी रेलवे स्टेशन के पास सवारी का इंतजार कर रहा थे, तभी अकेली सवारी देखकर बाराबंकी रेलवे स्टेशन से एक महिला तिवारीगंज, लखनऊ जाने के लिए ई-रिक्शा पर बैठाया। सवारी ले जाते समय थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत सफेदाबाद ओवरब्रिज पर झाड़ियों के पास आटो चालक व उसके साथियों द्वारा वादिनी से छेड़खानी कर उसका बैग छीन लिया गया। पीड़िता द्वारा ऑटो से उतरकर सड़क पर भाग गई।

## सर्प दंश का शिकार हुई वृद्धा की मौत

**मसौली, बाराबंकी।** बीती रात्रि थाना क्षेत्र के ग्राम बहामऊ में बरामदे मे सो रही एक 70 वर्षीय वृद्ध महिला को जहरीले सर्प ने डंस लिया जिन्हे उपचार के लिए सीएचसी बड़ागांव में भर्ती कराया इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। मसौली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम बहामऊ निवासी 70 वर्षीय जगराना पत्नी बालक राम बीती रात्रि अपने मकान के बरामदे मे पड़े पलंग पर सो रही थी कि मंगलवार की भोर करीब 4 बजे एक जहरीले सर्प ने काट लिया। परिजनों को जानकारी होते ही सीएचसी बड़ागांव में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# विद्यालय में चोरी का प्रयास

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

थाना लोनी कटरा अंतर्गत तेजवापुर गांव स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में बीती रात चोरों द्वारा चोरी का असफल प्रयास किया गया।

इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने थाना लोनीकटरा व खंड शिक्षा अधिकारी त्रिवेदीगंज को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है। विद्यालय के प्रधानध्यापक को सुबह 7:30 बजे विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाध्यापक व एन पी ई जी इ एल कक्ष का ताला टूटा हुआ मिला। प्रधानाध्यापक कक्ष का दरवाजा खुला मिला जिसकी सूचना डायल 112 पुलिस को दी गई। इसके बाद आईसीटी लैब स्मार्ट क्लास एवं रसोई घर का निरीक्षण किया गया यहां पर सभी समान सुरक्षित मिला। प्रधानाध्यापक ने बताया कि चोरों द्वारा विद्यालय की प्रमुख कीमती सामग्री चोरी करने की कोशिश की गई परंतु उनके हाथ असफलता ही लगी।



## दस लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** पुलिस ने बीती सोमवार की देर शाम 10 लीटर कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जानकारी के अनुसार सोमवार की देर शाम प्रार्थना पत्रो की विवेचना एवं अन्य सरकारी कार्यों के लिए पुलिस चौकी सराय गोपी से सिपाही अजीत सिंह के साथ निकले उप निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह को बंधवा अंडरपास के निकट मुखबिर द्वारा सूचना दी गई। मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने रतौली मोड़ के पास सफेद पिपया लेकर खड़े एक अधेड़ को हिरासत में ले लिया गया। तलाशी के दौरान 10 लीटर की सफेद पिपिया में अवैध कच्ची शराब बरामद हुई इसके बाद उसे हिरासत में ले लिया गया पकड़े गए अभियुक्त का नाम थाना क्षेत्र के पूरे अहिबरन मजरे कोलवा गांव निवासी बाबूलाल पुत्र खज्जन बताया जा रहा है।

# सभासद का हुआ अचानक निधन, शोक की लहर



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

सुबेहा नगर पंचायत के पूरे पलिहारन वार्ड के सभासद राम कैलाश का सोमवार की देर शाम अचानक हृदयगति रुकने से घर पर निधन हो गया।राम कैलाश 2023 में सभासद चुने गए थे। परिजनों ने बताया कि सोमवार शाम उन्हें अचानक उल्टी और सीने में दर्द की शिकायत हुई। वे सुबेहा से दवा लेकर घर लौटे। दवा लेने के बाद भी उनकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ। उन्हें अस्पताल ले जाने की तैयारी की जा रही थी कि तभी उन्होंने अंतिम सांस ली। सभासद के निधन की खबर सुनते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत, नगर अध्यक्ष देवीदीन रावत, भाजपा नेता अवधेश सिंह चंदेल पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सिंह उनके घर पहुंचे। साथ ही सभासद प्रतिनिधि रिजवान खान, गिरजा रावत, जय प्रकाश और प्रदीप गुप्ता ने घर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की।

### 31 अगस्त को स्थापना दिवस पर होगा आल्हा

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** मनोकामना हनुमान एवं दुर्गा मंदिर बाबा का पुरवा (दीवानखेड़ा) का स्थापना दिवस अगामी 31 अगस्त को मनाया जाएगा। इस अवसर पर विशाल भंडारा का भी आयोजन होगा। इससे पूर्व 30 अगस्त की सुबह 8 बजे से रामायण का अखंड पाठ शुरू होगा। रमेश कुमार एंड पार्टी द्वारा अंतिम दिन आलहा गायन किया जाएगा।

### बरसात में छत का एक हिस्सा गिरा, बाल-बाल बचा घर का मालिक

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** लोनीकटरा थाना अंतर्गत धौरहरा गाँव निवासी शिवगणेश पुत्र बैजनाथ के घर मे बीती रात बरसात के कारण छत का एक हिस्सा धराशायी हो गया। जिस समय यह हादसा हुआ उस वक्त गृह स्वामी उसी जगह खाट पर सोया हुआ था परंतु वह बाल बाल बच गया और किसी प्रकार का हादसा सामने नहीं हुआ।

# तालाब में डाली जहरीली दवा मछलियों की तड़प-तड़प कर मौत

**मसौली बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



जहाँगीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम करन्द स्थित एक तालाब मे अराजकतत्वों द्वारा जहरीली दवा छोड़ने से लाखो रुपये की मछलियां तड़प तड़प कर मर गयी मंगलवार की भोर मछली पालक ने भारी मात्रा में मरी पड़ी मछलियों को देखकर स्थानीय थाने मे शिकायत की है।

बताते चले कि ग्राम पंचायत करन्द स्थित गाटा सख्या 848 डूडी तालाब गांव के ही दलित संदीप गौतम पुत्र बद्री प्रसाद को तहसील प्रशासन द्वारा मछली पालन का पट्टा मिला है तीन माह पूर्व करीब 50 हजार रुपये कीमत का मछली का बच्चा डाला था जो काफी बड़ा भी हो गया था बीती रात्रि किसी अज्ञात व्यक्ति ने तालाब मे जहरीली दवा डाल दी जिससे लाखो रुपये कीमत की तैयार हुई मछलियाँ तड़प तड़प कर मर गयी।

मंगलवार की सुबह तालाब पर गये मछली पालक को मरी हुई मछलियाँ मरी पड़ी मिली भक्तभोगी मछली पालक ने स्थानीय थाने पर शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है।

# बस ने पिकप को मारी टक्कर, खाई में पलटा, 17 घायल

**रामनगर बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



तेज रफ्तार बस की ठोकर से श्रद्धालुओ से भरा हाफ डाला अनियंत्रित होकर नेशनल हाईवे के किनारे गहरे गड्ढे में पलट गया।जिससे उस पर सवार 17 यात्री घायल हो गये। जिन्हे सीएचसी रामनगर भेजा गया। वहां पर पांच लोगो की हालत गंभीर होने के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

प्राप्त विवरण के अनुसार कजरी तीज के पावन अवसर पर गोंडा में स्थित बाबा दुखहरन नाथ से दर्शन पूजन कर एक हाफ डाला में सवार होकर वापस घर लौट रहे थे। हाफ डाला जब ग्राम नचना के निकट अंचल चंचल ढाबा के पास थाना रामनगर के क्षेत्र में पहुंचा उसी समय पीछे से आ रही तेज रफ्तार रायबरेली डिपो की रोडवेज बस ने जोरदार ठोकर मार दी।जिससे हाफ डाला अनियंत्रित होकर हाईवे के किनारे गहरे गड्ढे में पलट गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार सैयद तहजीब हैदर,विजय प्रकाश तिवारी और पुलिस के जवान घायलो की मदद में जुटे हुए थे।सभी को तत्काल सीएचसी रामनगर भिजवाया गया। वहां पर जयकरण पुत्र सियाराम 30 वर्ष टांडा महमूदाबाद सीतापुर, रामगोपाल पुत्र शंकर 45 निवासी विषणापुर सीतापुर,रोलमती पत्नी राजकुमार 40 निवासी महमूदाबाद जिला सीतापुर,श्याम लाल पुत्र हंगा 49 निवासी बड्डूपुर बाराबंकी,दिनेश पुत्र पुत्तीदीन 48 वर्ष किजनापुर बाराबंकी की हालत गंभीर होने के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

शेष एक दर्जन लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी मिल गयी। थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडेय ने बस की व्यवस्था करवाकर प्राथमिक उपचार के बाद श्रद्धालुओ को उनके घर भिजवा दिया।

## खबरें एक नजर में

### छात्रा की बस की टक्कर से मौत



**इटावा।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत 23 अगस्त को सुबह चौधरी पेट्रोल पंप के पास युवती बस की टक्कर लगने से घायल हो गयी थी। टीएसआई संतोष माथुर ने घायल युवती को जिला अस्पताल ले गए जहां डाक्टर ने युवती की हालत नाजुक देख सैफई रिफर कर दिया था। छात्रा सरबजीत कौर उम्र 18 पुत्री कमलजीत छाबड़ा स्कूटी पर बैठकर अपने घर पंजाबी कॉलोनी जा रही थी तभी चौधरी पेट्रोल पंप के निकट बस की टक्कर लग गई जिससे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल युवती को देखकर टीएसआई संतोष माथुर छात्रा को जिला अस्पताल मोतीझील ले गए। डॉक्टरों ने छात्रा की हालत गंभीर होने की वजह से सैफई हॉस्पिटल रिफर कर दिया तो परिजन छात्रा को लेकर उ.प्र.ग्रामीण आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई हॉस्पिटल ले गए और 4 दिन इलाज होने के बाद मंगलवार को छात्रा की मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया।

### शराब सहित युवक गिरफ्तार

**बकेवर, इटावा।** पुलिस ने एक युवक को 20 क्वाटर देशी शराब के साथ इकनौर महासिहपुर रोड से गिरफ्तार कर जेल भेजा। बराउख चौकी इंचार्ज दया शंकर ने बताया कि वह सोमवार की शाम क्षेत्र मे शान्ति व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से गश्त पर थे और वह पुलिस फोर्स के साथ गश्त करते हुए इकनौर महासिहपुर तिराहे के पास पहुंचे कि तभी उन्हे एक युवक संदिग्ध अवस्था में झोला लिये खड़ा दिखाई दिया उनके द्वारा टोकने पर वह युवक भागने की कोशिश करने लगा कि तभी पुलिस फोर्स ने उसे पकड लिया पुलिस हिरासत में आये युवक की तलाशी लेने पर उसके पास झोले से 20 क्वाटर देशी शराब के बरामद हुए उसने अपना नाम पूरन सिंह निवासी ग्राम मडैया दिलीपनगर थाना बकेवर इटावा बताया पुलिस ने युवक के विरुद्ध मुकदमा दफा 60 एक्ट के तहत दर्ज कर युवक को जेल भेज दिया।

### ग्लोबल फाउंडेशन ने कुपोषित बच्चों को बांटा पुष्टाहार

**इटावा।** ग्लोबल पीस फाउंडेशन द्वारा एनआरसी में कुपोषित बच्चों को विशेष चिकित्सीय खाद्य पदार्थ दलिया, फल, जूस आदि वितरित किया गया। फाउंडेशन की अध्यक्ष सीमा सिंह ने कहा कि हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य पोषण से परिवर्तन की ओर कुपोषित बच्चों की समय पर पहचान और देखभाल ही हमारी प्राथमिकता है। गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर उनको विशेष देखभाल पोषण और उपचार प्रदान कराना है तथा माता-पिता को बच्चों की देखभाल एवं बच्चों को घर पर पौष्टिक और सही मात्रा में भोजन कैसे दें इस संबंध में जानकारी देना है। इस कार्यक्रम में फाउंडेशन के सभी पदाधिकारी एवं एनआरसी का स्टाफउपस्थित रहा। कार्यक्रम में एनआरसी की डॉ. पल्लवी दुबे का विशेष योगदान रहा।

### पालिकाध्यक्ष ने पीड़ित परिवार को दिया आर्थिक सहयोग

**भरथना, इटावा।** बीते दिनों हुई रिमझिम व मूसलाधार बारिश के चलते मकान की छत गिरने की सूचना पर पहुँचे पालिकाध्यक्ष ने पीडित परिवार का आर्थिक सहयोग कर तहसीलदार को उक्त घटना की जानकारी देकर दैवीय आपदा के अन्तर्गत शासन से मिलने वाला सहयोग मुहैया कराने की बात कही। बीती सोमवार की सुबह 8 बजे कस्बा के मुहल्ला बृजराजनगर स्थित प्रभावती स्कूल के सामने वाली गली निवासी धर्मवीर कठेरिया पुत्र चन्द्रप्रकाश कठेरिया अपने परिवार सहित किराये के मकान में रहता है। उक्त मकान की छत बरसात के कारण अचानक भरभराकर गिर गयी। जिससे उसकी घर गृहस्थी का नुकसान भी हो गया। आर्थिक स्थिति दयनीय व मकान की छत गिरने की सूचना मिलने पर पालिकाध्यक्ष अजय कुमार यादव गुल्लू घटनास्थल पर पहुँचे और उन्होंने पीडित परिवार का तत्काल आर्थिक सहयोग किया तथा तहसीलदार दिलीप कुमार सिंह को घटना से अवगत कराते हुए दैवीय आपदा के अन्तर्गत शासन से मिलने वाला सहयोग पीड़ित को दिलाने की माँग की।

# लुटेरा गिरफ्तार, मंगलसूत्र-मोबाइल लूटने में था माहिर, मंगलसूत्र बरामद

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



थाना हैदरगढ़ पुलिस टीम द्वारा 01 शातिर लुटेरे को गिरफ्तार कर कब्जे से लूट की घटना से सम्बन्धित मंगल सूत्र, मोबाइल व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। बीते 23 अगस्त को थाना हैदरगढ़ क्षेत्रान्तर्गत लक्ष्मनगढ़ नहर कोठी के पास एक महिला साइकिल से अपने भाई के साथ तहसील हैदरगढ़ जा रही थी तभी रास्ते में 02 अज्ञात स्पलेण्डर बाइक (बिना नम्बर प्लेट) सवार व्यक्ति मोबाइल, मंगलसूत्र व कान की बाली छीनकर भाग गए थे।

उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना हैदरगढ़ पर मु0अ0सं0 300/2025 धारा 309(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा घटना के सफल अनावरण, अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया व आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए। इसी क्रम में थाना हैदरगढ़ पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेन्स एवं डिजिटल डेटा व सीसीटीवी फुटेज की मदद से घटना का अनावरण करते हुए 25 अगस्त को अभियुक्त रामबिहारी पुत्र थनई निवासी गौरी थाना लोनीकटरा जनपद बाराबंकी को दयालगंज रेगुलेटर के पास से गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त के कब्जे से घटना से सम्बन्धित एक अदद मंगल सूत्र पीली धातु व एक अदद एण्ड्राएड फोन व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल स्प्लेण्डर बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई।

पूछताछ एवं जांच से ज्ञात हुआ कि गिरफ्तार अभियुक्त रामबिहारी अपने एक अन्य साथी उमेश पुत्र दुजई निवासी गौरी थाना लोनीकटरा जनपद बाराबंकी के साथ मिलकर राह चलते लोगों को चिन्हित कर घटना को अंजाम देते हैं।

23 अगस्त को थाना हैदरगढ़ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम लक्ष्मनपुर, नहर कोठी के पास एक महिला अपने भाई के साथ साइकिल से जा रही थी तभी अभियुक्तगण महिला से मंगल सूत्र व मोबाइल छीनकर बरामद मोटर साइकिल से भाग गए थे। घटना कारित करने में प्रयुक्त मोटर साइकिल अभियुक्त उमेश द्वारा चारबाग, लखनऊ से चोरी की गयी थी। पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।

# पति-पत्नी के विवाद में पत्नी पक्ष ने बोला हमला, दो घायल

**जैदपुर, बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र के टिकरा उसमा मे पति पत्नी के आपसी मनमोटाव को लेकर कहा सुनी मे लड़की पक्ष के लोगों ने घर में घुस कर हमला बोल दिया और गालियां देते हुए जमकर लाठी डंडो से मारा पीटा,मारपीट मे तीन लोग घायल हो गये जिसकी शिकायत पीड़ित ने जैदपुर थाने में की है।

पुलिस द्वारा घायलों को उपचार हेतु भेजा गया है।जानकारी के अनुसार थाना जैदपुर के टिकरा उसमा निवासी ओसामा पुत्र नसीम की ससुराल उसी गांव की है और पति पत्नी में आपसी मनमुटाव चल रहा था। जिसे लेकर सोमवार को लगभग पांच बजे ओसामा के ससुराल के मो उमर पुत्र सहीम,सहीम,शहबान, सुहैल सहित अन्य लोगो ने ओसामा के घर पर हमला बोल दिया जिसमें ओसामा मो माज,अफ्फान पुत्रगण नसीम को गम्भीर चोटें आयी मामले को लेकर पीड़ित ने जैदपुर पुलिस से शिकायत की।पुलिस द्वारा घायलों को सीएचसी जैदपुर भेजा गया।

जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलो को डाक्टरो द्वारा जिला अस्पताल भेजा गया और पुलिस जांच पड़ताल में जुट गयी है।प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# डीएम ने अभिलेखागार में व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित अभिलेखागार राजस्व, अभिलेखागार फौजदारी, उप जिलाधिकारी न्यायालय, एआईजी स्टांप, अपर जिलाधिकारी न्यायिक न्यायालय, नजारत, भूलेख एवं संयुक्त कार्यालय का औचक निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अभिलेखों के सुरक्षित रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि अभिलेखागार में मुआयना करते समय कोई भी व्यक्ति पेन व मोबाइल कैमरा जैसी वस्तुएं साथ मे न लाएं, नगर मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि अभिलेखागार का समय-समय पर निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। उप जिलाधिकारी न्यायालय में उन्होंने निर्देश दिया कि काज लिस्ट अनिवार्य रूप से बोर्ड पर चस्पा की जाए, ताकि वादकारियों को सुविधा मिल सके। एआईजी स्टांप कार्यालय में जिलाधिकारी ने फाइलों को सुव्यवस्थित ढंग से संधारित करने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी न्यायिक न्यायालय में जिलाधिकारी ने न्यायालय कक्ष में वादकारियों एवं कर्मचारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दो एसी लगाए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# कार चालक ने आगे जा रहे ई-रिक्शा में मारी टक्कर, तीन घायल

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज़।**

उरई-जालौन मार्ग पर अकोढ़ी दुबे के पास स्थित पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार कार ने आगे जा रहे ऑटो ई रिक्शा में पीछे से टक्कर मार दी। कार की टक्कर लगने के कारण आटों ई रिक्शा में सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया है। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। मंगलवार की सुबह रामपुरा थाना के ग्राम पचोखरा निवासी मिथलेश कुमार (45) पत्नी अर्चना (42) व बेटी विनीता के साथ उरई से ऑटो ई रिक्शा पर सवार होकर गांव जा रहे थे। जब उनका ऑटो ई रिक्शा अकोढ़ी दुबे के पास पहुंचा तो उसके चालक ने अचानक उसे सड़क पर मोड़ दिया। आटो ई रिक्शा को मोड़ते ही पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार का चालक उसे संभाल नहीं सका और कार की ऑटो से टक्कर हो गई। जिससे ऑटो पलट गया और उसमें बैठे दंपति घायल हो गए। कार का चालक औरैया निवासी सरफराज (27) भी घायल हो गए। मौके देख आटों रिक्शा चालक से वहां से भाग गया। इसी दौरान मरीज को छोड़कर आ रहे एंबुलेंस चालक अंकित यादव व ब्रजेन्द्र ने सड़क पर घायलों को देखकर एंबुलेंस रोक दी और राहगीरों की मदद से उन्हें एंबुलेंस में बैठाकर सीएचसी में लाकर भर्ती कराया है।

## चुरायी बकरी बेंचने जा रहा युवक पकड़ा गया, दूसरा फरार

**कालपी,जालौन।** मंगलवार सुबह पुलिस ने पड़ोसी की बकरी बेंचने जा रहे युवक को हिरासत में लिया है। इस दौरान एक युवक मौके से भाग निकला है। वैसे तो पशु चोरी की घटनाएं अक्सर ही प्रकाश में आती रहती है लेकिन रविवार रात चोरों ने नगर के मुहल्ला कागजीपुरा में कार द्वारा बकरी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। यह घटना सीसीटीवी कैमरे मे भी कैद हुई है हालाकि पुलिस को अभी सीसीटीवी कैमरे में कैद वाहन का तो पता नहीं चला है पर पुलिस बकरी चोरो की धरपकड़ में लग गयी है। और इसी के चलते मंगलवार सुबह सब इंस्पेक्टर देवेन्द्र भदौरिया तथा सिपाही अभिषेक ने कानपुर देहात स्थित चौरा बाजार मे बकरी बेंचने जा रहे युवक को हिरासत में लिया है।

# ग्यारह रुद्रेश्वर महादेव मंदिर जीर्णोदार का सर्वे

▸ सदर विधायक सरिता भदौरिया ने रखा था प्रस्ताव

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



जनपद का शिव भक्तों की साधना का यमुना नदी किनारे स्थित अलौकिक केंद्र के सुंदरीकरण का प्रस्ताव उत्तर प्रदेश विधानसभा में सदर विधायक सरिता भदौरिया ने रखा था जिसको लेकर आज उत्तर प्रदेश पर्यटन विकास विभाग द्वारा सर्वे किया गया।

सदर विधायक सरिता भदौरिया ने बताया कि जनपद में कुंडेश्वर मंदिर, पीलुआ महादेव मंदिर, नीलकंठ मंदिर सहित तमाम मंदिरों का उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सुंदरीकरण किया जा रहा है इसी कड़ी में आज ग्यारह रुद्रेश्वर महादेव मंदिर का जीर्णोदार सुंदरीकरण कराने के लिए उत्तर प्रदेश पर्यटन विकास विभाग के प्रोजेक्ट मैनेजर विपिन त्रिपाठी एवं जूनियर इंजीनियर ललित भदोरिया ने मंदिर में आकर इसका सर्वे किया जिसमें लगभग एक करोड़ की लागत से मंदिर का सुंदरीकरण कराया जाएगा जिसमें यात्रियों के ठहरने के लिए हाल की व्यवस्था यात्री सेड फर्श पर पत्थर स्वागत द्वार परिक्रमा मार्ग का विस्तार नदी किनारे रेलिंग एवं यमुना किनारे सीडीओं पर पत्थर लगाकर सुंदरीकरण किया जाएगा। इस अवसर पर जिला पर्यटन अधिकारी मोहित मनोहर सिंह, युवा मोर्चा के जिलामहामंत्री सागर दुबे, किसान मोर्चा जिलामंत्री अशोक चौहान, नगरमंत्री चंदन पोरवाल, व्यापारी नेता विनीत कुमार पांडे आदि उपस्थित रहे।

## गांधी आश्रम एसडी फील्ड में हुई बैठक

**इटावा।** क्षेत्रीय गांधी आश्रम एसडी फील्ड में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें वरिष्ठ गांधीवादी एवं सर्वोदयी ध्रुवराज बड़वानी ध्रुव ने वरिष्ठ गांधीवादी एवं सर्वोदय नेता नीरज कुमार अध्यक्ष सर्वोदय जागरण मंच के साथ गांधीवादी एवं सर्वोदय कार्यकर्ताओं एवं अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर राजघाट बनारस से राजघाट दिल्ली तक प्रस्तावित पदयात्रा के संदर्भ में तैयारियों पर चर्चा की एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस यात्रा मैं सम्मिलित कर आज के दौर में गांधी की प्रासंगिकता एवं गांधी के रास्ते राष्ट्र निर्माण की संकल्पना को पूरा करने के विचार पर प्रकाश डाला।

# महामंडलेश्वर शिवम को मिला सार्क इंटनेशनल गौरव सम्मान

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



टिक्सी मंदिर के पास स्थित शहर के प्राचीन ऐतिहासिक बिट्ठल आश्रम के पीठाधीश्वर व अंतर्राष्ट्रीय सप्तऋषि अखाड़ा के महामंडलेश्वर शिवम महाराज को नेपाल की राजधानी काठमांडू में आयोजित कार्यक्रम में प्रथम उपराष्ट्रपति परमानंद झा ने सार्क इंटरनेशनल गौरव सम्मान से सम्मानित किया। शिवम जी महाराज को सम्मानित किए जाने पर जिले के लोगों ने बधाई दी है।

संत सनातन धर्म की पताका फहराने वाले पीतांबरेश्वर सरकार धाम के मठाधीश औरैया निवासी महामंडलेश्वर शिवम जी महाराज को नेपाल के काठमांडू में रविवार को आयोजित समारोह में सार्क इंटरनेशनल गौरव सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में उनको यह सम्मान नेपाल के प्रथम उप राष्ट्रपति एवं नेपाल सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश परमानंद झा ने भेंट किया। इस मौके पर महामंडलेश्वर शिवम महाराज ने कहा कि यह पुरस्कार केवल उनका व्यक्तिगत नहीं है। बल्कि संपूर्ण सनातन संस्कृति अध्यात्म और समाज सेवा से जुड़े संतों, श्रद्धालुओं और सेवा का परिणाम है। कहा कि यह सम्मान उन्हें समर्पण के साथ समाज और धर्म की सेवा करने के लिए और अधिक प्रेरित करेगा। इस अवसर पर भारत, नेपाल, थाईलैंड, श्रीलंका, क्रोएशिया, बंग्लादेश, यूएसए और इटली समेत कई देशों के अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि और विशिष्ट हस्तियां उपस्थित रहीं। कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं धाराधाम इंटरनेशनल, देवनागरी उत्थान फाउंडेशन, एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, बौद्ध वर्ल्ड पीस फाउंडेशन नेपाल की ओर से आयोजित किया गया था। जिसमें धाराधाम इंटरनेशनल के संस्थापक संत डॉ.सौरभ पांडे, सीईओ धाराधाम इंटरनेशनल थाईलैंड डॉ. प्रेम प्रकाश पांडे, देवनागरी उत्थान फाउंडेशन प्रमुख डॉ.सुनील दुबे, एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के निदेशक डॉ. नारायण यादव, बौद्ध वर्ल्ड पीस फाउंडेशन नेपाल के अध्यक्ष होलीनेश्स लामा प्याछ्छो रिनपोछे, धारा श्रीलंका के एंबेसडर डॉ.बीएम उवैस, धारा इटली के एंबेसडर डॉ. एदा गुइबेर्टी का सहयोग रहा।

# दो जगहों पर वोटर होने के मामले में सौंपा हलफनामा

## हलफनामा सौंप पूर्व ब्लॉक प्रमुख और बीएलओ पर कार्रवाई की मांग

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व ब्लॉक प्रमुख के नाम दो- दो जगहों पर वोट दर्ज होने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण द्वारा लगाए गए आरोपों के बाद अब भाजपा जिलाध्यक्ष वीरसिंह भदौरिया ने भी मोर्चा खोल दिया है।

मंगलवार को वह पार्टी पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिला निर्वाचन अधिकारी के नाम संबोधित एक हलफनामा एडीएम न्यायिक देवेंद्र सिंह को सौंपा। भाजपा जिलाध्यक्ष ने अपने हलफनामे में दावा किया कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के करीबी नवाब सिंह यादव और उनके भाइयों के नाम दो- दो स्थानों की वोटर लिस्ट में दर्ज हैं। एक वोट अडंगापुर गांव के बूथ संख्या 233 पर, जबकि दूसरा कन्नौज शहर के ग्वाल मैदान स्थित प्राथमिक विद्यालय के बूथ संख्या 299 और 300 पर मौजूद है। मामले में उन्होंने गहन जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने विशेष रूप से संबंधित बीएलओ की भूमिका की जांच कर उनके खिलाफ भी आवश्यक कार्यवाही की मांग की है। उन्होंने कहा, जब बिहार में चुनाव आयोग ने इस प्रकार के फर्जी वोट हटाए थे, तो पूरा विपक्ष चुनाव आयोग पर हमलावर हो गया था। लेकिन जब आयोग ने विपक्षी नेताओं से हलफनामा मांगा, तो किसी ने भी हलफनामा देने की हिम्मत नहीं दिखाई। कन्नौज में जो मामला सामने आया है, वह पूरी तरह से सत्य है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह मामला सिर्फ राजनीतिक नहीं, बल्कि लोकतंत्र की निष्पक्षता से जुड़ा है और इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती। इस दौरान जिला महामंत्री शैलेंद्र द्विवेदी, श्यामू राजपूत, विवेक पाठक, विशाल दुबे, कुलदीप दोहरे, अशोक सिंह सहित आदि लोग रहे।



एडीएम न्यायिक को हलफनामा देते जिलाध्यक्ष वीर सिंह व अन्य

# एमबीबीएस में प्रवेश पाकर स्कूल व जिले का नाम किया रोशन

## सुभाष अकादमी में अहद अली का जोरदार स्वागत

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

सुभाष अकादमी के छात्र अहद अली ने एमबीबीएस प्रवेश परीक्षा में 509 अंक हासिल कर पीलीभीत मेडिकल कॉलेज में अपना स्थान सुनिश्चित किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय में उनका भव्य स्वागत किया गया। सौरिख थाना क्षेत्र के ग्राम कबीरपुर निवासी मैनूर खान के पुत्र अहद अली ने 2021 में इंटरमीडिएट परीक्षा में 89 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार यादव ने मिठाई खिलाकर और माल्यार्पण कर अहद का अभिनंदन किया। उन्होंने बताया कि सुभाष अकादमी के कई छात्र हर वर्ष मेडिकल और इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करते हैं। अहद की इस उपलब्धि ने विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। उनकी सफलता अन्य छात्रों के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा सुभाष अकादमी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि कड़ी मेहनत और समर्पण से बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं, जिसके लिए सभी शिक्षक और छात्र बधाई के पात्र हैं। विद्यालय के सीईओ कार्तिकेय सक्सेना ने अहद को शुभकामनाएं दीं और अन्य छात्रों को उनसे प्रेरणा लेकर मेहनत करने का आह्वान किया। शिक्षकों ने भी अहद को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस दौरान उप प्रधानाचार्य दिनेश कमल, कोऑर्डिनेटर धीरज यादव, सपन पांडेय, रामभक्त शर्मा, अनुज चौहान, रश्मि तिवारी, रश्मि पांडेय, शोभित, आशुतोष पांडेय, सतीश चौहान सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।




# सीएचसी पर सम्मानित की गईं आशा बहुएं

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** सीएचसी सिरौलीगौसपुर में आशा सम्मेलन और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर संतोष सिंह ने की।मंगलवार को डॉक्टर संतोष सिंह ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली तीन आशा बहुओं और तीन आशा संगिनियों को पुरस्कृत किया। आशा बहुओं में मरौचा की शांति शुक्ला को प्रथम, बदोसराय की पूजा भारती को द्वितीय और सुमनलता को तृतीय पुरस्कार मिला। आशा संगिनियों में मरकामऊ की सुमन मौर्य को प्रथम, किंतूर की नीतू को द्वितीय और बरोलिया की राधा रानी को तृतीय पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा डूडी की अर्चना और किशुनदासपुर की नीलम को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# गणेश महोत्सवः पंडालों में आज विराजेगें गजानन

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

इंदिरा आवास कॉलोनी, फर्रूखाबाद रोड स्थित जय बालाजी सेवा समिति द्वारा श्री गणेश महोत्सव की तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। समिति के अध्यक्ष सर्वेश कुमार तिवारी ने बताया कि भगवान श्री गणेश जी के आगमन की सभी व्यवस्थाएं तय हो गई हैं।

27 अगस्त से भव्य श्री गणेश महोत्सव का शुभारंभ होगा, जब पंडाल में विघ्नहर्ता की आकर्षक प्रतिमा विराजमान की जाएगी। हर वर्ष की तरह इस बार भी समिति 11वीं बार यह भव्य कार्यक्रम आयोजित कर रही है, जो शहर में अपनी अलग पहचान रखता है। जय बालाजी सेवा समिति के सौजन्य से संचालित यह महोत्सव स्थानीय लोगों के बीच उत्साह और भक्ति का प्रतीक बन चुका है। आज से ही भगवान श्री गणेश जी की विशेष पूजा-अर्चना प्रारंभ हो जाएगी, जिसमें आरती, भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल होंगे। समिति के सदस्यों ने पंडाल को फूलों, लाइटिंग और सजावट से सजाया है, ताकि भक्तों को विघ्नहर्ता का दर्शन आनंदमय हो।

अध्यक्ष सर्वेश कुमार तिवारी ने कहा, यह महोत्सव समाज में एकता और धार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देता है। हम सभी भक्तों का स्वागत करने को उत्सुक हैं। महोत्सव के दौरान दैनिक पूजन, प्रसाद वितरण और सामुदायिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। स्थानीय निवासियों ने तैयारियों की सराहना की है और आज से पंडाल में उमंग की उम्मीद जता रहे हैं। यह आयोजन न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि सामाजिक एकजुटता का भी प्रतीक है। भक्तों से अपील है कि वे बड़ी संख्या में पधारें और विघ्नहर्ता का आशीर्वाद प्राप्त करें।



# पेंशन योजना के तहत 286 नवीन आवेदन स्वीकृत

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री द्वारा दिव्यांग भरण- पोषण अनुदान एवं कुष्ठावस्था पेंशन योजना के अन्तर्गत 286 नवीन आवेदनों को स्वीकृति प्रदान की गई। वर्तमान वित्तीय वर्ष में अब तक कुल 1015 नवीन आवेदन स्वीकृत किए जा चुके हैं, जिससे जनपद में इस योजना के कुल लाभार्थियों की संख्या बढ़कर 14,830 हो गई है।

इस योजना के तहत पात्र दिव्यांगजनों को प्रति माह 1,000 की पेंशन तथा कुष्ठावस्था से दिव्यांग हुए व्यक्तियों को 3,000 की मासिक पेंशन दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा प्रदान की जाती है। पात्रता के लिए आवेदक भारत का नागरिक एवं उत्तर प्रदेश का स्थायी निवासी हो। आयु कम से कम 18 वर्ष हो। न्यूनतम 40 प्रतिशत दिव्यांगता प्रमाण पत्र (कुष्ठावस्था के मामलों में प्रतिशत की बाध्यता नहीं)। आय प्रमाण पत्र ग्रामीण क्षेत्र के लिए वार्षिक आय 46,080/- से अधिक नहीं होनी चाहिए। और शहरी क्षेत्र के लिए वार्षिक आय 56,460/- तक होनी चाहिए। ग्राम सभा का प्रस्ताव केवल ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अनिवार्य है। इस योजना के अन्तर्गत पात्र दिव्यांगजन अधिक जानकारी एवं सहायता हेतु दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, विकास भवन से संपर्क कर सकते हैं।

**कुल लाभार्थियों की संख्या 14,830 पहुंची**

# फर्जी नंबर प्लेट के साथ बाइक सवार पकड़ा गया

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

संदिग्ध व्यक्ति और वाहन चेकिंग के दौरान एक शातिर मोटरसाइकिल चोर को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से चोरी की गई एक हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद हुई।

जिस पर फर्जी नंबर प्लेट लगी थी। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देश पर चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत तिर्वा-गुरसहायगंज रोड पर चेकिंग के दौरान एक युवक मोटरसाइकिल से आता हुआ दिखाई दिया।

जिसे थाना तिर्वा उपनिरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल ओमपाल सिंह, अमित कुमार पुलिस टीम ने रोककर पूछताछ की। मोटरसाइकिल पर अंकित पंजीकरण संख्या यूपी 74 टी 8825 को जब ई- चालान ऐप के माध्यम से चेक किया गया, इस वाहन की वास्तविक जानकारी सामने आई। जांच में पता चला कि यह बाइक मूल रूप से पंजीकृत है यूपी 84 एएम 0013 के नाम पर, जिसका स्वामी सुमित पुत्र जयवीर सिंह, निवासी ग्राम दुवार कुसमरा, जनपद मैनपुरी है। बाइक का रंग काला है और यह हीरो स्प्लेंडर प्लस मॉडल की है।

पूछताछ में चालक ने अपना नाम दिलीप कुमार (32) पुत्र रामजीत लाल निवासी ग्राम अरसारा, थाना किशनी, मैनपुरी बताया। आरोपी के खिलाफ थाना तिर्वा में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।



पुलिस हिरासत में आरोपी

# ग्राम कसावा में प्रधान पर अवैध कब्जे का आरोप

## ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा प्रार्थना पत्र



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड की ग्राम पंचायत कसावा में ग्राम प्रधान मुकेश चंद्र पर आबादी भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रधान ने दबंगई के बल पर गाटा संख्या 1882, रकबा 8.0650 हेक्टेयर की आबादी भूमि पर बिना पंचायत प्रस्ताव के दुकानों का निर्माण शुरू कराया है।

जबकि यह भूमि राजस्व अभिलेखों में ग्रामवासियों के उपयोग के लिए सुरक्षित है, यहां पहले ग्राम पंचायत सचिवालय बना था। अधूरी चारदीवारी का फायदा उठाकर प्रधान ने कथित तौर पर गुंडों के सहयोग से अवैध निर्माण शुरू कराया। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधान ने पशुचर की भूमि पर भी जबरन सड़क डलवाई, जिससे सार्वजनिक संपत्तियों पर अतिक्रमण का खतरा बढ़ गया है। मंगलवार को ग्रामीणों ने छिबरामऊ तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपा, जिसमें अवैध निर्माण पर तत्काल रोक और राजस्व विभाग से जांच की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि समय पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करेंगे और जिलाधिकारी से शिकायत करेंगे। ग्राम सचिव गौरीशंकर तिवारी ने निर्माण की जानकारी से अनभिज्ञता जताई। वहीं, खंड विकास अधिकारी दीपांकर आर्य ने बताया कि ग्राम सचिवालय के पास की जमीन पर दुकानों के निर्माण का प्रस्ताव पास हो चुका है।

# मवई अहीर प्रधान ने बाउण्ड्री वाल निर्माण का दो बार निकाला भुगतान

**उरई,जालौन।** कदौरा विकासखंड के मवई अहीर के पंचायत सदस्य ने जिलाधिकारी को संबोधित दिये गये शिकायती पत्र में ग्राम प्रधान भूपेंद्र सिंह यादव पर गांव में कराये गये विकास कार्यों में हेराफेरी कर प्राथमिक विद्यालय की बाउण्ड्रीवाल निर्माण के नाम पर दो बार रुपये की निकासी कर भ्रष्टाचार की नई पटकथा लिख डाली। जिलाधिकारी को संबोधित दिये गये शिकायती पत्र में बताया कि ग्राम प्रधान भूपेंद्र सिंह यादव ने प्राथमिक विद्यालय की बाउण्ड्री बाल का निर्माण षिक्षा विभाग की विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक 21 अक्टूबर 2023 को हुई जिसमें बाउण्ड्री बाल के निर्माण हेतु ग्राम प्रधान भूपेंद्र सिंह यादव को अधिकृत किया गया जिसमें 1 लाख 75 हजार रुपये की धनराशि खाते में प्राप्त हुई। ग्राम प्रधान द्वारा उक्त बाउण्ड्री बाल निर्माण 16 नवंबर 2023 को 90 हजार रुपए, 12 दिसंबर 2023 को 35 हजार व 25 हजार रुपये तथा 22 दिसंबर 2023 को 25 हजार रुपये का बाउण्ड्री बाल निर्माण में हुये व्यय का भुगतान किया गया। लेकिन ग्राम प्रधान भूपेंद्र यादव द्वारा पुनः उसी बाउण्ड्री बाल निर्माण 16 फरवरी 2024 को दर्शाकर 1 लाख 47 हजार 127 रुपये का फर्जी तरीके से भुगतान ग्राम निधि से पंचायत सचिव को अंधेरे में रखकर तथा भ्रमित कर भुगतान निकाल लिया। जबकि कुछ माह पूर्व ही उक्त कार्य का भुगतान विद्यालय प्रबंधन समिति के द्वारा किया जा चुका है। इस मामले में पंचायत सचिव को पूर्व से बाउण्ड्री बाल के कार्य एवं भुगतान के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। परंतु ग्राम प्रधान के द्वारा तो स्वयं ही उक्त कार्य को कराया उसके बाद भी ग्राम प्रधान के द्वारा उक्त भुगतान निकालकर अपने पद व अधिकारों का दुरुपयोग करते हुये ग्राम प्रधान ने कुछ कार्यों के लेवर का भुगतान अपने सगे भाई बृजेंद्र सिंह यादव जो सेना में तैनात है उसके खाते में डलवाकर निकाल दिया।

# बारिश में ढहा मजदूर का आशियाना, मुआवजे की मांग

## आकाशीय बिजली से सबमर्सिबल के स्टार्टर जलकर राख

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

भारी बारिश ने बहवलपुर के वार्ड नंबर 13 हर्ष नगर में दलगंजन पुत्र स्व. वीरसहाय के परिवार पर कहर बरपाया। उधर ग्राम चतुरीपुर में आकाशीय बिजली से सबमर्सिबल के स्टार्टर जलकर राख हो गए।

सोमवार रात को दलगंजन का जर्जर मकान अचानक ढह गया, जिससे घर का जरूरी सामान मलबे में दब गया। सौभाग्य से दलगंजन और उनका परिवार मकान की खराब हालत के चलते बाहर सो रहे थे, जिस कारण वे बाल-बाल बच गए। दलगंजन पेशे से मजदूर हैं और मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। इस घटना ने उनके सामने आजीविका का संकट खड़ा कर दिया है। स्थानीय सभासद अमित शाक्य ने प्रशासन से पीड़ित परिवार के लिए मुआवजे की मांग की है, ताकि उनका भरण-पोषण हो सके और वे इस त्रासदी से उबर सकें। प्रशासन से अपेक्षा है कि वह शीघ्र कार्रवाई कर दलगंजन के परिवार को राहत प्रदान करे। इस घटना ने क्षेत्र में जर्जर मकानों की समस्या को भी उजागर किया है, जिस पर ध्यान देने की जरूरत है। इसके अलावा सोमवार की देर रात आकाशीय बिजली गिरने के कारण विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम चतुरीपुर निवासी मनोज दीक्षित पुत्र कैलाश चंद्र दीक्षित तथा ज्ञानेंद्र दिक्षित पुत्र श्याम बाबू के ट्यूबेल पर लगे सबमर्सिबल के स्टार्टर जलकर राख हो गए।



# 533 लाभार्थियों को मिला निर्धन कन्याओं की शादी हेतु लाभ

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

निर्धन व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी हेतु आर्थिक सहायता योजना के अन्तर्गत जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री द्वारा 78 नवीन आवेदनों को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके साथ ही वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025- 26 में अब तक कुल 533 आवेदन स्वीकृत किए जा चुके हैं, जिससे जनपद में योजना के अन्तर्गत लाभ प्राप्त करने वाले कुल लाभार्थियों की संख्या 533 हो गई है। यह योजना अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के ऐसे निर्धन परिवारों के लिए है, जिनकी वार्षिक आय ?1 लाख तक हो और जिनकी पुत्री की शादी 1 अप्रैल 2025 के बाद सम्पन्न हुई हो। योजना के तहत पात्र आवेदकों को 20,000 की आर्थिक सहायता पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा दी जाती है। आवेदनकर्ता शादी की तिथि से 90 दिन पहले या 90 दिन बाद तक विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के पश्चात आवेदन पत्र का प्रिंट आउट लेकर उसमें समस्त आवश्यक संलग्नक आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, शादी का कार्ड (मूल प्रति), आवेदक के बैंक पासबुक की छायाप्रति तथा आवेदक और कन्या के आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न कर संबंधित खंड विकास अधिकारी अथवा उपजिलाधिकारी कार्यालय में जमा करना होता है।

# महिला ने लाइनमैन और जेई पर लगाया प्रताड़ना के आरोप

## विद्युत कनेक्शन के लिए 12 हजार रुपये देने के बाद भी किया जा रहा परेशान

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड क्षेत्र के ग्राम कसाबा निवासी सुनीता देवी ने विद्युत विभाग के संविदा लाइनमैन अनुज और जूनियर इंजीनियर (जेई) विद्यासागर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सुनीता ने विद्युत विभाग के कार्यालय में प्रार्थना पत्र सौंपकर अपनी समस्या का समाधान और न्याय की मांग की है।

सुनीता ने बताया कि चार महीने पहले उन्होंने घरेलू बिजली कनेक्शन के लिए लाइनमैन अनुज को 12 हजार रुपये दिए थे। कनेक्शन तो मिला, लेकिन अब उन्हें अनावश्यक परेशान किया जा रहा है। अनुज और जेई विद्यासागर ने कहा कि केबल दूर से खींची गई है, इसलिए मीटर उनके पुराने कच्चे मकान पर लगाया जाएगा, जो अब ढह चुका है। सुनीता ने बताया कि वह अब वहां नहीं रहतीं, फिर भी मीटर वहां लगाने का दबाव बनाया जा रहा है। हाल ही में बारिश के कारण एक पेड़ गिरने से उनकी बिजली केबल टूट गई, जिससे दो दिनों से उनका घर अंधेरे में है। लाइनमैन अनुज से बार-बार संपर्क के बावजूद मरम्मत नहीं हुई। सुनीता ने आरोप लगाया कि अनुज और जेई अब दोबारा पैसे मांग रहे हैं। मंगलवार को सुनीता ने विद्युत विभाग कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र न्याय नहीं मिला, तो वह उच्च अधिकारियों और जिला प्रशासन से शिकायत करेंगी। जेई विद्यासागर ने बताया कि अनुज ने 6 हजार रुपये लेने की बात स्वीकारी है। सुपरवाइजर अंकित ने कहा कि अनुज के खिलाफ कई शिकायतें हैं और जल्द कार्रवाई होगी। उपखंड अधिकारी ने भी कठोर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# मोबाइल छिनैती की वारदात करने वाला चोर गिरफ्तार

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

शहर कोतवाल व जेल चौकी प्रभारी ने सरेराह छिनौती की वारदात को अंजाम देने वाले शातिर चोरों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। जिनके पास से छीने गए मोबाइल, चोरी की बाइकें व तमंचा कारतूस बरामद किया है। बीती 23 अगस्त को नीलू देवी जेल वार्डर जिला कारागार का दो युवक मोबाइल छीन कर भाग गए थे। इसके बाद अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया था।सोमवार की रात कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अंजन कुमार सिंह जेल चौकी प्रभारी अनिल कुमार के साथ गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर आरोपितों को जालौन रोड पर सड़क किनारे छोटी नहर की पुलिया के पास से पकड़ लिया।जिनमें सुनील पुत्र बनवारीलाल निवासी ग्राम पाली थाना कदौरा व अल्तमस उर्फ अल्लू पुत्र अल्ताफ खान निवासी मुहल्ला लहरिया पुरवा शामिल थे। जबकि उनका एक साथी सुनील कुशवाहा पुत्र राम औतार कुशवाहा निवासी ग्राम वघावली थाना रामपुरा भाग निकला। बताया गया कि उनके झोले की तलाशी ली तो उसमें आठ मोबाइल व एक तमंचा रखा हुआ था। पुलिस ने जब दोनों से कड़ाई से पूंछतांछ की तो उन्होंने बताया कि वह गैंग बनाकर चोरी की घटनाओं के अंजाम देते हैं।

# एसडीएम ने पीस कमेटी की बैठक कर शांति बनाए रखने की अपील की

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** कोतवाली टिकैतनगर में आगामी त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम सिरौली प्रीति सिंह ने की बैठक का संचलान क्षेत्राधिकारी रामसनेहीघाट जटाशंकर मिश्रा ने किया।एसडीएम प्रीति सिंह ने दोनों समुदायों के लोगों को प्रशासन की गाइडलाइन के अनुसार त्योहार मनाने के निर्देश दिए। डीजे संचालकों को सख्त हिदायत दी गई कि वे केवल धार्मिक गाने ही बजाएं। किसी भी प्रकार के अभद्र गानों पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई।नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी शीलू अवस्थी ने धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजकों से स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया।

# पंचनद तीर्थ क्षेत्र में पानी ही पानी, गांवों का सड़क संपर्क कटा

## नदी में पानी का बहाव स्थिर होने पर ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

**जगम्मनपुर, जालौन, समृद्धि न्यूज।**

पहाड़ो पर भारी बारिश होने की वजह से हथनी कुंड बैराज से बार बार पानी छोड़े जाने की वजह पचनद तीर्थ क्षेत्र पर यमुना में एक बार फिर यमुना का प्रलयकारी रुप देखने को मिल रहा। ग्रामीण रतजगा कर अपनी रात व्यतीत करते देखे जा रहे हैं। हालांकि प्रशासनिक अमला सतर्क बना हुआ है। तो वहीं पचनद पर यमुना नदी खतरे के निशान से अभी करीब एक मीटर कम बताया जा रहा है साथ ही पानी के बढ़ने की गति पर भी विराम लगा है। लेकिन पुनः हथनी कुंड सहित कई बांधों से पानी छोड़ने की खबर से पंचनद क्षेत्र के बाढ़ ग्रसित गांवों के ग्रामीण नदी के जलस्तर पर अपनी नजरें टिकाये हुये हैं। गौरतलब हो कि पिछले तीन दिन पूर्व बांधों से पानी छोड़ने के बाद चम्बल नदी में जल स्तर बढ़ा तो यमुना नदी में भी तेजी के साथ जल स्तर बढ़ना शुरू हो गया था। हालांकि मंगलवार को जब जल का स्तर स्थिर हुआ जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस तो ली लेकिन इसी दौरान पुनः गैर प्रांतों में बने बांधों से पानी छोड़ने से ग्रामीणों की मुश्किलें फिर से बढ़ सकती है इस संभावना को देखते हुये बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के गांवों में लोग सतर्क बने हुये हैं। यमुना नदी में रविवार से तेजी के साथ जल स्तर बढ़ने की जानकारी मिलते ही प्रशासन अलर्ट हो गया था और यमुना पट्टी के गांवों में सोमवार की सुबह सुबह से ही प्रशासन ने डुग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के निर्देश देने शुरू कर दिए थे। बाढ़ को देखते हुए ग्रामीण भी सुरक्षित ठिकानों में जाने लगे थे। यमुना का जल स्तर बढ़ने से यमुना पट्टी के दर्जनों ग्रामों की सडकों पर पानी भरने से लोगो को भारी मुसीबतों का सामना करना पड रहा था। कई गांवों के ग्रामीण छोटी नोवों द्वारा सड़क पार करने को विवश देखे गये। जगम्मनपुर से कंजोसा मार्ग बंद होने से भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है पुरा, महटोली, पतराही, लिड़उपुरा, चंदावली, रुदावली आदि गांवों की रास्ता बंद हो गई ओर कुछ गांव वालों को दस किलोमीटर का चक्कर लगाकर जगम्मनपुर तक रोजमर्रा के सामान लेने आना पड़ रहा है।



# अदालत के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**जालौन,उरई।** न्यायालय के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल को अज्ञात चोर चोरी ले गए हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। माधौगढ थाना क्षेत्र के ग्राम गोपालपुरा निवासी चंद्रभान चौकीदार ने पुलिस को बताया कि उनका भतीजा जितेन्द्र अपनी बाइक से गोपालपुरा से जालौन न्यायालय बीती सात अगस्त को सुबह 11 बजे आया था। न्यायालय के बाहर बाइक खड़ी करके वह न्यायालय में चला गया। जब वह वापस लौटा तो बाइक गायब थी। तलाशी के बाद बाइक न मिलने पर पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# कक्षा में घूमते कुत्तों से बच्चों की सुरक्षा खतरे में

**फतेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

फतेहपुर शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय गौरासैलक में एक गंभीर मामला सामने आया है।विद्यालय में तैनात प्रधानाध्यापक विद्यासागर ने सहायक अध्यापक पर स्कूल परिसर में घुमंतू कुत्तों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है।उन्होने इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की है और इसे विद्यालय के पत्र-व्यवहार रजिस्टर में भी दर्ज किया है।

प्रधानाध्यापक का कहना है कि सहायक अध्यापक न केवल कुत्तों को स्कूल में आने देते हैं बल्कि उन्हें परले-जी बिस्किट भी खिलाते हैं। कक्षा की अलमारी से कुत्तों के लिए बिस्किट का बंडल तक मिला है। आरोप है कि इन कुत्तों की मौजूदगी से बच्चे कक्षाओं और मिड-डे-मील (एमडीएम) के दौरान असुरक्षित रहते हैं।प्रधानाध्यापक ने बताया कि कई बार बच्चों ने कुत्तों को भगाने की कोशिश की,लेकिन वे आक्रामक हो जाते हैं और काटने की कोशिश तक करते हैं।विरोध करने पर सहायक अध्यापक ने धमकी दी और अपशब्दों का प्रयोग किया।उन्होने आशंका जताई कि कभी भी बच्चों के साथ अप्रिय घटना हो सकती है। सबसे बड़ी बात यह है कि शिकायत के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।इसी बीच, कोर्ट ने आदेश दिया है कि नगर निकाय प्रत्येक वार्ड में आवारा कुत्तों के लिए निर्धारित फीडिंग प्वाइंट बनाए।

वहां नोटिस बोर्ड लगाकर स्पष्ट किया जाए कि आवारा कुत्तों को केवल उसी स्थान पर खाना खिलाया जा सकता है।सड़क या अन्य जगहों पर उन्हें खाना खिलाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा और उल्लंघन करने वालों पर कानूनी कार्रवाई होगी।बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पांडेय का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में है।खंड शिक्षा अधिकारी को जांच के आदेश दिए गए हैं और रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# तेरह दिन बीतने के बाद भी युवक अवधेश का नहीं लगा सुराग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

करीब तेरह दिन बीत जाने के बाद भी युवक अवधेश का कोई सुराग नहीं लगा है। पीड़ित परिजनों ने पुलिस से पुनः गुहार लगायी है।

जानकारी के अनुसार पीड़िता अनीता देवी पत्नी अवधेश कुमार कठेरिया निवासिनी छोटा फतेहपुर कुबेरपुर घाट थाना मऊदरवाजा ने थाना मऊदरवाजा पुलिस को दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा कि दिनांक 13.08.2025 को दोपहर अचानक मेरे पति अवधेश कुमार पुत्र रामपाल गायब हो गये थे। काफी ढूंढने के बावजूद भी वह नहीं मिले। तब पीड़िता द्वारा दिनांक 16.08.2025 को थाना मऊदरवाजा पर अपने पति की गुमशुदगी दर्ज कराने हेतु प्रार्थना पत्र दिया था। बाद में पीड़िता को गांव के कुछ व्यक्तियों से ज्ञात हुआ कि पीड़िता के पति अवधेश कुमार को गांव के ही राजेश राजपूत पुत्र दुर्विजय व उसके मामा सुरेन्द्र सिंह पुत्र बालकराम निवासी ग्राम बीघापुर थाना मिर्जापुर जनपद शाहजहांपुर जो रक्षाबंधन पर गांव में ही राजेश राजपूत के यहां आया हुआ था, जो एक षडयंत्र के तहत रंजिश के चलते उसकी हत्या करने के उद्देश्य से बुला ले गये थे और एक साथ शराब पीने के बहाने से पीड़िता के पति को गायब कर दिया। जानकारी होने पर पीड़िता ने थाने में पुलिस को सूचना दी, तो पुलिस द्वारा सुरेन्द्र सिंह को थाने पर बुलवाया गया, किन्तु राजेश फरार हो गया। उक्त सुरेन्द्र सिंह पर पुलिस ने दबाव बनाकर जब पूछताछ की, तो सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि उसने अपने भान्जे राजेश राजपूत के साथ मिलकर अवधेश कुमार को शराब पिलाकर हंसी नगला पुलिया के पास गंगा नदी में डुबाकर हत्या करने की बात कबूली। उक्त सुरेन्द्र अभी भी थाने में पुलिस की अभिरक्षा में है। घटना के 13 दिन बीत जाने के उपरान्त भी पुलिस द्वारा अभी तक न तो पीड़िता के पति के शव को बरामद किया गया है और न ही राजेश राजपूत को गिरफ्तार किया गया और न ही अभी तक पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस की सांठगांठ से अपराधी राजेश राजपूत फरार है। राजेश राजपूत के द्वारा पीड़िता के परिवार पर दबाव बनाया जा रहा है और उक्त राजेश राजपूत पीड़िता व उसके परिवार को जातिसूचक गन्दी-गन्दी गालियां देता है।

## पुलिस ने ड्रोन कैमरा व पानी में उतरकर अवधेश को खोजा



ड्रोन कैमरे व पानी में युवक की तलाश करती पुलिस

ग्राम कुबेरपुर घाट में गंगा नदी के बाढ़ के पानी में डीजेआई कम्पनी के हाई डेफिनेशन वाले ड्रोन कैमरा की मदद से व नाव पर सवार होकर भिन्न-भिन्न संभावित स्थानों पर पुलिस ने स्वयं पानी मे उतरकर तैरकर घंटो तक गुमशुदा अवधेश पुत्र रामपाल की तलाश की। समाचार लिखे जाने तक अवधेश का कोई पता नहीं लग सका था। वहीं पुलिस का कहना था कि तलाश जारी है। शीघ्र ही अवधेश की तलाश की जायेगी।



मौके पर जांच पड़ताल करते लेखपाल

# बाड़े की दीवार गिरने से 15 सुअरों की मौत

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** बाड़े की दीवार गिरने से करीब 30 सुअर मलबे में दब गये। चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने करीब 15 सुअरों को जीवित बचा लिया, जबकि 15 सुअरों की मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार जहानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंजूखिरिया निवासी मसीह चरन जो की सुअर पालन का काम करता है। मंगलवार को दोपहर बरसात के कारण बाड़े की दीवार गिर गयी। जिसकी चपेट में आने से करीब 30 सुअर मलबे में दब गए। परिजनों के शोर मचाने पर गांव वाले मौके पर पहुंचे और मलबा हटाकर करीब 15 सुअरों को जिंदा बचा लिया, जबकि 15 सुअरों की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलने पर चिकित्सा अधिकारी एवं क्षेत्रीय लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। लेखपाल ने सुअर पालक को भरोसा दिया कि उनको मुआवजा दिलवाया जायेगा।

# जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी की तैयारी बैठक सम्पन्न

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी की तैयारी बैठक ग्राम चंदनी में हुई। इस दौरान कार्यक्रम को भव्य बनाने की रुपरेखा तय की गयी।

बताते चलें कि जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी 5 सितंबर को मनाया जायेगा। यह ईद का त्यौहार पैगंबर मुहम्मद के जन्म की याद में मनाया जाता है। इस दौरान कहा गया कि नगर पंचायत और प्रशासन को चाहिए कि जुलूस के मार्गो पर विशेष सफाई व्यवस्था की जाए और जगह-जगह पानी का छिड़काव किया जाए। साथ ही स्ट्रीट लाइट और यातायात व्यवस्था पर भी ध्यान दिया जाए। जिससे किसी प्रकार की असुविधा न हो। ईद मिलादुन्नबी का पैग़ाम पूरी इंसानियत के लिए रहमत और इंसाफ है। इसलिए इसे शांतिपूर्ण और अनुशासित ढंग से मनाना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। लोगों ने प्रशासन से सहयोग की उम्मीद जताई। बैठक के दौरान सदर बली मोहम्मद, मो0 यूनिस एडवोकेट, साजिद अली खान जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा, इमरान खान, आरिफ हाफिज चंदनी, शाहिद हाफिज सिरमौर बांगर, तौहीद मौलाना गनीपुर, अब्दुल्ला हाफिज जाफर नगर, अकरम हाफिज जाफर नगर, फरहाद हाफिज बबना, मजहर अली इमाम सलेमपुर, ओवैस हाफिज सितवानपुर, अरमान हाफिज मिल्किया, नौशाद हाफिज बघौना आदि लोग मौजूद रहे।



बैठक के दौरान मौजूद मुस्लिम समाज के लोग

## चोरी के मामले में चार बाल अपचारी गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** चोरी के मामले में चार बाल अपचारियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को प्रमोद कुमार वर्मा पुत्र स्व0 सूरज निवासी मोहल्ला नाला सिम्तसुमाल पक्कापुल कोतवाली फर्रुखाबाद द्वारा पुलिस को सूचना दी गई कि दिनांक 20.08.2025 को सुबह 10.55 बजे पर पीड़ित के पुत्र ने अपने 03 साथियों के साथ कस्बा राजेपुर थाना राजेपुर में स्थित पीड़ित की ज्वैलर्स की दुकान का ताला तोडकर दुकान के अन्दर से कुछ जेवरात व 10000 रुपये चोरी कर लिये गये थे। तहरीर के आधार पर थाना राजेपुर पर मु0अ0सं0 109/2025 धारा 305 (ए)/331(3) बीएनएस बनाम 04 बाल अपचारी पंजीकृत किया गया था। विवेचना के क्रम में 04 बाल अपचारियों को चोरी किए गये माल सहित गिरफ्तार किया गया है। माल बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) की बढ़ोत्तरी की गयी।

# गणपति बप्पा मोरिया समिति ने गणेश मूर्ति को नगर में कराया भ्रमण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के थाने के सामने स्थित हनुमान मंदिर में होने वाले गणेश महोत्सव की तैयारियों को मंगलवार को समिति के पदाधिकारियों ने अंतिम रुप दिया।

दोपहर बाद नगर के चौराहे से गणेश प्रतिमा भ्रमण यात्रा निकाली गयी। जिसको नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत, पूर्व प्रधानाचार्य अवधेश सिंह यादव, बैंक ऑफइंडिया के शाखा प्रबंधक विवेक कुमार, गौरव चौहान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मूर्ति को मुख्य बाजार मार्ग पर डीजे के साथ भ्रमण कराकर मंदिर में लाया गया। बुधवार सुवह वैदिक मंत्रों के साथ हवन पूजन कर गणेश प्रतिमा को मंदिर में स्थापित किया जाएगा। इस दौरान भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा है। बताते चलें कि भक्त करीब 10 दिन तक गणेश महोत्सव मनायेंगे। समिति के पदाधिकारियों ने समस्त भक्तगणों से आरती व पूजा अर्चना में शामिल होने की अपील की है। इस मौके पर गणपति बप्पा मोरिया समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता बेकरी वाले, आकाश गुप्ता, सतेन्द्र सिंह यादव, अनुराग भारद्वाज, अनुज गुप्ता, मनोज गुप्ता, अम्बुज भारद्वाज, रामजी दुबे, पुजारी रामजी, विजित भारद्वाज, अनन्त भारद्वाज, रजनीश यादव, विक्रम वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।



भ्रमण यात्रा को रवाना करते नगर अध्यक्ष व मौजूद समिति के पदाधिकारी

## डॉक्टर धीर सिंह बने डॉ राम मनोहर लोहिया महिला अस्पताल के सीएमएस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उर्सुला होर्स्मन मेमोरियल हॉस्पिटल (यूएचएम) कानपुर के वरिष्ठ परामर्श दाता को जिला महिला अस्पताल के अधीक्षक का चार्ज दिया गया है। डॉ. राम मनोहर लोहिया पुरुष अस्पताल के मुख्य चिकित्साधीक्षक का बीते दिन तबादला कर दिया गया था। अब डॉ. राम मनोहर लोहिया महिला अस्पताल के मुख्य चिकित्साधीक्षक का भी तबादला कर दिया गया है। उनके स्थान पर उर्सुला होर्स्मन मेमोरियल हॉस्पिटल (यूएचएम) कानपुर के वरिष्ठ परामर्श दाता डॉक्टर धीर सिंह को डॉ राम मनोहर लोहिया महिला अस्पताल का नया सीएमएस बनाया गया है। डॉ धीर सिंह के चार्ज लेने से डॉ. राम मनोहर लोहिया जिला महिला चिकित्सालय की चिकित्सा व्यवस्था बेहतर होगी। बताते चलें कि डॉ. धीर सिंह बेहद ही जनप्रिय चिकित्साधिकारी के तौर पहचान रखते हैं।

# बकायेदारी में कई विद्युत उपभोक्ताओं के कनेक्शन कटे

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विद्युत विभाग की टीम ने एक लाख से अधिक की बकायेदारी में कई लोगों के कनेक्शन काट दिये। टीम ने सभी उपभोक्ताओं से बिजली बिल समय पर जमा करने की अपील की है। इस कार्रवाई से बकायेदारों में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को नोडल अधिकारी गोपाल मिश्रा ने टीम के साथ नगर के मुख्य मार्ग पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान एक लाख के बकायेदारों के कनेक्शन काट दिये।

साथ ही उनके मीटर भी निकालकर बिजली घर में जमा करा दिए गए हैं। टीम ने उपभोक्ताओं से बकाया बिल शीघ्र जमा करने की अपील की है। विद्युत चेकिंग अभियान से कई बकायेदारों में हड़कंप मच गया। नोडल अधिकारी गोपाल मिश्रा के साथ वीर सिंह, प्रदीप कुमार, प्रमोद कुमार, गौरव सिंह और प्रदीप यादव सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।



नगर में चेकिंग अभियान चलाती विद्युत टीम

# रानी अवंतीबाई लोधी की 194वीं जयंती पर हुआ भव्य कार्यक्रम

- कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री ने लिया भाग
- समाजसेवी विकास राजपूत ने मंत्री को भेंट किया राम दरबार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की 194वीं जयंती के अवसर पर मंगलवार को अखिल भारतीय लोधी लोध महासभा द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री बी.एल. वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल पर भारी भीड़ उमड़ी। लोगों ने केंद्रीय मंत्री का जोरदार स्वागत किया।

इस दौरान भाजपा नेता एवं समाजसेवी विकास राजपूत ने महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन कुमार वर्मा उर्फ डेविड और प्रदेश अध्यक्ष राकेश उत्तम लोधी के साथ मिलकर केंद्रीय मंत्री बी.एल. वर्मा को राम दरबार भेंट कर सम्मानित किया। समाज के विभिन्न वक्ताओं ने वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के साहस और बलिदान को याद किया और उन्हें नमन किया।

साथ ही इस मौके पर लोधी छात्रावास और लोधी पुस्तकालय बनाए जाने की मांग जोरशोर से उठी, ताकि समाज के युवाओं को शिक्षा और संसाधनों का बेहतर लाभ मिल सके। केंद्रीय मंत्री बी.एल. वर्मा ने इस अवसर पर कहा कि रानी अवंतीबाई लोधी ने स्वतंत्रता संग्राम में अपने अदम्य साहस और नेतृत्व से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। हमें उनके आदर्शों को अपनाना चाहिए और समाज को शिक्षा एवं जागरूकता के माध्यम से आगे बढ़ाना चाहिए। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री बी.एल. वर्मा के साथ ही राम बक्श वर्मा पूर्व सांसद, अर्चना राजपूत महापौर शाहजहांपुर, विधायक रेखा वर्मा, पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, प्रदेश अध्यक्ष उत्तम चन्द्र, राकेश लोधी, हरिपाल लोधी, कांति लोधी, जितेंद्र लोधी, राकेश लोधी आगरा, स्वामी विवेकानंद, रवि वर्मा, कैलाश लोधी एटा, परशुराम वर्मा, महेश चंद्र वर्मा, राम लड़ैते राजपूत, अनिल राजपूत समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



केंद्रीय मंत्री को राम दरबार भेंट करते विकास राजपूत व अन्य

# पेड़ों को जानवरों से खिलवाने का विरोध करने पर पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के गाँव इजौर निवासी विनीत कुमार शाक्य उम्र 35 वर्षीय पुत्र नानिकराम ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि वह वन विभाग कार्यालय कायमगंज में पौधे लगाने का काम करता है। रोज की भांति मंगलवार को वह साईकिल द्वारा अपने घर से वन विभाग कार्यालय आ रहा था। जैसे ही वह गाँव लुधैया चौराहा के पास पहुंचा, तो देखा खेत में मवेशी चरा रहे अंकुर पुत्र प्रकाश अपने मवेशियों से पेड़ों को खिलवा रहा था। जब हमने उसे मना किया, तो वह हमारे साथ गाली-गालौज करने लगा। जब मैंने गलियां देने का विरोध किया, तो अंकुर ने अपने दो अन्य साथियों के साथ लाठी- डन्डों व लात-घूसों से मारपीटा। पुलिस मे पीड़ित की शिकायत पर विनीत कुमार का मेडीकल परीक्षण करवाया।



सीएचसी में भर्ती घायल

# किसान नेता व उनके पुत्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

- हिन्दू नेता व किसान नेता समेत पांच का शांतिभंग में चालान

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

बिजली विभाग के बिलिंग सुपरवाइजर प्रशांत कुमार की तहरीर पर किसान नेता मुन्नालाल सक्सेना, उनके पुत्र विनीत, मिलन समेत अन्य दो के खिलाफमुकदमा दर्ज कर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोप था कि 22 अगस्त को मोहल्ला जवाहरगंज स्थित मुन्नालाल सक्सेना के घर व दुकान पर अवैध रूप से मीटर लगाकर बिजली चलाई जा रही थी। जांच करने पहुंचे बिलिंग सुपरवाइजर के साथ मारपीट कर सरकारी कार्य में बाधा डाली गई और झूठे मुकदमे में फंसाकर जान से मारने की धमकी दी गई थी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ था।

इस विवाद को लेकर अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रांतीय नेता प्रदीप सक्सेना लगातार पुलिस से कार्रवाई की मांग कर रहे थे। कार्रवाई न होने से नाराज होकर उन्होंने सोमवार को संदिग्ध हालात में कीटनाशक खा लिया था।

परिजनों ने उन्हें धूना रोड से अस्पताल पहुंचाया। इस मामले में इंस्पेक्टर अनुराग मिश्रा ने अस्पताल पहुंचकर प्रदीप सक्सेना से जानकारी ली थी और जांच की। इंस्पेक्टर ने बताया कि विवाद को देखते हुए किसान नेता मुन्नालाल सक्सेना, उनके पुत्र मिलन, विनीत व हिंदू महासभा नेता प्रदीप सक्सेना, उनके पुत्र जय सक्सेना को हिरासत में लेकर शांतिभंग में चालान किया गया है, जबकि सुपरवाइजर की तहरीर कर किसान नेता और उनके पुत्रों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है।



किसान/हिन्दू नेता का डॉक्टरी परीक्षण कराती पुलिस

# वांछित आरोपी को पुलिस ने दबोचा



पुलिस हिरासत में अभियुक्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार बीते दिन वादी मुकदमा द्वारा अपनी पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने के बावत थाने पर तहरीर दी गयी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 276/2025 धारा-64 बीएनएस व 5एम/6 पॉक्सो एक्ट बनाम समरपाल पुत्र रामचरन निवासी ग्राम श्रृंगीरामपुर सरैया थाना कमालगंज पर पंजीकृत किया गया था। विवेचना के क्रम में पुलिस ने मंगलवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

# रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दो घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गयी, जबकि दो लोग घायल हो गये। जिनमें से एक को सीएचसी में भर्ती कराया गया, जबकि मामूली रुप से घायल एक युवक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार जनपद एटा के थाना अलीगंज क्षेत्र के मोहल्ला लोहाई दरवाजा निवासी करन उम्र 18 वर्षीय पुत्र रामसेवक अपने मोहल्ले के साथी रजत उम्र 19 वर्षीय पुत्र सर्वेश सक्सेना, राहुल पुत्र रघुनन्दन श्रीवास्तव को साथ लेकर फर्रुखाबाद जा रहा था। जैसे ही यह तीनों लोग शिवरई बरियार थाना कायमगंज गेट के पास पहुंचे, तभी पीछे से तेज रफ्तार आ रही रोडवेज बस ने उनकी बाइक मे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे करन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त रजत गम्भीर रूप से घायल हो गया। राहुल दोनों को छोड़कर गायब हो गया। करन व रजत को कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ले जाया गया। जहाँ ड्युरी पर तैनात चिकित्सक डॉ. अमित कुमार ने करन को मृत घोषित कर दिया। रोडवेज चालक बस छोड़कर मौके से फरार हो गया।



मौके पर जांच पड़ताल करती पुलिस

# छत से गिरकर युवक की मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** छत से गिरकर युवक घायल हो गया। परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार कायमगंज कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव सुल्तानपुर राज कुमार निवासी रुस्तम उम्र 22 वर्षीय पुत्र राजपाल छत से नीचे गिरकर अचेत हो गया। आनन्द-फानन में परिजन प्राइवेट वाहन द्वारा उसे कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. अमित कुमार ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# खतरे के निशान से 25 सेंटीमीटर ऊपर बह रहीं गंगा

- एक दर्जन मकान गंगा में समाए, गांव छोड़ रहे लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बाढ़ का कहर लगातार जारी है। गंगा नदी खतरे के निशान से 25 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। जनपद में 162 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। सदर तहसील क्षेत्र के पंखियन की मड़ैया में 20 दिनों में एक दर्जन मकान गंगा के पानी में समा गए हैं। इनमें प्रधान का कार्यालय भी शामिल है। तेज धार के कारण सड़कें कट रही हैं। लोग गांव छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जा रहे हैं। अमृतपुर, कायमगंज और सदर तहसील क्षेत्र के गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। कम्पिल थाना क्षेत्र में कई गांवों में बाढ़ का पानी भर गया है। कटरी क्षेत्र में सड़कें कट गई हैं। प्रशासन ने नावें उपलब्ध कराई हैं। जिनसे लोग आवागमन कर रहे हैं। अमृतपुर तहसील क्षेत्र के गांवों में पानी भरने से बीमारियां फैल रही हैं। स्वास्थ्य विभाग शिविर लगा रहा है। इसके बावजूद गांवों की स्थिति खराब बनी हुई है। शमशाबाद और कम्पिल क्षेत्र में भी बाढ़ से हालात गंभीर हैं। मंगलवार को गंगा में नरौरा बांध से 143514 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। रामगंगा में खो बैराज से 6992, हरेली बैराज से 249, रामनगर बैराज से 2142 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है।



गांव में पहुंचा पानी



सड़क पर बह रहा पानी

# किसानों की जमीन महायोजना के नाम पर डाका नहीं डालने दिया जायेगा: अशोक कटियार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अन्नदाता किसानों की जमीन पर महायोजना 2031 के नाम पर डाका नहीं डालने दिया जायेगा। कीरतपुर निवासी अशोक कटियार ने कहा कि हम विकास के विरोधी नहीं, लेकिन हम किसानों के घर, सम्पत्ति उजाड़कर कर घोर अन्याय की नीव पर विकास के विरोधी है। लोकहित में विकास योजना की जानकारी फर्रुखाबाद आम जनता को देने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किये जाये। महायोजना व फर्रुखाबाद विकास प्राधिकरण के लिए प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण के विरोध में मंगलवार को रम्पुरा व रखमीपुर में किसान नेता अशोक कटियार के नेतृत्व में किसान चौपाल का आयोजन किया गया।

**चौपाल लगाकर किसानों ने 2031 महायोजना का किया विरोध**

किसानों ने इस महायोजना में भूमि अधिग्रहण को लेकर चिंता प्रकट की। कहा कि अभी तक कोई स्पष्ट जानकारी न मिलने व अफवाहों से किसान परेशान है। उन्होंने कहा कि निनौआ, रम्पुरा, कीरतपुर, खमीपुर, जगतपुर नगर, याकूतगंज, धनसुआ, बुढ़नामऊ, विजाधरपुर, महरुपुर, कुटरा सहित 61 गांव को महायोजना में शामिल किया गया है। इन गांव में ही किसानों की भूमि अधिग्रहण कर फर्रुखाबाद विकास प्राधिकरण आवास विकास औद्योगिक क्षेत्र व अन्य विकास योजनायें प्रस्तावित की गई है।



महायोजना का विरोध करते ग्रामीण

महायोजना में तथ्यों को छिपाकर रुपरेखा बनायी गई। विजाधरपुर व पपियापुर में औद्योगिक क्षेत्र प्रस्तावित किया गया है। जबकि भूमि में ज्यादातर मकान बन चुके है। यहां औद्योगिक क्षेत्र वर्तमान में बनाना सम्भव नहीं है। धनसुआ क भूमि में काफी निर्णय हो चुका है। अशोक कटियार ने इसी प्रकार से सेन्ट्रल जेल चौराहे से निनौआ, रम्पुरा, जगत नगर, याकूतगंज तक सड़क के आसपास काफी निर्माण हो चुका है। महायोजना में सड़क के किनारे वाली जमीन का कोई उल्लेख नहीं है। इस सड़क की चौड़ाई सार्वजनिक 60 मीटर व 60 मीटर ग्रीन बेल्ट कुल 120 मीटर चौड़ाई प्रस्तावित की गई है। इस स्थिति में गांव के गांव की बस्ती उजड़ जायेगी। पूरे जीवन की पूंजी लगाकर मकान, दुकान लगाने वाले कहां जायेंगे। इस महा योजना में कोई उल्लेख नहीं है। पीड़ित परिवारों को कितना मुआवजा किस दर से मिलेगा, यह भी स्पष्ट नहीं है। बड़ी संख्या में लोग बेरोजगार हो जायेंगे। उनके रोजगार व उजड़े लोगों के लिए कोई कार्य योजना नहीं है, जबकि इतनी चौड़ाई सड़क की जरुरत नहीं है। केवल ड्रोन से सीमांकन कर योजना दर्शायी गई है। जिसका सभी किसान विरोध करते है। अध्यक्षता प्रेम सिंह ने की। संचालन लालू यादव ने किया। इस अवसर पर प्रधान सुरजीत सिंह, पहलवान, कमल किशोर, महेन्द्र सिंह, रामसनेही यादव, बंगाली बाबू, बृजनन्दन, शिवप्रताप, रामरत्न सिंह, राघवेन्द्र सिंह, जगदीश सिंह, देवेन्द्र सिंह, सुधीर शर्मा, रोहित यादव, सुबोध कुमार आदि किसान बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# पुरानी पेंशन की मांग को लेकर पांच सितम्बर को शिक्षक कर्मचारी करेगें उपवास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एनएमओपीएस के राष्ट्रीय आवाह्न पर पांच सितम्बर को शिक्षक दिवस के अवसर पर देश भर में लाखों शिक्षक, कर्मचारी, अधिकारी पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर उपवास रखेगें।



शिक्षक नेता ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी

अटेवा के प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि राष्ट्रीय आवाह्न पर शिक्षक एक दिन का उपवास रखेगें। घर-कॉलेज, कार्यालय आदि में भी रहकर उपवास कार्यक्रम को गंभीरता से अपनायेंगे। देशभर में सादगी के साथ यह कार्यक्रम मनाया जायेगा और हाथों में स्लोगन तख्तियां लेकर, टोपी लगाकर ओपीएस बहाली के लिए उपवास रखकर अपने मकसद पुरानी पेंशन बहाली को अंजाम देने के लिए सरकार की नींद जगायेंगे। देश की शरहदों पर दुश्मनों से लोहा लेने वाले और रक्षा करने वाले पैरामिलेट्री जवान सहित एक करोड़ शिक्षक, कर्मचारी, अधिकारी पुरानी पेंशन बहाली की मांग रखेंगे और संवैधानिक अधिकार को मांगेंगे। एनपीएस और यूपीएस के कर्मचारियों को मंजूर नहीं है। खुलकर विरोध करते हुए ओपीएस की मांग की जायेगी।

# दीक्षारंभ में छात्र-छात्राओं को दी गई विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दुर्गा नारायण महाविद्यालय के याणिज्य विभाग के तत्वाधान में प्राचार्य डॉ. मनोज गर्ग की अध्यक्षता में बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं हेतु दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ. मनोज गर्ग ने छात्र-छात्राओं को एन.ई.पी.-2020 के अन्तर्गत पाठ्यक्रमों एवं महाविद्यालय में होने वाले कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अजहर जुनैद आलम ने परीक्षा फार्म भरते समय बरती जाने वाली सावधानियों एवं पाठ्यक्रम से सम्बन्धित विषयों के बारे में विस्तार से समझाया। संचालन कर रहे वाणिज्य विभाग के प्रवक्ता विनय कुमार बाथम ने छात्र-छात्राओं के हित में एन.ई.पी.-2020 एवं परीक्षा से सम्बन्धित जानकारी पर विस्तार से प्रकाश डाला। वाणिज्य विभाग के प्रवक्ता प्रियान्तु सिन्हा ने महाविद्यालय के इतिहास के बारे में छात्र-छात्राओं को अवगत कराते हुए यह भी बताया कि इस वर्ष बी.कॉम. प्रथम सेमेस्टर में 180 सीटों पर प्रवेश पूर्ण होने के पश्चात 33 प्रतिशत अतिरिक्त सीटे छात्र-छात्राओं के अनुरोध पर विश्वविद्यालय द्वारा बढ़ायी गयीं हैं। इन अतिरिक्त सीटों पर भी प्रवेश लगभग पूर्ण होने वाले हैं। वाणिज्य विभागाध्यक्ष ने सभी का आभार व्यक्त किया।



कार्यक्रम में मौजूद प्राध्यापक व विद्यार्थी

# छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार मंगलवार को सेण्ट पाल्स ब्राइटन एकेडमी बंधा बंधौआ नेकपुर में एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा यातायात नियमों के प्रति जागरूकता अभियान के तहत शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण तथा छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

छात्रों को सड़क सुरक्षा से संबंधित आवश्यक जानकारियां दी गयीं और यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने का सबसे प्रभावी उपाय यही है कि सभी यातायात नियमों का पालन करें। इसी के साथ उन्होंने बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति एवं अपने लक्ष्य को सामने रख कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। एआरटीओ-प्रवर्तन ने बताया कि 16 वर्ष से कम आयु के छात्र/छात्राओं द्वारा 50 सीसी से अधिक इंजन क्षमता की मोटर साइकिल अथवा चार पहिया वाहन चलाये जाने के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। बिना वैध ड्राइविंग लाइसेन्स के विद्यार्थियों के द्वारा वाहन चलाये जाते पाये जाने पर चालान के साथ-साथ संरक्षक/मोटरवाहन स्वामी के विरूद्ध मोटर वाहन संशोधन अधिनियम, 2019 की धारा-199क के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी, जिसके अन्तर्गत प्राविधान है कि किसी किशोर द्वारा मोटरवाहन अपराध में किशोर के संरक्षक/मोटरवाहन के स्वामी को ही दोषी मानते हुये दण्डित किया जाये। संरक्षक/मोटरवाहन के स्वामी को 03 वर्ष तक कारावास तथा 25 हजार रू0 तक का जुर्माना आरोपित किया जा सकता है तथा अपराध में प्रयुक्त वाहन का पंजीयन 01 वर्ष की अवधि के लिये निरस्त कर दिया जायेगा तथा ड्राइविंग लाइसेन्स 25 वर्ष की आयु पूर्ण करने के उपरान्त ही बन सकेगा। विद्यालय के डायरेक्टर रोजीशन विश्वासी ने सभी विद्यार्थियों को परिवहन नियमों का पालन करने एवं अपने माता-पिता के साथ इसकी जानकारी साझा करने के लिए प्रेरित किया।



छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाते एआरटीओ प्रवर्तन

विद्यालय प्रबंधिका रोहतानी विश्वासी ने भी सभी लोगों को संबंधित नियमों का पालन करने एवं अपने आप को सुरक्षित रखने पर जोर दिया। विद्यालय के बच्चों, शिक्षक, कर्मचारियों तथा चालक/परिचालकों ने उपस्थित रहकर यातायात नियमों का पालन करने की शपथ ली कि वे सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का पालन करेंगे, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग करेंगे तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। प्रधानाचार्य डॉ. अवधेश यादव ने छात्रों से सुरक्षित यातायात की दिशा में जिम्मेदार नागरिक बनने का संकल्प लेने का आवाह्न किया।

# नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में नहीं आये जनहित के प्रस्ताव: न. पं.अध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत कार्यालय पर नगर पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में बोर्ड की बैठक सम्पन्न हुई। बोर्ड की बैठक में 13 सदस्यों ने ही प्रतिभाग किया, जिसमें से भी 11 सदस्यों ने बैठक का बष्किार कर जमकर नारेबाजी की। इसके चलते कोई भी प्रस्ताव पारित नहीं हो सका। नवाबगंज नगर पंचायत बोर्ड की बैठक पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में 13 सदस्यों ने ही प्रतिभगा किया। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत व अधिशासी अधिकारी प्रमोद कुमार ने सभी सदस्यों से विकास कार्य कराए जाने के लिए प्रस्ताव मांगे। जिस पर किसी भी सदस्य ने कोई भी प्रस्ताव नहीं दिया। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत ने बताया कि किसी भी सदस्य ने अपने वार्ड में जनहित में काम करने के लिए कोई प्रस्ताव नहीं दिया। सभी सदस्यों ने अपने-अपने हितों को ध्यान में रखते मांग पत्रों को रखा। जिस पर चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि बोर्ड के 16 सदस्यों में 13 सदस्यों ने ही प्रतिभाग किया, जबकि तीन नदारात रहे। गायब सदस्यों से जानकारी की गई तो पता चला कि तीनों किसी कार्य से बाहर गये हुए है। बोर्ड की बैठक में 13 सदस्यों में भी 11 सदस्य बोर्ड की बैठक का बहिष्कार करते हुए बैठक हाल से बाहर चले गये और बाहर आकर जमकर नारेबाजी की। इस संदर्भ में अधिशासी अधिकारी प्रमोद कुमार से जानकारी की तो उन्होंने बताया कि बोर्ड की बैठक हुई थी। जिसमें 13 सदस्यों ने प्रतिभा किया, लेकिन कोई प्रस्ताव पारित नहीं हो पाया। इसलिए बैठक को अग्रिम कार्रवाई के लिए आगे बढ़ा दिया गया और अगली बैठक में प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत ने बताया कि जो भी सदस्य प्रस्ताव लाये थे, वह जनहित से नहीं थे, वह निजी स्वार्थ से जुड़े थे, इसलिए कोई प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये गये। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी प्रमोद कुमार, वरिष्ठ लिपिक विकास गंगवार, हितांशु गंगवार तथा वार्ड सदस्य शिवमंगल सिंह, पुष्पेंद्र सिंह यादव, कुलदीप कुमार राजपूत, पवन कुमार सूर्यवंशी, रंजीत बानो, शीतल देवी, भूपेंद्र सिंह, रामवती, आरती देवी, पूजा राठौर, बृजमोहन सिंह, सुजाता शाक्य आदि लोग मौजूद रहे।



बैठक लेते नगर पंचायत अध्यक्ष

# मानव जीवन के लिए गौमाता पूजनीय

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आर्य समाज कमालगंज के तत्वावधान में संचालित श्रावणी वेद प्रचार अभियान के अंतर्गत खुदागंज क्षेत्र के गांव सिलार चौरा में वैदिक सत्संग का आयोजन हुआ। सामूहिक यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें आहुतियां डालकर ग्रामीणों ने परमेश्वर से सुख संवृद्धि की कामना की। यज्ञ के उपरांत विद्वानों ने गौ माता के उपकारों से जनमानस को अवगत कराया। आचार्य संदीप आर्य ने कहा कि वेदों में गौ माता (गाय) को अत्यन्त पवित्र, उपयोगी और मानव जीवन के लिए आवश्यक बताया गया है। ऋग्वेद, अथर्ववेद, यजुर्वेद और सामवेद-सभी में गौ की महत्ता का वर्णन मिलता है। शास्त्रों में गाय का दूध, घी, दही, मक्खन और छाछ को अमृत तुल्य बताया गया है। इससे शरीर बलवान होता है और बुद्धि का विकास होता है। घी और दूध का प्रयोग वेदों में यज्ञ-हवन में अनिवार्य माना गया है, क्योंकि यह वातावरण को शुद्ध करता है और देवताओं की प्रसन्नता का कारण बनता है। यजुर्वेद कहता है कि गावो विश्वस्य मातरः अर्थात गाय सम्पूर्ण विश्व की माता है। वेदों में गाय को केवल एक पशु न मानकर अघ्न्या जिसे कभी न मारा जाए कहा गया है। उन्होंने कहा कि आर्य समाज अपने आरंभकाल से ही गौ संरक्षण के लिए कार्य कर रहा है। स्वामी दयानंद सरस्वती पहले सन्यासी थे, जिन्होंने गौरक्षा के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया था। घनश्याम आर्य ने कहा कि अथर्ववेद में गाय को घर की समृद्धि का मूल बताया गया है। प्राचीन समाज की अर्थव्यवस्था में गाय धन का प्रतीक थी। गाय के दूध, मूत्र और गोबर को औषधीय दृष्टि से अत्यंत उपयोगी बताया गया है। रमेश आर्य ने कहा कि यजुर्वेद में यह स्पष्ट निर्देश है कि गौ का वध करने वाले को दंडित करना चाहिए, परंतु आज लचर कानून व्यवस्था का फायदा उठाकर अपराधी खुलेआम गौ हत्या कर रहे हैं। आचार्य सतीश देव ने कहा कि वेदों में गौ को केवल एक पशु न मानकर माता, धन, आरोग्य और यज्ञीय समृद्धि का आधार माना गया है। इस मौके पर महेंद्र सिंह, गुड्डू, शैलेन्द्र, सुरेश, जगदीश आर्य, श्याम सिंह आदि उपस्थित रहे।



हवन में आहूतियां देते ग्रामीण

# गणेश महोत्सव आज से शुरु, घर-घर बिराजेगें विघ्नहर्ता

**ढोल नगाड़े के साथ ले गये भक्तगण**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विघ्नहर्ता गणेश महोत्सव या गणेश चतुर्थी भगवान गणेश के जन्मोत्सव का एक प्रमुख हिन्दू त्योहार है, जो बाधाओं को दूर करने वाले देवता, विघ्नहर्ता, गणेश के प्रति श्रद्धा और उत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस उत्सव में गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की जाती है, जिनकी नौ दिनों तक पूजा-अर्चना की जाती है, और अंत में गणेश जी को विसर्जित कर दिया जाता है, लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने 1893 में इस उत्सव को सभी जातियों और धर्मों को एक साथ लाने के उद्देश्य से एक सार्वजनिक मंच के रूप में प्रस्तुत किया था। मंगलवार को आवास विकास फतेहगढ़ रोड पर गणेश प्रतिमाओ की बिक्री जोरों पर रही। 125 रुपये से लेकर 21 हजार रुपये तक की गणेश जी की मूर्ति उपलब्ध रही। 27 अगस्त बुधवार को विघ्नहर्ता विराजेगें। शहर के विभिन्न पाण्डालों व घरों में गणेश प्रतिमा स्थापित की जायेंगी और नौ दिनों तक उनका पूजन होगा।



गणेश मूर्ति की खरीददारी करते भक्त

श्रद्धा के इस उल्लास में सभी लोग धूमधाम से गणेश उत्सव मनायेंगे। प्रत्येक वर्ष भी इस वर्ष भी गली, तिराहे, चौराहों के अलावा भी मंदिरों में एवं पाण्डालों में गणेश की प्रतिमा विराजमान की जायेगी। सुबह से ही पूजा अर्चन के साथ प्रतिमा का विराजमान होगा। सनातन धर्म में सभी देवी-देवताओं में प्रथम भगवान के रुप में गणेश जी का पूजन सबसे पहले होता है। गणेश पूजन के बाद ही आगामी वर्ष के सभी त्यौहार आते है। मान्यता है कि गणेश पूजन से सुख-समृद्धि के साथ-साथ मां लक्ष्मी की भी कृपा बरसती है।

इसका असर दीपावली के दिन दिखायी पड़ता है। जो मनोकामनायें पूर्ण करने के लिए गणेश जी की प्रतिमा स्थापित करते है उनके सभी संकट बप्पा हर लेते है। पूरे दिन गाजे-बाजे के साथ गणेश प्रतिमा को घर व पाण्डालों में ले जाने का दौर चलता रहा। भक्तगण बड़ी उल्लासपूर्वक गणेश की प्रतिमा लेकर पहुंचे।

# स्व. डॉ. भूपेन्द्र नाथ सरीन का धर्म गुरुओं के साथ मनाया जन्मदिन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

डॉ. रजनी सरीन नर्सिंग होम पर डॉ. भूपेंद्र नाथ सरीन का 79वां जन्म दिवस सर्व धर्म गुरुओं के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन पुष्पांजलि के साथ धर्म सभा के साथ प्रारंभ हुआ। सुरेंद्र पांडेय, जयराम पादरी, ज्ञानी मंगल सिंह, सूफी संत पप्पन मियां सभी धर्म गुरुओं ने अपने-अपने ढंग से प्रार्थना करके लोक कल्याण समृद्धि की कामना की। उपस्थित लोगों ने कहा कि स्वर्गीय डॉ. सरीन बहुत ही सरल स्वभाव के साधारण व्यक्तित्व वाले बड़े व्यक्ति थे। समाज सेवा उन्होंने कभी दिखाकर नहीं की बल्कि गुप्त रूप से समाज सेवा करने में उनका कोई शानी नहीं रहा। उन्हीं के बताए रास्ते पर चलकर उनकी पत्नी समाज सेवी चिकित्सक डॉ. रजनी सरीन साहित्य और समाज की सेवा में लगी हुई हैं उनके बेटे और बेटी देश और विदेश में चिकित्सा में अपने आयाम स्थापित कर रहे हैं। धर्म गुरुओं को सम्मानित किया गया। मुस्लिम धर्मगुरु पप्पन मियां वारसी, ईसाई धर्मगुरु पादरी किशन मसीह, सिख धर्म गुरु गुरुद्वारा गुरु सिंह साहब लोहाई रोड के ज्ञानी मंगल सिंह पंडित सुरेंद्र पांडेय ने अपने अपने तरीके से दुआएं करके सर्वधर्म समभाव का वातावरण पैदा कर दिया डॉ. भूपेन सरीन के जीवन की यादों को लेकर उनकी स्मृतियों को याद किया और पुष्पांजलि अर्पित की डॉक्टर भूपेन नाथ सरीन अच्छे संगीतकार भी थे वे सदैव दीन दुखियों की सेवा जीवन भर करते रहे। उनके सपनों को साकार डॉ. रजनी सरीन कर रही है। डॉक्टर सरीन सेवा कार्य करती रहती है। पुष्पांजलि सभा में डॉ. अंजली, डॉ. प्रिया, उदय पाल, अजय, विजय, अनिल, रजत, गौरव, छोटू, राहुल, अनुभव सारस्वत, राधा, नेहा, भूपेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. राजकुमार सिंह, जवाहर सिंह गंगवार, समरेंद्र शुक्ला, अनुराग पांडेय रिंकू, गुंजा जैन, शीश मल्होत्रा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संजय गर्ग ने किया।



जन्मदिवस कार्यक्रम में मौजूद लोग

# रानी अवंतीबाई की जयंती पर 250 मेधावियों को किया गया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय लोधी लोधा लोध महासभा के तत्वावधान में नवभारत सभा भवन में आयोजित वीरांगना अवंतीबाई लोधी की 194वीं जयंती एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि रानी अवंतीबाई लोधी ने देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। ऐसे में सभी लोगों को धर्म सम्प्रदाय को छोड़कर दूसरे बलिदानियों की तरह ही उनकी भी जयंती मनाई जानी चाहिए।

उन्होंने समाज के लोगों से डा0 भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर्व की तरह मनाने के लिए संकल्पित किया।

**नशा मुक्ति अभियान चलाकर बच्चों को शिक्षित बनायें बीएल वर्मा**

उन्होंने कहा कि जैसे मोदी ने कहा कि आप अपनी ऊर्जा लकीर को छोटी करने में न लगाकर लकीर को बड़ी करने में लगाओ, आप लोग सोच को बदलो सितारे बदल जायेंगे। नज़र को बदलो नज़ारे बदल जायेंगे। उन्होंने वीरांगना अवंतीबाई लोधी, गुलाब सिंह लोधी की शौर्य पराक्रम और बलिदान को याद किया और कहा कि आप नशामुक्ति अभियान चलाकर अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाएं, तभी विकास सम्भव है। राष्ट्रीय अध्यक्ष लोधी महासभा व सदर एटा विधायक विपिन वर्मा डेविड ने कहा कि भारतभूमि की आजादी में लोधी समाज का बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने बंथलशाहपुर में लोधी समाज के सगे भाइयों की हत्या पर कहा उस मामले में बहुत चूक हुई है, आगे सर्तक रहना, ताकि ऐसी घटनाओं पर सटीक कार्यवाही हो सके। शाहजहांपुर महापौर अर्चना वर्मा ने कहा रानी अवंतीबाई लोधी के बलिदान को इतिहास को छुपाया गया है। विधायक बिधूना रेखा वर्मा ने कहा नारी सशक्तिकरण पर महिलाओं को अवंतीबाई लोधी की तरह सशक्त साहसी बनने को प्रेरित किया। प्रदेश अध्यक्ष उत्तम चंद राकेश लोधी ने कहा कि जनपद से एक लोधी विधायक होना चाहिए। पूर्व सांसद प्रो0 रामबक्स सिंह वर्मा ने कहा सर्व समाज को साथ लेकर व समाज समाज की एकजुटता पर बल दिया। पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत ने कहा लोधी समाज की कई दूकानें चल रही हैं, समाज का एक संगठन होना चाहिए और कहा अयोध्या आप लोग जाओ वहां देखो कि मंदिर निर्माण में अग्रणी रहे समाज के बाबू जी कल्याण सिंह, साक्षी महाराज, उमाभारती का कोई नामोनिशान आया है। प्रदेश महामंत्री परशुराम वर्मा को प्रदेश कार्यकारिणी का अध्यक्ष बनाया गया।



बीएल वर्मा व डेविड को सम्मानित करते समिति के लोग



कार्यक्रम में मौजूद समाज के लोग

वहीं 250 मेधावी विद्यार्थियों को मेडल प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया गया। अध्यक्षता रामगोपाल वर्मा व संचालन मातादीन लोधी ने किया। समारोह में प्रदेश प्रभारी हरिपाल सिंह लोधी, क्रांति लोधी, जितेन्द्र लोधी, राकेश लोधी, जिलाध्यक्ष महेशचंद्र राजपूत, रामलड़ैते राजपूत, डॉ. धर्मेन्द्र राजपूत, पंकज राजपूत, अजय सिंह फौजी, प्रेमपाल सिंह, अरविन्द राजपूत, रामसेवक राजपूत आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## प्राथमिक शिक्षक संघ एरियर फारवर्ड की जानकारी उपलब्ध कराने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भूपेश प्रकाश पाठक ने अपने शिक्षक साथियों के साथ समस्याओं को लेकर वित्त लेखाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि महानिदेशक स्कूली शिक्षा उत्तर प्रदेश के बैठक का कार्य दिनांक 17 जून के अनुपालन में जनपद के समस्त बीईओ के स्तर से अवशेष देयको के साथ स्पष्ट अपेक्षा की गई है एरियर फारवर्ड करते समय उल्लेख करना चाहिए कि मेरे कार्यालय से संबंधित के अभिलेखों से मिलान कर लिया गया है तथा ब्लाक स्तर से एक नियत समय में बीईओ द्वारा अग्रसरित करने के आदेश किये जाये। मानव संपदा पोर्टल पर उपस्थिति लॉक न होने या किसी कारणवश अनाधिकृत अस्वीकृत अवकाश होने पर ब्लाक स्तर से सक्षम व्यक्ति द्वारा माह की 23 तारीख को बीआरसी ग्रुप पर सूचित किया जाना चाहिए। एक दिवसीय वेतन कटौती संबंधित प्रकरणों में महानिदेशक के १७ जून कार्यव्रत के अनुसार कर्मचारी की एक दिन की अनुपस्थिति पर उसके खाते से उपलब्ध आकाशिमक अवकाश से पूर्ति करते हुए वेतन कटौती न की जाये। सभी मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग की गई है। इस मौके पर शिक्षक संजय कुमार राठौर, दिनेश कुमार मिश्रा, धीरेन्द्र सिंह, प्रदीप कुमार चतुर्वेदी, गोविन्द पाण्डेय आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### ग्राम पंचायत सदस्य ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर प्रधानाध्यापक के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम हर्रा के वार्ड संख्या चार के ग्राम पंचायत सदस्य कृष्णकांत दुबे ने मंगलवार को मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर आरोप लगाया है की बीते 22 अगस्त को ग्राम प्रधान कमलेश कोल के निर्देश पर ग्रामीणों की शिकायत पर प्राथमिक विद्यालय धमौली पहुंचा तो 11.30 बजे तक प्रभारी प्रधानाध्यापक सहित सहायक अध्यापक अनुपस्थित थे। जिसका वीडियो बनाकर शिक्षा विभाग के अधिकारियो से बात किया। मौके पर पहुँचे प्रभारी प्रधानाध्यापक ने मौके पर पहुंचकर नाराज होकर डायल 112 पर शिकायत कर पुलिस को बुला लिया और मुझे थाने पर बुलाकर शिक्षक संघ के अध्यक्ष के साथ थाने पर पहुंचकर थाने पर बेज्जत कराया। पीड़ित ग्राम पंचायत सदस्य ने आरोप लगाया है कि प्रभारी प्रधानाध्यापक पर एमडीएम में घोटाला करने पर खंड विकास अधिकारी हलिया विजय शंकर त्रिपाठी व मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग किया है।

### वृद्धा ने गंगा में लगाई छलांग नाविकों ने बचाई जान

**चेतगंज (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** चील्ह थाना क्षेत्र के चील्ह गांव स्थित गंगा घाट पर मंगलवार की दोपहर एक वृद्धा ने गंगा में छलांग लगा दिया। दो सौ मीटर दूर मछली पकड़ रहे नाविकों ने डूब रही वृद्धा को बचा लिया। पुलिस ने वृद्धा को उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। जिगना थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 60 वर्षीय महिला दोपहर लगभग एक बजे चील्ह गांव स्थित गंगा घाट पर पहुंची। महिला ने घाट पर अपना चप्पल और झोला रख दिया। उसके बाद आत्महत्या करने की नीयत से गंगा में छलांग लगा दिया। महिला गंगा के गहरे पानी में चले जाने से डूबने लगी। तभी महिला को गंगा में डूबते देख आस-पास मौजूद लोग शोर मचाने लगे। शोर सुनकर लगभग दो सौ मीटर दूर मछली पकड़ रहे नाविक गोलू साहनी अपनी नाव लेकर पहुंचे और डूब रही महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना देते हुए महिला को थाने पहुंचाया। पुलिस की पूछताछ में महिला ने बताया कि पारीवारिक कलह से क्षुब्ध होकर गंगा में कूदकर आत्महत्या करना चाह रही थी, लेकिन नाविक ने बचा लिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष विजय शंकर सिंह ने बताया कि घरेलू कलह से परेशान महिला आत्महत्या की नीयत से गंगा में कूद गई थी। जिसे नाविक ने बचा लिया है। महिला को सुरक्षित उनके परिजनों को सौंप दिया गया है।

### सर्प के डंसने से महिला अचेत



**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अहुगी खुर्द गांव में मंगलवार की दोपहर बोर बेल का दरवाजा खोलते समय महिला के दाहिने हाँथ में जहरीले सर्प ने डंस लिया। जिस पर महिला ने घर आकर सर्प डंस की बात परिजनों को बताई और अचेत हो गई। परिजनों द्वारा महिला को उपचार के लिए हथेड़ा गांव स्थित एक चिकित्सक के पास लेकर आए जंहा पर चिकित्सक द्वारा महिला दवा पिलाया। दवा पिलाने के बाद महिला की हालत में सुधार हुआ है। थाना क्षेत्र के अहुगी खुर्द गांव निवासी सुरेश गुप्ता की 35 वर्षीय पत्नी शांति देवी घर से कुछ दूर स्थित बोर बेल कमरें का दरवाजा खोल रही थीं की दरवाजा पर बैठे सर्प ने महिला के दाहिने हाँथ में डंस लिया। महिला ने सर्प को देखकर घर आकर घटना की जानकारी अपने परिजनों को दिया और अचेत हो गई। परिजनों द्वारा महिला को उपचार के लिए हथेड़ा गांव स्थित चिकित्सक डॉक्टर विजेंद्र सिंह बनारस वाले के पास उपचार के लिए लेकर आए जंहा पर चिकित्सक द्वारा महिला को दवा पिलाया गया। दवा पिलाने के बाद महिला की हालत में सुधार हुआ है।

# यूपी में बुजुर्ग की पिटाई का तमाशा देखने वाले 13 पड़ोसी पहुंचे जेल

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

मिर्जापुर जनपद के हलिया थाना क्षेत्र के गांव में एक बुजुर्ग की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में बहू और बेटे बेरहमी से पिता को पीटते नजर आ रहे हैं। डंडों के साथ ही लात-घूंसों से भी पिटाई की जा रही है। इस दौरान वह आसपास खड़े लोग इस तमाशे को चुपचाप देखते भी वीडियो में नजर आ रहे हैं।

पुलिस ने इस वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए 15 आरोपियों को जेल भेज दिया क्या है। पूरा मामला दरअसल, वायरल वीडियो में बहू और बेटे डंडे से बुजुर्ग को बेरहमी से पीटते नजर आ रहे हैं। पूरा मामला हलिया थाना क्षेत्र के परसिया गांव का है। जहां के रहने वाला बुजुर्ग राम आसरे को पारिवारिक कलह के चलते बेटा



सियाराम मौर्य और बहू रीना लाठी डंडे लात घूसे से वीडियो में पीटते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में कुछ लोग चुपचाप तमाशा देखते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को लेकर सोशल मीडिया पर यूजर तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं। आरोप है कि बुजुर्ग को काफी देर तक पीटा गया।

वायरल वीडियो करीब 3.30 मिनट का बताया जा रहा है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि पारिवारिक कलह के चलते बुजुर्ग को बेटे और बहू काफी देर तक पीटते रहे थे। पुलिस ने वीडियो को संज्ञान में लेकर जांच की थी। तमाशबीन निपट गए पुलिस ने इस मामले में कुल 15 लोगों के खिलाफ शांतिभंग में चालान किया है। इसमें बहू बेटे के साथ ही 13 पड़ोसी शामिल है। सभी को जेल भेज दिया गया है। तमाशा देखने में पुलिस की कार्रवाई का इस तरह का मामला काफी समय बाद सामने आया है। यह मामला जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है बुजुर्ग की पत्नी ने दर्ज कराई रिपोर्ट इस मामले में बुजुर्ग की पत्नी महुरी देवी ने हलिया थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर बहू बेटे समेत तमाशबीन बने 13 अन्य लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शांतिभंग के अंदेशा में कुल 15 लोगों को जेल भेजा गया है। सभी को कोर्ट में पेश किया गया है।

# एडीओ पंचायत सचिव के मिली भगत से हुआ बड़ा खेल

- सचिव ने ट्रांसफर पोस्टिंग और कलस्टर बदलने के बाद अवैध रूप से निकाला लाखों रुपए
- डी एक्टिववेट डोंगल को कराया एक्टीवेट निकाल लिया लाखो रुपए

**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के सीखड़ विकास खंड में सचिव द्वारा लाखों रुपए गमन करने का मामला प्रकाश में आया है। कलस्टर बदलने के बाद भी एक दिन में अलग अलग मद से कार्य को दिखा कर ग्राम सभा में बिना कार्य कराए ही लाखों रुपए गमन करने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार डीपीआरओ संतोष कुमार द्वारा सीखड़ ब्लाक के कलस्टर बिदापुर में तैनात सचिव सत्येंद्र कुमार यादव का 13 जून को सीखड़ से नरायनपुर विकास खंड के लिए ट्रांसफर कर दिया था। बीडीओ सीखड़ ने सचिव को 11 जुलाई को कार्य मुक्त कर दिया और इसके डोंगल को भी बंद कर दिया गया।सचिव ने डीपीआरओ के यहां जुगाड़ लगा कर ट्रांसफर रोकवाने में सफल हुआ और पुनः सीखड़ में जमे रहने का आदेश लेकर आ गए। इनका डोंगल भी बंद था और सचिव का कलस्टर बदल कर बिदापुर से मगरहा कलस्टर कर दिया गया। इसके बावजूद सचिव सत्येंद्र कुमार यादव ने एडीओ पंचायत अरुण कुमार मिश्रा के मिली भगत से बंद डोंगल को एक्टिववेट कराने और नियम विरुद्ध पूर्व में रह चुके कलस्टर वाले ग्राम पंचायत पसियाही, धन्नुपुर, धनैता आदि ग्राम सभाओं से 17 अगस्त को एक दिन में अलग अलग मदो से करीब लगभग 6 से 7 लाख रुपए निकाल लिया। जो भ्रष्टाचार कि श्रेणी में आता है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सचिव द्वारा गलत ढंग से निकाले गए सरकारी पैसे कि जांच करा कर सचिव के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने कि मांग किए हैं। वही खंड विकास अधिकारी सीखड़ श्रीराम मिश्रा ने बताया कि इसकी जानकारी नहीं है जांच होगी तो पता चल जाएगा।

### आपसी भाईचारे के साथ मनाएं बारावफात : थानाध्यक्ष



**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना परिसर में मंगलवार की शाम बारावफात को शांतिपूर्ण तरीके से सकुशल सम्पन्न कराने के लिए थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में दोनों समुदाय के लोगो के साथ शांति समिति की बैठक कर दोनों समुदाय के लोगो से शांतिपूर्ण तरीके से बारावफात मनाने की अपील किया है। कहा की शांति व्यवस्था व आपसी सौहार्द में व्यवधान उत्पन्न करने वालो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किया जायेगा। इस दौरान एसआई श्यामलाल, सुरेंद्र कुमार, महेंद्र प्रताप यादव, विजेंद्र पाण्डेय, प्रशांत कुमार दुबे, शशिकांत सिंह, रसीद खान, सावीर अली, कुतबुद्दीन, मुन्ना अली, कलीम आदि मौजूद रहे।

### थाना क्षेत्र में पड़ने वाले बैंकों का एसआई ने किया निरीक्षण



**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मिर्ज़ापुर सोमेन बर्मा के निर्देशन मे मंगलवार को हलिया थाने के एसआई श्याम लाल द्वारा हलिया थाना क्षेत्र में पड़ने वाले भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, यूपी ग्रामीण बैंक की चेकिंग की गयी।

बैंक मे लगे सीसीटीवी कैमरा, इमरजेंसी अलार्म सिस्टम को चेक कर एटीएम, बैंक व बैंक परिसर के आसपास संदिग्ध व्यक्तियो व वाहनो की चेकिंग की गयी। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की उच्च अधिकारियो के निर्देश पर थाना क्षेत्र में पड़ने वाले बैंको में पहुंचकर पुलिस कर्मियों ने निरीक्षण किया गया है।

## खेत में टूटकर लटकते हाईटेंशन तार में प्रवाहित करंट से झुलसा किसान



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के भैंसोड़ जेर निवासी एक किसान मंगलवार को सुबह खेत में खाद छीटते समय ऊपर टूटूकर लटक रहे बिजली के ग्यारह हजार बोल्ट के हाई टेंशन तार में प्रवाहित हो रहे बिजली के करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गए। जानकारी होने पर पहुंचे परिजन आसपास के लोगों की मदद से उन्हें एंबुलेंस सेवा वाहन 108 से पीएचसी हलिया ले गए। जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद किसान को मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया। भैंसोड़ जेर निवासी नंदू कोल (70) मंगलवार को सुबह घर से कुछ दूर अपने धान की फसल में यूरिया खाद छीटने गए थे। खाद छीटते समय नंदू सिर के ऊपर टूटकर लटक रहे ग्यारह हजार बोल्ट के हाई टेंशन बिजली के तार का ध्यान नहीं दे पाए और तार में प्रवाहित हो रहे बिजली के करंट की चपेट आकर गंभीर रूप से झुलस गए। इसकी जानकारी मिलने के बाद नंदू की पत्नी गुलाब कली मौके पर पहुचीं। जिसके बाद नंदू को ग्रामीणों की मदद से इलाज के लिए पीएचसी हलिया ले जाया गया। लेकिन वहां हालत गंभीर देख चिकित्सक विवेक खरे ने प्राथमिक उपचार के बाद नंदू कोल को मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। हलिया पीएचसी में इलाज कर रहे चिकित्सक डा विवेक खरे ने बताया कि बिजली के करंट से झुलसे किसान की हालत गंभीर देख उन्हें मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

### रसोईयां की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**राजगढ़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के नदिहार गांव स्थित निराश्रित पशु आश्रय केंद्र के समीप से गुजरे रेलवे लाइन पर सुबह मालवाहक ट्रेन की चपेट में आने से एक 52 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मालवाहक चालक ने घटना की सूचना लूसा रेलवे स्टेशन मास्टर को दी। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आस-पास के लोगों से पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस ने सोशल मीडिया के माध्यम से शव की पहचान कराने का प्रयास किया। दोपहर सोशल मीडिया पर शव की फोटो देख क्षेत्र के सतौहा गांव निवासी महेंद्र कुमार राजगढ़ थाने पहुंचे। उन्होंने शव की पहचान चाचा सतौहा गांव निवासी प्रवीण कुमार के रुप में की। महेंद्र ने बताया कि मृत प्रवीण कुमार 40 वर्षों से उनके साथ रहते थे। वें बलेहरा ढ़ाबा पर रसोईयां का काम करते थे। मंगलवार की सुबह वह घर से ढ़ाबा पर जाने के लिए निकले थे। इस संबंध में राजगढ़ थानाध्यक्ष रणविजय सिंह ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हुई है। शव की पहचान कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रथम दृष्टया रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से मौत प्रतीत हो रहा है।

## साधन सहकारी समिति भटवारी डिघिया में बना शौचालय अधूरा



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

साधन सहकारी समिति भटवारी डिघिया के सामने समिति पर आने वाले किसानों के सुविधाओं के लिए ग्राम पंचायत हलिया द्वारा दो नग शौचालय एक पुरुष व एक महिला शौचालय का निर्माण कार्य कराया गया है। लेकिन शौचालय का निर्माण कार्य पूरा नहीं होने से शौचालय शोपीस साबित हो रहा है। ग्राम पंचायत द्वारा शौचालय में पानी की आपूर्ति नहीं कराया है। साथ ही महिला शौचालय में टाइल्स नहीं लगाया गया है। शौचालय क्रिया शील नहीं होने के कारण किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी महिला किसानों को हो रही है। शौचालय क्रियाशील नहीं होने से महिला किसानों को खुले में जाना पड़ रहा है जबकि शौचालय के निर्माण कार्य के लिए धनराशि आहरित कर लिया गया है। इसके बाद भी शौचालय का निर्माण कार्य पूरा नहीं कराया गया है। स्थानीय लोगों ने शौचालय को क्रियाशील कराने की मांग किया है जिससे किसानों को परेशान ना होना पड़े। इस संबंध में एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव ने बताया कि अगर शौचालय शोपीस साबित हो रहा है तो जो भी कमियां होगी उसे दूर कराकर शौचालय को क्रियाशील कराया जाएगा।

## क्रिटिकल केयर अस्पताल का डीएम ने किया निरीक्षण

- निर्माण में देरी पर जताई नाराजगी, 15 दिन में काम पूरा करने के दिए निर्देश



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी महराजगंज संतोष कुमार शर्मा ने जिला अस्पताल में निर्माणाधीन 50 शैय्या के क्रिटिकल केयर अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रीन जोन, लिफ्ट लॉबी, एग्जामिनेशन रूम, आईसीयू कक्ष और आइसोलेशन कक्ष का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य में देरी पर नाराजगी जताते हुए कॉन्ट्रैक्टर को 15 दिन के अंदर काम पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही विलंब के लिए जुर्माना लगाने की बात कही। उन्होंने फायर फाइटिंग, विद्युत कार्य और जल संयोजन में गुणवत्ता सुनिश्चित करने को कहा। सीएमएस को भवन निर्माण की गुणवत्ता जांच के लिए जिलास्तरीय तकनीकी समिति बनाने का निर्देश दिया गया। यूपीपीसीएल के सहायक अभियंता को 33 केवी का ट्रांसफार्मर शीघ्र लगवाने को कहा गया। तीन मंजिला इस अस्पताल की लागत 15.85 करोड़ रुपए है। यहां गंभीर और संक्रामक रोगों के मरीजों का इलाज होगा। जिलाधिकारी ने छत का निरीक्षण कर जल जमाव रोकने के निर्देश दिए, जिससे भविष्य में सीलन की समस्या न हो।

# फुरसतपुर बाजार की जर्जर सड़क बनवाने को लेकर डीएम से विधायक ने की मुलाकात

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने मंगलवार को सैकड़ों ग्रामीणों के साथ जिलाधिकारी महराजगंज संतोष शर्मा से मुलाकात की। मुलाकात का मुख्य विषय बरगदवा राजा के फुरसतपुर बाजार की सड़क निर्माण का रहा। विधायक ने बताया कि यह वन विभाग की सड़क है। स्थानीय ग्रामीण वर्षों से इस सड़क से अपना व्यवसाय करने के लिए आते जाते है और अपना व्यवसाय संचालित करते आ भी रहे हैं। वन विभाग इसकी नीलामी भी करता है। यह मार्ग स्थानीय ग्रामीणों और वनटांगिया समुदाय के लिए व्यापारिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है।

**बरसात में बद से बदतर हो जाती है सड़क:-** बरसात में इस सड़क की हालत बद से बदतर हो जाती है,



जिससे लोगों का आवागमन के साथ साथ व्यवसाय भी बाधित हो जाता है। रोजाना हजारों लोगों के आवागमन वाली इस सड़क की स्थिति जर्जर है। इससे दुकानदारों और आम लोगों को परेशानी होती है। बरसात में स्थिति और भी खराब हो जाती है। विधायक ने जिलाधिकारी से आग्रह किया कि वन विभाग से समन्वय कर जल्द कार्ययोजना बनाई जाए। उन्होंने कहा कि अगर वन विभाग सड़क नहीं बनाता है तो वे विधायक निधि से इसका निर्माण करा देंगे। या फिर निधि वन विभाग को दे देंगे ताकि वह खुद निर्माण करा सके। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि वे लंबे समय से इस सड़क के निर्माण की मांग कर रहे थे। विधायक की इस पहल से उन्हें उम्मीद जगी है। कार्यक्रम में प्रधान पारीखन गुप्ता, राम सवार यादव, डॉ धर्मेंद्र मौर्य, शशिकांत यादव, प्रदीप भारती सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

### मार्ग दुर्घटना में दो गंभीर रूप से घायल

**हालत नाजुक देख प्राथमिक उपचार के बाद जिला स्पताल रेफर**

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** पुरन्दरपुर थाना क्षेत्र के रनियापुर में एन एच 24 हाईवे पर बोलेरो व दो पहिया वाहन बुलेट में टक्कर हो गई जिसमें बुलेट सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को स्थानीय लोगों द्वारा इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी फरेन्दा पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज कर हालत गंभीर देखते हुए जिला चिकित्सालय महाराजगंज रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार पुरंदरपुर थाना क्षेत्र के रनियापुर के पास एन एच 24 हाईवे पर एक बोलेरो एवं बुलेट में टक्कर हो गई जिसमें बुलेट सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों घायलों को स्थानीय लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी फरेंदा पहुंचाया जहा चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज कर हालत गंभीर देखते हुये जिला चिकित्सालय महाराजगंज रेफर कर दिया दोनों घायल ग्राम सभा काशी राम महादेवा निवासी सुनील उम्र 45 वर्ष ,सूरज उम्र 35 वर्ष बताये जा रहे हैं।

## अश्वनी मिश्र रामलीला कमेटी बेलन बरौधा के अध्यक्ष



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के बेलन बरौधा स्थित पीडब्लूड़ी विभाग के डाक बंगला में मंगलवार को हुई स्थानीय नागरिकों की बैठक में बेलन बरौधा के पुरानी रामलीला कमेटी का गठन सर्वसमति से किया गया है। जिसमें रामलीला कमेटी के संरक्षक इंद्र देव मिश्रा उर्फ लाला, अध्यक्ष अश्वनी मिश्रा, संचालक शांतनु मिश्रा उपाध्यक्ष अशोक मिश्रा, गुलाब चंद्र केशवरवानी, प्रदीप केशरवानी, निरंजन पाण्डेय, जीतेन्द्र मिश्रा, कोषाध्यक्ष मूलचंद्र सोनी, दीपचंद्र सोनी, रमेश मोदनवाल, रामचंद्र सोनी, मुरारी सेठ, मुनि मिश्रा, उदय नारायण मिश्रा,प्रभात मिश्रा, शशिदेव मिश्रा, लक्ष्मण चौरसिया, रमेश गुप्ता, सिद्धार्थ मिश्रा आदि मौजूद रहे रामलीला के मंचन कार्यक्रम की तैयारी पर चर्चा की गई। साथ ही बैठक में रामलीला कमेटी का भी गठन किया गया।

## खुले आसमान के नीचे किसानों ने छुट्टा गोवंशों को बनाया बंधक

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत पुरवा ओसान सिंह के चक कोटार गांव में नहर के बगल वन विभाग के प्लांटेशन में ग्रामीणों ने बांस का बेड़ा बनाकर एक सप्ताह से गोवंशो को बंधक बना रखा है। बारिश व धूप के इन दिनों में छोटे छोटे बछड़े पूरी रात बारिश में भीगकर ठिठुर रहे है न तो इनके लिए छाया की व्यवस्था है और न ही भूसा पानी की समुचित सुविधा है बेसहारा गोवंश की जान पर भी खतरा मंडरा रहा है। जबकि कुछ ही दूर पर जिला पंचायत द्वारा हथेड़ा गांव के पास पशु आश्रय स्थल बनवाया गया है। पूरे ब्लॉक में एक स्थाई व आधा दर्जन अस्थाई पशु आश्रय स्थल का संचालन किया जा रहा है लेकिन हकीकत यह है कि इन छुट्टा गोवंशो तक इन व्यवस्थाओ का लाभ नहीं पहुंच पा रहा है। खुले में भटक रहे है और किसान अपनी फसलों की रखवाली करते करते परेशान है। कही समुचित व्यवस्था नहीं होने पर किसानों ने अपने स्तर से पशुओं को खुले आसमान के नीचे बंधक बनाकर अपनी फसलों की सुरक्षा छुट्टा गोवंशों से कर रहे हैं। किसानों ने जिला प्रशासन से छुट्टा गोवंशों की समुचित व्यवस्था कराने की मांग किया है जिससे किसानों की फसलों की सुरक्षा हो सके। सड़क पर भी छुट्टा गोवंशो का आतंक है जिससे आए दिनों लोग दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। इसी तरह से सिकटा, महुगढ, पंवारी कला, सोनगढा, राजपुर, वीरपुर, सुखड़ा, आहुगी कला आदि गांवों में छुट्टा गोवंशो से किसान परेशान हैं। किसानों ने अपनी फसलों को छुट्टा गोवंशों से सुरक्षित करने की मांग किया है।

यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरा जनः ।
स यत्प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्तते ।।२१।।



श्रेष्ठ पुरुष/महिला जो-जो आचरण यानी जो-जो काम करते हैं। दूसरे मनुष्य आम इंसान भी वैसा ही आचरण, वैसा ही काम करते हैं। वह श्रेष्ठ पुरुष/महिला जो प्रमाण या उदारण प्रस्तुत करता है, समस्त मानव समुदाय भी उसी का अनुशरण करने लग जाते हैं।

जनप्रिय, कर्मनिष्ठ, धर्मनिष्ठ, बृह्मनिष्ठ श्रृद्धेय
**ब्रह्मलीन श्रीमती प्रेमवती गुप्ता**
पत्नी - स्व० महेश चन्द्र गुप्ता

**भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा एवं त्रयोदशी संस्कार**
दिनांक 27 अगस्त 2025,दिन बुधवार, समय अपरान्ह 02 बजे से
स्थान - गंगोत्री गैलेक्सी गेस्ट हाउस, छिबरामऊ (कन्नौज)

आप सभी सादर पधारकर हमें स्नेहासिक्त कर सम्बल प्रदान करें।

शोकाकुल परिजन मो.9454753300


पौत्र
अनुज गुप्ता (जॉनी भईया)


पौत्र
वरुण गुप्ता (गोलू)


पौत्र
मयंक गुप्ता (जैश)


पुत्र
संजीव गुप्ता